॥ श्रीः ॥

भूमिका

विदित होकि इस संसारमें आजकल जैसी लोकोंकी रुचि सुगमता पर है वैसी कठिनता पर नहीं. जैसे कविता के विषय में देखिये. संस्कृत कविता चाहे सर्वोत्कृष्ट चमत्कार युक्त क्यों न हो परन्तु वैसा संस्कृत का ज्ञान व परिपाटी बिलकुल उठजाने के कारण लोक सुगमता समझकर भाषा कविता को ही परमप्रिय और हृदयानन्ददायिनी नव वधूवत् अंगीकार करते हैं; क्योंकि वो संस्कृत कविता व्याकरण साहित्यादि अनेक शास्त्रों की सहायता के बिना सुबोध नहीं, इसी से प्रौढा स्त्री के समान कठिन साध्य और दुष्करतया सेव्य है. इसलिये परमदयालु भाषाकवि स्वामिजी महाराज श्रीगणेशपुरीजी ने बडे परिश्रम के साथ महाभारत के कर्णपर्व का भाषा के दोहा कवितों में ललित और ओजगुण विशिष्ट वीर रस सूचक कविता में वीरविनोद नामक ग्रन्थ निर्माण करके चारण कुलोत्पन्न मरुस्थलान्तर्वर्त्ति मेड़ता प्रान्तगत चारणावास नामक ग्राम में जन्म पाये हुए अपने स्वर्गवासी पिता पद्मसिंहजी के चरण कमलों में अर्पण कर जगत् में अलौकिक पितृभक्ति प्रकट की और वीर रस को प्रत्यक्ष दिखाया.

यद्यपि यह ग्रन्थ पहिले संवत् १९५२ में अजमेर निवासि राजस्थान नामक समाचार पत्र के संपादक समर्थदानजी को छापनेकेलिये दिया गया था और

उन्होंने ४फार्मे छापकर निकाले भी थे परन्तु खुद उक्त स्वामिजीको ही कहीं कहीं पदों में संदेह होनेके कारण फिर दुबारा हम लोकों की सहायता का आलम्बन कर संस्कृत कर्णपर्व से ठीक ठीक मिलाकर उन पदोंको बिलकुल बदल कर ठीक ठीक करदिया बल्कि कहीं कहीं छन्दके छन्दही बदल दिये और स्वमुखसे ही बहुत अच्छी टीका रूप टिप्पणी बनाई जिसमें कि कोई गूढ विषय अलग्न कहीं नहीं रहे और कहीं कहीं विशेष विषय भी रक्खा है जैसे हेमकोश से घोड़े और हाथियों के भेद और बसन्तराजसे शकुनका विषय इत्यादि कई विषय दिखाये हैं.

प्रकाशक पण्डित रामकर्ण
और पण्डित भगवतीलाल.

॥ श्रीरामो जयतितराम् ॥
॥ श्रीदधिमथी विजयते॥

एतद्ग्रन्थप्रकाशकपण्डित
रामकर्णशर्म-संक्षिप्त-वंशवर्णनम्॥

परोपकारैकपरायणोऽभू-
दथर्वसूनुर्भगवान्दधीचिः ॥
तदन्वयेऽभावि महोत्तमेन
ज्योतिर्विदा श्रीरघुनाथनाम्ना ॥१॥

तदात्मजः श्रीबलदेवनामा
विद्वान्महान्भागवतैकनिष्ठः ॥
स्वधर्मपालोतिपरोपकारी
विराजते योधपुरेतिरम्ये ॥ २ ॥

पतिव्रतामूर्धमणिर्वदान्या
धर्मे रता दीनदयार्द्रचेताः ॥
शृङ्गाररूपा सदनस्य साक्षा-
त्तद्धर्मपत्नी सिणगारनाम्नी ॥ ३ ॥

तयोः सुताः सन्ति पञ्च प्राणा इव सुसंमताः॥
रामकर्णाभिधस्तेषां ज्येष्ठो हरिपदे रतः ॥ ४ ॥

श्रीमद्भारतभास्करेतिपदभाग्वेदान्तभट्टाञ्चिता
नानाकाव्यकलाकलापकुशलाःसद्धर्मसंस्थापकाः
विद्यासिंधुसुधांशवोतिकरुणाःश्रीगट्टुलालाभिधा

स्तत्पादाम्बुरुहेषु यस्य सततं चेतो मिलिंदायते ॥
तस्मादवरजास्तेषु श्यामकर्णो महामतिः।
अंते संसेव्य मथुरां जगाम परमां गतिम् ॥६॥
लक्ष्मीनारायणस्तस्मादनुजोस्ति सहोदरः ॥
अनुजौ तस्य गोविन्दकृष्णनारायणाभिधौ ॥७॥
पुत्रवत्स्नेहसंयुक्तौ ज्येष्ठाज्ञावशवर्तिनौ ॥
जगदीशप्रसादेन लभेतां सततं शुभम् ॥ ८ ॥
गुणरसनवचन्द्रेब्दे पौषे शुक्ले त्रयोदशीदिवसे ॥
मुद्रितमेतत्पुस्तं प्रतापयन्त्रालये स्वीये ॥ ९ ॥

॥ श्रीरामो जयतितराम् ॥
॥ श्रीदधिमथी विजयते॥

एतद्ग्रन्थप्रकाशकपण्डित
भगवतीलालशर्म-संक्षिप्त-वंशवर्णनम् ॥

श्रीदाधीचकुलेऽभवच्छिरहरग्रामेऽभिरामेश्रिया
गीतागीतिसुगीतकीर्त्तिरनघःश्रीरामवल्लोद्विजः॥
जातास्तस्यचपाण्डवाइवसुताःपञ्चापिचैकासुता
तेषुज्येष्ठउदारबुद्धिरजनिश्रीमाधवःसत्कविः॥१॥
तेनश्रीजयपत्तनेकिलनिजासंस्थापितास्वास्थितिः
तद्राजार्पितपाठकास्पदजुषादत्तास्वकीयास्वसा
नाम्नाचन्द्रकुमार्युराजगुरवे श्रीचन्द्रदत्ताय च
दत्तोदत्तकभावतोऽनुजघनश्यामश्चयौधेपुरे॥२॥
इहत्वस्यचचन्द्रिकोदरभवंतस्यास्त्यऽपत्यत्रयं
ज्येष्ठोयोधपुरीयवैदिकमहापाठाऽऽलयाऽध्यापकः
एतद्ग्रन्थप्रकाशकोभगवतीलालोऽस्मिमेचानुजा
दत्ताभैरववल्लनामभिषजेसास्तेगुलाबाभिधा।३।
तस्याश्चाशुकवीतिचारुपदवीभाग्वर्त्ततेचानुजो
नित्यानन्दकशास्त्र्यसौममसहाशिष्यःसुपुत्रोपमः
चत्वारोजयदेव-रामक-घनश्यामा-हरिस्तातका
एतद्वंशविवर्णनंखलुमयासंक्षेपतो वर्णितम्॥४॥

(१) "च" इति पादपूरणाय. (२) अल्पेतातास्तातकाः पितृव्या इत्यर्थः ॥

॥ श्रीहरिः ॥

कवि-काव्यप्रशस्तिः ।

भुविविजयतां स्वामी विद्वत्कुले स यथा रविः
क्षितिभृदुदितः पद्मोल्लासी गणेशपुरीकविः ॥
बहुकृतिसुधां पीत्वा यस्याऽनिमेषमिमे पवि-
प्रमुखविबुधा मन्ये नैव स्मरन्ति निजं हविः१
अहमिति सदाऽऽशासे ग्रन्थं सुवीरविनोदकं
सकलपुरुषाः सेविष्यन्तेऽमुमेव नृमोदकम् ॥
क्षुधिततृषितो लोकः कोऽग्रेस्थितं ननु सोदकं
त्यजति मधुरं नेत्राऽऽकर्षि प्रदत्तमु मोदकम्।२।
श्रीगणेश कविराजहे धन्यं त्वां कथयाम ॥
कृत्वा ग्रन्थं प्रकटितं येन पद्मपितृनाम ॥३॥

इतिप्रशंसको दाधीच
आशुकवि पं० नित्यानन्दशास्त्री
पद्मसरघाटी–जोधपुर.

॥ श्रीगणेशायनमः ॥

वीरविनोदके विषयोंकी अनुक्रमणिका ॥

प्रथमयाम

द्वितीययाम

तृतीययाम

चतुर्थयाम

पंचमयाम

षष्टयाम

सप्तमयाम

इति अनुक्रमणिका समाप्ता ॥

अथ वीरविनोदप्रारम्भः।

श्री समित्रनंदनंदनस्तुति ॥

सोरठा ॥

पेखि पत्थ पर प्यार, वंदि चरन जदुवीरके ॥
सुभट करन रन सार, कह्यो चहैं पदमेस कवि१

श्री सक्रुंधनंदनंदनस्तुति॥

मनोहर छंद ॥

पाहनै[2] ससुरै[3] चोरे सत्यभामा चोरे तरु[4],
चोरी वंसी राधिकानैं कह्यो फेर डरको[5] ॥
चोरी[6] कहौं रावरी तौ जीभँ[7] नाँहिँ लंबी चोरी,

---

(१) अर्जुन पर श्रीकृष्ण का प्यार देखकर, कवि ने स्तुति की. इसका तात्पर्य यह है कि अपनी भगिनी सुभद्रा के देने रूप न करने योग्य अर्थात् निन्दा हो वैसा कार्य प्यार के वश होकर श्रीकृष्ण ने करदिया तो स्तुति हो ऐसा ग्रन्थ के अमंगल का नाश करने रूप कार्य्य क्यों नहीं करेंगे ? ॥ १ ॥

(२) पाषाण विशेष अर्थात् मणि. (३) जामवन्त. (४) तरु विशेष अर्थात् कल्पवृक्ष(५ भला आदमी चोरी करता है वह दबता है यहां राधिकाजी नहीं डरी और कहा कि क्या डर है(६)दूध घृतादि की चोरी७मेरी जीभ.

चोरयो दधि दूध जामैं हिस्सा हलधरको॥
चोरनके चोर बसुदेव नंदराय चोर,
चोरन कौं जैने पारे मात चोर पॅरको॥
जांनों हरि! ग्रन्थ के अमंगल हू चोरे जैहैं,
जैहैं कित चोरीका स्वभाव सब घरको॥२॥

श्री गणेशस्तुति॥

रीति॰ रोम रोमकी पिछानैं मति तोम तैं तूं,

(१)दूध दही चुराने में बलदेवजीका हिस्साथा सो वे भी चोर हुए.(२)चोरों के चोर श्रीकृष्ण बलदेव रूप चोरों को चोरनेवाले.(३)देवकी ने(४)पाले यशोदाने (५) माता (६)इनसे दूसरा चोर कौन अर्थात् ये जामवंत आदि सब चोर हैं.॥२॥(७)इस कवित्त का प्रयोजन यह है॥कवि कहता है कि हे गणेश! तू "मतितोमतैं" नाम बुद्धियों के समूह से हमारे रोम रोम की रीति को जानता है. हम सोम नाम कपूर उसके जैसे शीतल और असोम नाम तद्विरुद्ध अग्नि अर्थात् गर्म अर्थात् तुझमें अकाल हैं या नहीं सो हम अपने मुख से नहीं कहेंगे। जन्म भर से जंगल में रहनेवाले ऋषि उनकी जिव्हा का आप नाम यह कथन कि "गणेश के मंगल से अमंगल गल जाते हैं" सो "जो" नाम उस मंगल को हम लेंगे. जो कदाचित् तुम यह कहो कि हरि नाम विष्णु ने गरुड़ को छोड़ कर चक्रचलाकर नक्र नामग्राह को मारा उनकी बराबरी मुझ से नहीं होसकती क्योंकि मूष मेरा वाहन, मेरा पेट बड़ा इस से मैं नहीं दौड़ सकता

सोम कै? असोम? हम वक्रतैं न बोलैंगे ॥
मंगल तिहारेतैं अमंगल गलत जन्म,
जंगल निवासी ऋषि जीह जप जो लैंगे ॥
वैनतेय छोरि हरि चक्र छोरि नेंक मारयो,
आखु यित तुन्दी हौं न डोलौं तो न डोलैंगे॥
ऋद्धिवंत हैं न वहैं सिद्धिवंत हैं न वहैं,
एकदंतवंत हैं असंत ऐसें तोलैंगे ॥ ३ ॥
वहैं नाग सीस नच्यो नाग नचैं मेरे सीस,

"न तो डोलैंगे" नाम आप की भक्ति से हम न हटेंगे। परन्तु असन्त अर्थात् नास्तिक यह कहेंगे कि गणेश न तो ऋद्धिवाला है और न सिद्धिवाला है किन्तु एक दांतवाला है। एक दांतवाला कहने का यह प्रयोजन है कि एक समय रावण की सभा में देवता खड़े थे उस समय रावण ने गणेश का एक दाँत उखेड़ लिया और कहा कि यह बड़ा कुरूपवान् है।प्रयोजन यह है कि जिसने अपना ही दांत उखड़वा लिया तो दूसरे को ऋद्धि सिद्धि देना और अंमगल का नाश करना कहां है?॥३॥

ग्रंथ के रचना समय में प्रथम कवित्त खोया गया तब यह दूसरा कवित्त बनाया गया। फिर वह निकलग्या जिससे दो मंगल लिखे हैं।

(१) कवि के मन में सन्देह हुआ कि यदि गणेश ऐसे कहैं कि "वहैं" नाम विष्णु (कृष्णावतार में) नाग (काली) के सिर पर नचा और मेरे खुद के शिर

लक्ख नौ उतैं गो इतैं एक वृष धारौं मैं ॥
नागान्तक आखु यान नाग हर नाग सिर,
नामतैं त्रिविक्रम त्यों लम्बोदर हारौं मैं ॥
जसोमत काली मात वज्री सक्तिधारी भ्रात,
विष्णु लौं अमंगलको व्रात कैसें टारौं मैं ॥

पर मेरे पिता महादेवजी के सर्प नचते हैं "उतैं" नाम उधर अर्थात् विष्णु (कृष्णावतारमें) के पिता नंदजी के नौ लाख गाएं और "इतैं" नाम इधर अर्थात् मेरे पिता के एक नन्दिकेश्वर बैल है उसका मैं पोषण करता हूं। विष्णु के नागों का अन्त करनेवाला गरुड़ यान है और मेरे चूहा यान है जिस को नाग खा जाते हैं, विष्णु तो "नाग" नाम हाथी अर्थात् कुवलयापीड़ उस का "हर" नाम मारनेवाला है और मैं "नाग" नाम हाथी के शिरवाला हूं अर्थात् मेरे हाथी का शिर है, विष्णु 'नामतैं' कहिये संज्ञा से 'त्रिविक्रम' तीन पैंड़वाला है कि जिसने ब्रह्मांड के तीन पैंड़ किये और मैं नाम से लम्बोदर हूं अर्थात् लम्बे पेटवाला इस से "हारौं मैं" नाम विष्णु की बराबरी नहीं कर सकता. विष्णु की माता (कृष्णावतार में) "जसोमति" नाम जसवाली अर्थात् यश की देनेवाली, यश का रंग उज्वल है इस से वह भी उज्वल हुई और मेरी माता 'काली' (कालेरंगवाली देवी) है विष्णु के भाई 'वज्री' अर्थात् हाथ में वज्र रखनेवाला इन्द्र, और मेरे शक्तिधारी नाम शक्ति [बर्छी] रखनेवाला स्वामिकार्तिक भाई

ऐसी आनाकानी तूं करै जो बक्रआनन तो,
कांननपै पानन दैं कौनपैं पुकारौं मैं ॥४॥

श्रीमहादेवस्तुति ॥

अस्व गज पारिजात रंभा वैद्य अमृत ए,
सहस्राक्ष लीने कहि मो बिनु निहारैको?॥
कौस्तुभ रमा त्यौं धनु संख लीने केशवनैं,

है, भाइयों में अन्तर और उन के शस्त्रों में भी बड़ा अन्तर है तो फिर मैं विष्णु की नाईं अमंगल का समूह कैसे टाल सकूं ? । कवि कहता है कि हे गणेश! कानों के हाथ लगा कर तू "ऐसी आनाकानी" कहिये ऊपर कही हुई टालमटोल करे तो मैं कानों पर हाथ धरके किसके पास पुकार करूं ? । कोई किसी काम के लिये नटता है तो अपने कानों पर हाथ लगाता है उस से यह सूचना करता है कि अब मैं नहीं सुनता, और बहुत बल से पुकारनेवाला कानों पर हाथ रखता है उस का यह प्रयोजन जान पड़ता है कि बल से पुकार सकै. लोग झूंठे बहाना बनाकर भी नट जाते हैं तो गणेश के तो उक्त सच्चे बहाने हैं तो भी भक्त [कवि] पर कृपा करेहीगा यह व्यङ्ग्यार्थ है ॥ ४ ॥

(१)अश्व श्यामकर्ण घोड़ा, गज ऐरावत हाथी, पारिजात देवताओं का वृक्ष, रंभा अप्सराविशेष, वैद्य धन्वन्तरि और अमृत, ये सहस्राक्ष नाम हजार आंखोंवाले इन्द्र ने यह कहके लिये कि मुझ बिन इनको कौन देख सकता है ? प्रयोजन यह है कि इन को देखने योग्य हजार आंखें मेरे ही हैं। केशव अर्थात् विष्णु ने कौस्तुभ नाम की

राखे गर बच्छ कर लरकैं निकारैं को ॥
धाइ ऋषि लीनी धेनु सुरा पीनी दैत्य गन,
काकी मति थाकी रम्य वस्तुकौं बिसारैं को॥
लोकन असोक कीबे महर लहर कीबे,
जहर हरोली चंद्रमोली बिनु जारैं को॥५॥

॥ दोहा ॥

इंद्रादिक स्तुति सुनि उठे, बिष पीबे वृषकेतु॥
बिधवा व्हैहौं याहिविधि, हरा डरी इहिं हेतु॥६॥

अन्यप्रकारसे स्तुति ॥

मणि; रमा लक्ष्मी , धनु शार्ङ्ग धनुष और शंख पांचजन्य ले लिये और क्रम से गले, छाती और दोनों हाथों में धारण कर लिये उन को लड़ कर कौन निकाल सकता है?। ऋषियों ने दौड़ कर कामधेनु ले ली, सुरा (मद्य) दैत्यों [दानवों] के समूह ने पी ली, ऐसी किसकी बुद्धि मन्द होगई है? उत्तम वस्तु को कौन भूलता अर्थात् छोड़ता है ? लोगों को शोक रहित करने के लिये, कृपाकी लहर करने के लिये, जहर (विष) की हरोली नाम आगे की ज्वाला चन्द्रमौली नाम चांद है शिखा में जिस के ऐसे महादेव बिना कौन पचावै ? समुद्र मथने से चौदह रत्न निकले उनमें से बारह तो औरों ने लिये और विष और चन्द्रमा ये दो महादेवजी ने लिये । चन्द्रमा का ग्रहण चन्द्रमौली शब्द से हुआ । विष का पीना तो प्रसिद्ध ही है ॥ ५ ॥

मनोहर छंद ॥

हेरि हहराय हाय हाय कै कहत हेरा,
ससुरा न सास कौन मेटैं दुखमालाकौं? ॥
थान है मसान ता बिकान कौं धरैं को कान,
लैहैं कौन लाला सिंहछाला गजछाला कौं?
वृश्चिक भुजंग गोधिकात्मज से भव्य भव्य,
भूषन भरे हैं कैसैं काटि हौं कसाला कौं?॥
वाकौ दुख चीनौ नांहि चीनौ दुख देवनकौ,
लीनौ व्हां अमोल जस पीनौ हर हालाकौं।७।

श्रीचंडिकास्तुति ॥

(१) "हरा" नाम पार्वती महादेवजी को विष पीने के लिये तय्यार हुए देखके "हहराय" नाम घबरा कर हाय हाय शब्द करके कहती है कि मेरे सुसरा और सास कोई नहीं है आप के न रहने पर मेरे दुःखोंकी माला को कौन मेटेगा ?। आप के स्थान तो श्मशान है उसकी बिक्री को कौन सुनेगा? सिंहछाला (सिंह का चमड़ा) और गजछाला (हाथी का चमड़ा) ये आप के वस्त्र हैं इन को कौन "लाला" नाम लाडला बालक लेगा? वृश्चिक (बिच्छू) भुजंग (सांप) गोधिकात्मज (गोहिरे) ऐसे उत्तम उत्तम आभूषण भरे हैं उन से मैं अपना कसाला (दारिद्र्य) कैसे काटूंगी? "वाकौ" नाम उस पार्वती का दुःख तो नहीं पहचाना और देवताओंका दुःख पहचाना और "हर" नाम महादेवजी ने हाला नाम

पापनं तपत तन तपन जपत तुच्छ,
अमृतांशु छीन डरि दीननसौं दूर हैं ॥
सोहनी निहारि छबि मोहनी वने हे हरि,
ता छबि असोहनी के बाजे बडे तूर हैं ॥
बैनी वक्ष श्रोनी जंघ अंग अनुहार ईश,
सर्प शशि सिंघ गज चर्म प्रिय पूर हैं ॥

जहर को पिया इस से अमोल यश लिया. जहर का नाम हालाहल है सो यहां "नामैकदेशेनामग्रहणम्" इस न्याय से हाला शब्द से हालाहल का ग्रहण है। जैसे सत्यभामा को सत्या कहते हैं ॥ ७ ॥

(१) पापों से शरीर तप रहे हैं और "तपन" नाम सूर्य को उस के भक्त जपते हैं सो तुच्छ हैं अर्थात् बुद्धिहीन हैं क्योंकि ठंढी वस्तु से तापों का नाश होता है और गर्म वस्तु से ठंढ का, सो इस से वे लोग विपरीत करते हैं. "अमृतांशु" जो चन्द्रमा है सो क्षीण है अर्थात् क्षय रोग युक्त है आपही अमृत पीकर रोग की निवृत्ति नहीं करता सो डर कर दीन लोगों से दूर हो गया कि मुझ से कुछ मांगेंगे इस हेतु से डरकर सब जहां से परे चला गया। "हरि" जो विष्णु हैं वे मोहनी रूप बने तब देवी की सुहावनी छवि देखकर बने, तब "ता" नाम उस विष्णु की निज की (असली) असोहनी छबि के बडे तूर नाम नगारे बजे हैं, अर्थात् विष्णु के बुरे रूप को सभीने जान लिया। जो उनका सुहावना रूप होता तो वे स्त्रीका मोहनी रूप क्यों धारण करते?

तव तनु स्वेद रेनुजात गननाथ अम्ब !,
इनहि भजौं तो कहि तोमैं का कसूर हैं।८।

श्री सूर्यस्तुति ॥

घोटक पुरानौ एक चक्र रु पुरानौ रथ,
चक्रिनकी रज्जु वेल्गा देखि दुख पावौं मैं॥
पायन विहीन सूत नर्क अधिकारी पूत,
दारिद अभूत देखि घूमि घबरावौं मैं ॥
रीझकौं चहौं तो शिर बीज परौ पद्मकवि,
खीज कैं अंधेरो करैं कौन ढिग जावौं मैं?॥
आन सुरें सोहैं कर ताही छिन वन्दौं त्वर,
नाँ तौ वक-वृत्ति धरि मिहिरँ मनावौं मैं॥९॥

आप के वेनी, वक्त्र (मुख), श्रोनी (कटि), जंघा (जांघ) इन अंगों का सादृश्य होने से महादेवजी को अनुक्रम से सर्प, चंद्रमा, सिंह और हाथी का चर्म ये पूर्ण प्रिय हैं। क्योंकि आप की वैनी से सांप का, मुख से चन्द्रमा का, कटि से सिंह की कटि का और जंघा की चाल से हाथी की चाल का सादृश्य है। ये यथासंख्या हैं। गननाथ जो गणेशजी हैं सो तेरे शरीर के पसीने और रेणु कणकों से उत्पन्न हुए हैं तो हे अम्ब ! मैं इन को ही भजूं तो तुझ में क्या अपराध है? ॥ ८ ॥

(१) सर्प। (२) घोड़े की बाग। (३) पुत्र यहां यमराज (४) देवता (५) हाथ पकड़ें वा सहायता करें (६) शीघ्र (७) सूरज ॥ इस कवित्त का प्रयोजन यह है कि

सुभटशिरोमणि कर्णस्तुति ॥

दोहा ॥

कुण्डलं जिय रक्षा करन, कवच करन जयवार॥
करनदान आहव करन, करनकरन बलिहार१०

श्रीभाषागुरु मिश्रण चारण सूर्यमल्लस्तुति ॥

मनोहर छंद ॥

मित्र सनमान, सत्यवान, स्वर ज्ञान मध्य,
इक न समान, कहौं का सम करेरो मैं? ॥
प्राकृत, पिसाची, सौरसेनी, अपभ्रंस पूर्न,
होसु हैं न, हैं न हर हायन लौं हेरो मैं ॥

मनुष्य को लाभ पर गौण दृष्टि रखनी चाहिये और हानि से बचने पर मुख्य दृष्टि. जैसे यहां कवि ने सूर्य के प्रसन्न होने से उत्तम वस्तुओं की प्राप्ति हो उसको गौण समझ कर क्रोध में आकर सूर्य अन्धकार करदे इस हानि को मुख्य समझा ॥ ९ ॥

(१) जी की रक्षा करनेवाले कुण्डल, और जय करने वाला कवच, इनका दान करनेवाले और युद्ध करनेवाले कर्ण के हाथों की बलिहारी है ॥१० ॥

(२) मित्र का सत्कार करना, सच बोलना, स्वरों का ज्ञान अर्थात् राग में समझना, इतने विषयों में एक मनुष्य सूर्यमल्लजी के बराबर नहीं. मैं यों कहता हूं सो किसके बराबर कहाहूं? अर्थात् नर्म हूं. प्रयोजन यह है कि सूर्यमल्लजी हमारी समझ में वास्तव में ऐसे ही थे. इन

देख्यो मुहि दीन विद्या दीन्ह त्यौं विवेक दीन्ह,
दिग्घ बर दीन्ह, घन आनंद कौ घेरो मैं ॥
वारन वदन वर चारन बरन बीच,
तारन तरन रविमल्ल चर्न चेरो मैं ॥ ११ ॥

दोहा ॥

सूर्यमल्लके अष्ठ शिष, अष्ठ ग्रहन सम ओर ॥
मैं सबहिनमैं मंदमति, जांनहु जिगनू जोर॥१२॥

में से एक बात मेंतो कई इनके बराबर वा इनसे अधिक होसक्ते हैं परन्तु सब में एक मनुष्य ऐसा मिलना कठिन है। और प्राकृत, पिशाची, शौरसेनी और अपभ्रंश इन चारों भाषाओं में पूर्ण थे, जैसे वे थे ऐसे इस समय नतो कोई है, न कोई होगा, क्योंकि नित्यप्रति विद्या की हानि होती जाती है, मैंने आर्य्यावर्त्त में 'हर हायन' नाम ग्यारह वर्ष तक ढूंढा (परन्तु कोई नहीं मिला) मुझ को दीन देख कर विद्या दी, ऐसे ही विवेक दिया, बड़ा वर दिया कि अब तू किसी काव्यवेत्ता को जीतेगा नहीं तो उससे हारेगा भी नहीं. इससे मैं दृढ़ आनन्द को लपेटा हुआ हूं. रविमल्ल, नाम वे सूर्य्य मल्लजी कैसे थे? कि चारण जाति के बीच में 'वारन वदनवर' नाम श्रेष्ठ गणेश थे, दूसरों को तारनेवाले और स्वयं तरनेवाले थे, ऐसे सूर्य्यमल्लजी के चरणों का मैं किंकर हूं अर्थात् शिष्य हूं ॥ ११ ॥

(१) आठ ग्रहों के समान सूर्यमल्लजी के आठ शिष्य थे उन सब के बीच में खद्योत के समान अल्प

अथ नृपवंशवर्णन ॥

घनाक्षरी ॥

दलपति नृपति महेसदास रत्नसिंह,
रामसिंह सिवसिंह केसोदास त्रासहर ॥
त्यौंही गजसिंह फतेसिंह राजसिंह त्यौंही,
त्यौं भवानीसिंह त्यौंही बहादुरसिंह वर ॥
त्यौंही श्री शार्दूलसिंह रामप्रतिनिधि राम,
मालव मुलकपाता सीतामऊ नग्रनर॥

बुद्धि में ही हूं । उन आठों के नाम ये हैं:—कृष्णगढ़ के राज्य में गोयाथै ग्राम के रहनेवाले वल्लभजी बारहट१, जयपुर के राज्य में किशनपुरे के रहनेवाले सीताराम जी बारहट२, श्यामपुरे के हरदानजी बारहट३, गंगावती के रहनेवाले विजयनाथजी खिड़िये४, जोधपुर मारवाड़ राज्य के धानणावे ग्राम के रहनेवाले मोतीरामजी रत्नु५, बड़े धानणावे के रहनेवाले बखशीरामजी बारहट६, बूंदी राज्य के हीलेड़े ग्राम के रहनेवाले धूँकलजी महडू७, और एक सूर्यमल्लजी के पुत्र ठाकुर मुरारिदानजी८, ये आठों आठ ग्रहों के समान और नवें सूर्य्यमल्लजी सूर्य्य के समान थे ॥१२॥ (१) दीनों का भय मिटानेवाला. (२) वैसा ही. (३) कितनेक गुणों से रामचन्द्रजी के तुल्य (४) महाराज रामसिंह (५) मालवा मुल्क में सीतामऊ नगर के मनुष्यों की रक्षा करनेवाला.

दयावीर[1] धर्मवीर दानवीर जुद्धवीर,
भोजसम[2] विद्यावीर पञ्चम सु धीरधर॥१३॥

॥ अथकविवंशवर्णन ॥ मनोहरछंद ॥

मरुदेश मेरता जिल्लेमैं चार्नवास गांव,
पाताकवि[3] पुत्र रतनेस लक्ष्मीदास भौ।
त्यौं कल्यानदास रघुनाथदास सोभाराम,
ताके जगराम पद्मसिंह सुत तासैं भौ॥
बुंदीवासी सूर्यमल्ल मिश्रन सौं पायौ गुरु,
विद्यारत्न पायौ वर पायौ सुख खास भौ।
रामसिंह जसघन मायौ नांहीं मोर मन,
वह पृथु पृथिवीपै प्रचुर प्रकास भौ॥१४॥

दोहा-धीर[6] करन कातरन पटु, मन धीरन घनमोद
वीरनराधिप राम वर, वरनौं वीरविनोद॥१५॥

---

(१) दयावीर आदि चार वीर शास्त्र में प्रसिद्ध हैं (२) पांचवां भोजके समान विद्यावीर महाराजा रामसिंह हैं॥ १३॥ (३) पाता नामक कविका पुत्र (४) उस जगरामसिंह कामैं पद्मसिंह पुत्र हुआ. (५)जैसा(६) वह जस बड़ी पृथ्वी पर बहुत प्रकाशवाला हुआ॥१४॥ (६)धीर और मोद ये दोनों विरोधी धर्म लेने. [७]महाराजा रामसिंहजी वीर पुरुषों के स्वामी हैं और वर अर्थात् श्रेष्ठ हैं। और श्लेष से वर आज्ञाविशेष। यहां वर शब्द के श्लेषसे शाब्दी व्यंजनाहै। (८) वीरों का विनोद अर्थात् क्रीड़ा है जिसमें ऐसा एतन्नामक ग्रन्थ बनाता हूं॥१५॥

छप्पय ॥

जगे छत्रिय निज जीह आप जस कहैं अनीतिय,
दीने द्विज कौं दसन प्रबल जस कथन सुप्रीतिय॥
द्रोन परब संग्राम-सार कुलपति भल कीन्हौं,
द्विजकुल कवि द्विजद्रोन दिग्घ जस दुंदुभि दीन्हौं।
छितिपर चारन छत्रीनको नातो प्रबल निहारिकैं,
बारहट पद्म कीनौं बिदित "वीरविनोद" विचारिकैं

अथ कथा प्रारंभ ॥

कवि वचन ॥

सोरठा ॥

---

(१) संसार में क्षत्रिय का अपनी जिव्हा से अर्थात् क्षत्रिय के मुख से अपना अर्थात् क्षत्रिय का यश कहा जाना अनुचित प्रवृत्ति है, और कर्ण की प्रबल जस कराने में प्रीति थी इसलिये प्राण निकलते समय ब्राह्मण वेष धारी श्रीकृष्ण को ब्राह्मण समझ कर याचना करने पर चूँपों सहित अपने दांत दे दिये. द्रोण पर्व पर भाषा में "संग्रामसार" ग्रंथ कुलपतिमिश्र ने बहुत अच्छा किया परन्तु वह कवि जाति का ब्राह्मण और वर्णनीय द्रोण भी ब्राह्मण, सो उसने उस के यश के बड़े नगारे बजाये अर्थात् ब्राह्मण ही का यश किया क्षत्रिय का नहीं किया. विचार से देखते हैं तो द्रोण की अपेक्षा कर्ण का युद्ध प्रबल है, इसके अतिरिक्त कर्ण क्षत्रियथा और मैं बारहट पद्मसिंह जातिका चारण हूं, हमारा और क्षत्रियों का परस्पर जैसा

लखि द्वै दिन रन क्रूर, संजय बोल्यौ नृप! सुनहु।
सज्यौ करन रनसूर, द्रोन-मरन-डर हरनकौं।१७।

संजय वचन ॥

छंद उद्धोर ॥

नृप!तोरिमति मनुतूल,तुहि जारिकिय दुख मूल
ज्यौं होत नर तियजीत,त्यौं भयौ तूं सुतजीत१८
वह भयौ कर्न अधीन,तिहिं कुमतिकौ गृहकीन
सुत बचन, तैं श्रुति कीन, कर्नादि बच स्मृति चीन
बिदुरादि जुत हित बैन, निरखेसु नास्तिक नैन
तिहिंज्ञान फल मिलिआज,रुचि सौं अरोगहुराज

मनोहर छंद ॥

बुरो करैं ताकौ बुरो करैं बुरो कहैं कौन,

सम्बन्ध है वैसा और जाति का क्षत्रियों के साथ नहीं दीखता, इस बात को विचार कर मैंने "वीरविनोद" प्रकट किया ॥ १६ ॥ १७ ॥ (१) रुई. (२) स्त्री से जीताहुआ ॥१८॥ (३) दुर्योधन [४] कर्ण ने दुर्योधन को । [५] वेद । [६] आदि शब्द से शकुनि और दुश्शासनादि॥१६॥[७]आदि शब्द से श्रीकृष्ण और व्यासादि । (८) नास्तिक के नेत्र अर्थात् दृष्टि से उनके वचनों को देखा । प्रयोजन यह है कि उन के कहने को तैंने तुच्छ समझा ॥२०॥

(९) हे राजा! जगत् में चार प्रकार के मनुष्य होते हैं. एक तो अपना बुरा करै उस का पीछा बुरा करै, उस

भलो करैं ताको भलो करैं भलो जोरयौ तैं॥
बुरो करैं ताको भलो करैं ऐसी चहैं कौन?,
तीननकौं तोलि तिनकौं न मन मोरयौ तैं॥
राज हित भ्रात तात खात रीत राजन की,
तोरन अनेक अरे पैं न पन तोरयौ तैं॥
भ्रात हित, तात हित,गात सुख छोरयौ, भुव-
जात सुख छोरयौ तिँहिं पात नहिं छोरयौ तैं२१

को बुरा कौन कहै? ॥ दूसरा अपना भला करै उसका भला करै, उसको 'भलो जोरयोतैं' नाम तैंने खूब एकत्र किया. लक्षणा से आता है कि कुछ भी ग्रहण नहीं किया । तीसरा अपना बुरा करै उसका भला करै, ऐसी इच्छा ही कौन करै? ॥ "तीनन कौं तोलि" कहिये इन तीनों को विचारिके अपने विचार से "तिन कौं न मन मोरयौ तैं" नाम एक तृण जितना भी तैंने चित्त को पीछा नहीं फेरा ॥ राज के लिये भाई और पिता को खाते हैं यह राजाओं की रीति है अर्थात् तुझ जैसे निकृष्टों की । इस रीति को तोड़ने के लिये अनेक जन [प्रकरण से विदुरादि] अड़े [हठ करके कहा] परंतु तैंने अपना पन नहीं तोड़ा. अब अपना भला करै उसका बुरा करै यह जो मनुष्यों का चौथा प्रकार है सो संजय धृतराष्ट्र से कहता है कि भाई [विचित्रवीर्य] के लिये, पिता [शन्तनु] के लिये, अपने शरीर का सुख छोड़ा अर्थात् स्वविवाह रूप सुख नहीं लिया

तोरे पिता, तोर, तोर पुत्र, तोर पौत्र मुख,
निज कर धोये ताहि रुधिर धुवायौ तैं ॥
चंद सु खिलौना देहु, रोय रोय माँग्यौ, तिन्हैं,
ज्यौं त्यौं तुष्ट कीने सोक अँसुन रुवायौ तैं।
जिनकी अनीति जान स्वप्न हूमैं क्रोध आन,
पान न छुवायौ नर बानन छुवायौ तैं ॥

'भुवजात' नाम पृथिवी से उत्पन्न हुआ जो राजरूप सुख वह भाई विचित्रवीर्य से नहीं लिया अर्थात् तेरे बाप और दादे से भीष्म ने यह भलाई की "तिहि पात नहि छोर्यौ तैं" नाम उस भीष्म को मारके गिराना तैंने नहीं छोड़ा ॥२१॥ (१) तेरे पिता का, तेरा, तेरे पुत्रोंके और तेरे पौत्रोंके मुख अपने हाथों से धोये "ताहि मुख" नाम उस भीष्म का मुख तैंने उसीके लोहू से धुवाया। यहां मुख शब्द का चारों के साथ सम्बन्ध है। ऊपर कहे तेरे पिता ही ने कहा कि "चांद जैसा अच्छा खिलौना हमें दो" और रो रो कर और हठ करके मांगा उनको जैसे तैसे प्रसन्न किया अर्थात् उनका जी नहीं दुखाया और रोने तो काहे को दे? उस भीष्म को तैंने शोक के आंसुओं से रुलाया। जिन [तेरे पिता विचित्रवीर्यादि] की अनीति को समझ कर स्वप्न में भी क्रोध लाकर हाथ नहीं छुवाया अर्थात् अति हलका भी प्रहार नहीं किया उस भीष्मको तैंने अर्जुन के बाणों से छुवाया। हे राजा! जिस भीष्म ने स्नेह एकत्र करके अपनी छाती रूप

जानैं हित जोर उर सेजपै सुवायौ भूप!,
तांकौ हित तोर सर-सेज पै सुवायौ तैं।२२।

छंद चक्कार ॥

हम सत्य भाखैं नाँहिं। मरि परैं नर्कन मांहिं ॥
वह[1] अमृतको सर[2]आज।अपि! सूकि गो न इलाज
नृप! द्रोन सो नहिं नास।यह नास भो जय आस
धनुवेद भो अँब्रु धीर॥ व्याख्यान गो उठ वीर२४
सुभ सोध अर्थन सार। हैं को पढावनहार ? ॥
गंधर्व वेद वितीत। गनै[3] तीय गावहिं गीत॥२५॥
बड-पुर्व[4] मेरु विख्यात। वर बात-जायो[5] बात ॥
द्विजनाथ[6] हो द्विजनाथ॥कियनार्थपूर्नअनाथ२६
निजपुत्र मंत्र न दीन। नर दीन्ह कीन्ह प्रवीन॥
नर दच्छना[12] बैर दीन्ह, तिहिं मंत्ररनजिय[13]लीन्ह२७

शय्या पर तुझे सुलाया उस भीष्म को वा उस भीष्म से हित तोड़ कर तैंने तीरों की शय्या पर सुलाया ॥ (१) "तासों" पाठ भी है ॥२२॥ (२) कर्ण ॥२३॥२४॥ (३) स्त्रियों का समूह ॥२५॥ (४) दुर्योधन (५) वायु से उत्पन्न हुआ, अर्थात् भीम (६) द्रोणाचार्य [७] गरुड़ [८] परमेश्वर ने (९) दुर्योधन ॥२६॥ [१०] अपना पुत्र, अर्थात् अश्वत्थामा (११) अर्जुन, इसको अधिकारी देख कर द्रोण ने विद्या दी। (१२) "भक्त" पाठ भी है। (१३) प्राण, अर्थात् द्रोणाचार्यका ॥२७॥

धृतराष्ट्र वचन ॥

हुव मोर गृह बड हाँन, जिहिं जान गहिय जिहाँन
है हान और न हेर, जिय जान ठहैं मन जेर२८
गुरु पै पठै कछु कोउ, तिंहिं गुरु न मानैं सोउ
वह अधमजोनिय बीच, जड़ जन्म पावैं नीच२९
इम धर्म्मशास्त्र उचार, सुनि कह्यौ मैं श्रुतिसार॥
एनिठहैं जु शिष्य कुपात्र,जिन देहु अक्षर मात्र३०
लें रम्य विद्या साथ, मरनों भलौ भेमनाथ? ॥
वरवचनशास्त्रन बीच,क्यौंगिन्यौद्विजयहकीच३१
भ्रम होय अपनी भूल, तिंहिं ठहैं न क्यौं दुख शूल
सुमरीनद्रोनसलाह,इह उपजि तिंहिं उरदाह३२
हम मरे सब तिंहिं हेतु, कहि! कीन्ह का वृष-केतु
हा होहि कैसो हाल,क्यौं भाग्य मोरकँगाल३३

कवि वचन ॥

सिटि अंध धूनिय सीस, चित विकल मारिय चीस

धृतराष्ट्र वचन ॥

वय तुल्य मित्र विख्यात, जान्यौ जु निज जामात
ठहैं तात मैं का कीन्ह, उहिं तात विद्या दीन्ह ॥

।२८।२९।३०।(१)हे मेरे स्वामी?।३१।(२ उस सलाह का याद नहीं करने रूप अग्नि उत्पन्न हुई।३२।(३ शिव,धृतराष्ट्र के शिवजीका इष्टथा इसलिये ऐसा कहा।३३।३४।(४)मैं पिता

ममतृत्युक्रियक्यौं गौन,द्रुत मृत्यु लिय क्यौं द्रौन
हहरातं हौं! वय हेर, अब फिरहिं का दिन फेर॥
स्रष्टां रच्यौ जग मीत, शुभ रचि न छत्रिन रीति
सुत मरैं पितु हिय सीत,पितु मरैं सुत हिय मीत
घन द्रोंन मृति घबरांन, ह्वैं छत्रिपनकी हांन३७
गुरु द्रोनकियदिवेंगौन,कहिकरनरनविधिकौन

कवि वचन ॥

उर जरनि मेटन वर्न,कहि जुद्ध किय जिम कर्न

संजय वचन ॥

कुपि कर्न बर्न कराल,हनि कीन्ह सेन निहाल॥
द्विज वर्न आसिषलीन,त्रिवरन दुरासिष लीन३९
नित बढैं दातन चित्त,वह बच मृषा हुव मित्त?

था जिसने तो अपने पुत्रों का कुछ भला नहीं किया. यह द्रोण पिता था कि जिसने विद्या दी॥३५॥(१)मैं घब राता हूं (२) अच्छे दिनों का फिरना क्या पीछा आवेगा ? अर्थात् नहीं आवेगा. (३) ब्रह्मा॥३६॥(४) द्रोण के मरने से हद घबराने का समय है परन्तु मैं घबराऊं तो मेरे क्षत्रियपन का नाश होता है ॥३७॥ (५) स्वर्ग ॥ (६) वर्न शब्द का सम्बन्ध अगले पद के साथ है कि संजय ने अक्षर कहे॥३८॥(७,एक ब्राह्मण वर्ण की आशिष ली और शेष तीन वर्णों की दुराशिष ली. (८)"आशिषलीन"और"राशिषलीन"यह अन्त्यानुप्रासहै॥३९॥

सब समय आसिष पाय,हा!अंत दिनलिय हाय ४०
द्विज अग्ग बचि देत आइ,खिजि अर्ध कर्न खपाइ
आर्भेर्न[1] सजि सुर बाम,जिन इक्क इक लगि जाम
उत पूर्न हुव आभर्न,कट परिय इत भट कर्न॥[2]

कवि वचन ॥

सुनि असह्य बच श्रुति बीच,अररांय[3] परि धर सींच
इम रोय तित थित ओर, रनवास हुव हा? सोर॥
बिसिखा बजार रु हट्ट,घर घरन्न[6] नर तिय थट्ट[7] ४३
करि महई लहरिहिं याद,बढि रुदन ध्वान[9]बिसाद
को कर्न सम धन दीन्ह,संकल्पजलसरकीन्ह[10] ४४
उपमा मिली नहिं ओर,किय रुदन जल सर जोर
गंधारजा तित आइ,घन दुखित पति घबराइ ४५
खिति परिय मुरछा खाइ, उत विदुर देवर आइ

---

(१) पांडवों की सेना. (२) आभरण बारह हैं उनके सझने में बारह प्रहर लगे उनकी सझावट पूर्ण होते ही आठ प्रहर युद्ध करके कर्ण मरा, अर्थात रात्रि के चार प्रहरों में कर्ण ने युद्ध नहीं किया. (३) अरड़ाय करके. [४]भिगोदी अर्थात् आंसुओं से [५] गली. (६) समस्त घरों में (७) समूह. [८) दया. (९) शब्द. [१०] संकल्पजल के सरोवर के जोड़का अर्थात् घराबरी का आंसुओं का सरोवर हो गया.

सौगंध जल[1] दृग सींचि, लिय दुहुँन[2] मुरछा खींचि
उत अंध सोक अमान, गुनि[3] दीन्ह संजय ज्ञान

संजय वचन ॥

बर रीति करहु बिचार, संसार सार[4] असार ४७
घन करन मरन सुघोग, को अमर इहिं घर ओर

कवि वचन ॥

नृप कहिय उर[5] तरु लाय, मति पच्छि क्यों ठहराय ४८
मम सुतन तन मन नेह, गो बगर जिन जय गेह[6]
हुव द्यूत पंडुन हार, कहि गोसदृस सिरदार ४९
कहि द्रोपदिहिं एक्लीव[7], तजि भज अपर कोउ पीव
जब किय युधिष्ठिर जज्ञ, उहिं सुनि रुकाहि सुत अज्ञ
भल भ्रात[8] प्यार अभीति, जिन प्यार दिस लिय जीति
सुन पुत्र बचन सुजान[9], कहि करन मूछन तान
किय बिजय भ्रात अनेक, इत करहिं किंकर[10] एक

---

[१] विदुरजीने गुलाबजल छिड़का. (२) धृतराष्ट्र और गांधारीको (३) समझ करके. ४) संसारमें अच्छी चीज है वह भी बुरी है. [५] हृदय रूप वृक्ष में अग्नि लगने पर बुद्धि रूप पक्षी कैसे ठहर सकता है? [६] कर्ण रूप विजयका घर. (७) कर्णने द्रौपदी को कहा था कि ये युधिष्ठिरादि नपुंसक हैं सो तू कोई दूसरा पति करले (८) भाई युधिष्ठिर के (९) यह कर्ण का विशेषण है. (१०) तेरा किंकर कर्ण विजय करेगा.

ज्यौं कहिय वत्तजयान,त्यौं कीन्हकर धनुतान ५२
करि विजय जजकराय,जिहिंन्वालअग्निजराय
सुरऋषिनदीयासिराय,किसुपत्थ दीन्हगिराय ५३

संजय वचन ॥

भूपतिहिं संजय भाखि, रथ चक्रमहि सुखराखि
हठचक्रदिसचितदीन्ह,हनि पत्थ सर सिरलीन्ह ५४

कवि वचन ॥

कहि नृपति करिअन्याय,पांडवन लिय जय पाय
धर्म्मजअनृतकहतो न,कहि अनृतमारयौद्रोन ५५
हिकै बून अनर्थ हमार; बहु अनय नर जदुवार
भट भीसम द्विजभटमोर,यहकरनमरनसुघोर ५६

कवित्त ॥

कुन्ती कृष्ण राज दैन कह्यौ पैं न लह्यौ कर्न
कह्यौ जुद्ध भार काके सीस धरि जाऔं मैं?॥

---

(१)देवता मुनियों का जिसने आशीर्वाद लिया उस कर्ण को पृथा के पुत्र अर्जुन ने मार गिराया. यहाँ "पत्थ" पद श्लेष के अभिप्रायगर्भ है. (२)युधिष्ठिर झूंठ नहीं कहताथा (३) एक (४) अनीति ॥(५) कुन्ती और श्रीकृष्ण ने कर्ण को राज देनेकेलिये कहा, परन्तु कर्ण ने नहीं लिया और उसने कहा कि "मैं युद्ध का बोझा किसके सिर पर रख कर जाऊं"। उस कर्ण को बलवान् जान कर सुत (मेरा पुत्र दुर्योधन) बलवानों से बलवान् था, सो

ताकौं वलि चीन सुत बलिन बलीन हो वे,
दीनन सौं दीन भयो जी न लरजाओं मैं ? ॥
सब जग चेरो हो व कौन हितु मेरो घन,
दुक्खनकौ घेरौ घूमि कौन घर जाओं मैं ॥
कैसें टरि जाओं ज्वलदग्नि जर जाओं कैधौं,
कूप परि जाओं विष खाय मर जाओं मैं॥५७॥
निज जन हाल हो रु द्विज जन पाल हो रु,
काल हो [२]अरीन अब पैंतरे दिखाये हैं ॥
उद्यममैं दीन्ह ध्यान भावीकौ न कीन्ह ज्ञान,
कौन घर पानि गये कान्ह अब आये हैं ॥
दान रु कृपान दयासांच सौच सीलता त्यौं,
लाज रु अजाद गुरु भक्ति गुन गाये हैं ॥
अंग सु उपांग जुक्त आज जंग अंगन मैं,

(१)अब दीनों से दीन होगया, तो क्या मैं जी को नहीं लचाऊं? सारा संसार अनुचर था, परन्तु अब मेरा हित चाहनेवाला कौन है ? प्रबल दुःखों का घेरा हुआ मैं घूमता हुआ किस के घर जाऊं ? । जलती हुई अग्नि में जल जाऊं? अथवा कुए में पड़ जाऊं ? अथवा मैं विष खाकर मरजाऊं? इन तीनों से मैं कैसे टल सकता हूं? अर्थात् नहीं टल सकता । [२] अरीन शब्द अर्थ करने में दो बार लेना चाहिये ।

एते गुन अंग ईस संगही सिधाये हैं ॥५८॥

संजय वचन ॥

काई छवि छाई कौंच ओपी करवाल ऊर्मि,
पन्नग प्रभाकौं पूर्न सारसन पोखगो ॥
कच्छप विसाल ढाल लाल वड़वाग्नि कोप,
मुच्छ सु मरोर जोर भौंर जोर तोखगो॥
वेलाजुत व्यापैं वहैं वेला तजि यहैं वीर,
उभ्फलि अमल जस इंदुकौं अदोखगो ॥

(१) " अंग " देश विशेष, जिसका स्वामी कर्ण था ॥५८॥ (२) कवच ने काई (सेवाल) की छवि को छालिया, तरवार रूप लहर दिपी, "सारसन" नाम जो कमरबन्धा है सो सर्पकी प्रभाको पूर्ण पुष्ट कर गया, बड़ी ढाल कछवा रूप थी, लाल कोप वाड़वाग्नि था, अच्छी मरोड़वाली मूछों की जोर नाम जोड़ा उसके जोर नाम बल ने भँवर के बल को तुष्ट कर दिया, वह समुद्र तो " वेलाजुत " नाम मर्यादा युक्त व्याप्त हो रहा है और यह वीर कर्ण मर्य्यादा अथवा समय को छोड़ कर व्याप्त था, प्रयोजन यह है कि युद्ध में वृद्ध और श्रान्त आदि को न मारने रूप मर्य्यादा और रात और दिवस रूप समय के नियम को नहीं रखता था, समुद्र तो उभ्फल कर जस जैसे उज्वल चांद को और कर्ण उभ्फल कर जस रूप दूषण रहित चंद्रमा को

भीम इन्द्र भीत तव सुत मयनाक सर्न,
आज कर्न अर्नव अगत्थ पत्थ सोखगो ॥५९॥
साँतनुज सेनप भौ वासर दिखायो बर,
राका छबि छाई साँतनुजके सिधाये तैं ॥
द्रोन दल नाथ भायौ द्विगुन दिखायौ द्यौस,
छाई सिनिवाली छबि द्रोनहिं गिराये तैं ॥
रविज चमूप भयौ रविकौं दिखायौ रम्य,
भारी भई कारी कुहू रविज बिलाये तैं ॥
सुजोधन चक्रवाक चक्रवाकी वाकी जय,
अब न मिलेंगे भूप कोटि कल्प आये तैं॥६०॥

दोहा ॥

प्राप्त हुआ। भीम रूप जो इन्द्र उसके डर से तेरे पुत्र दुर्योधन रूप मैनाक (पर्वत विशेष) ने शरण या आसरा लिया था जिसका, ऐसा कर्ण रूप "अर्णव" जो समुद्र उसको पत्थ जो अर्जुन वही अगस्त्य (मुनि विशेष) सोख गया अर्थात् पीगया ॥ ५९ ॥ (१) भीष्म। (२) षोडश कला युक्त चांदवाली पूर्णिमा। (३) चन्द्रमा की एक कलावाली अमावास्या। (४) कर्ण। (५) जिस अमावास्या में चन्द्रमा सर्वथा न हो। (६) कवियों की सम्प्रदाय में रात्रि को चकवे चकवी का मिलाप नहीं माना गया, दिन ही को माना है, यहां कवि ने दुर्योधन को चकवा और उसकी विजय को चकवी माना

हौं जानौं जानत तुँही, जानत सर्व जिहाँन ॥
ईश्वर अकरन-करन हैं,करन मरन मन मान६१

धृतराष्ट्र वचन ॥

छप्पय ॥

मेरु मरुत मति नहिंन मेरुमति मरुत न मानिय

इन का मिलाप होने योग्य तीन अवसर थ तीन दिन हुए, एक तो भीष्मजी सेनापति हुए थे, इनके मरने पर पूर्णिमा की रात्रि होगई, पूर्णिमा की रात्रि कहने का यह प्रयोजन है कि द्रोण और कर्ण दोनों विद्यमान थे. दूसरा अवसर द्रोणाचार्य सेनापति हुआ तब आया, उसके मरने पर सिनिवाली अमावास्या हुई, क्योंकि कर्ण विद्यमान था. तीसरा अवसर कर्ण सेनापति हुआ तब आया, फिर कर्ण के मरने पर कुहू अमावास्या हुई। ये तीनों ही अवसर चले गये अब करोड़ कल्पों में भी इन चकवा चकवी का संयोग नहीं होगा, अर्थात् दुर्योधन की जय होवेगी ही नहीं ॥ ६० ॥
(१)संजय ने कहा कि हे राजा! ईश्वर "अकरन-करन" अर्थात् अनहोनी करनेवाला है इसलिये तू कर्ण का मरना निस्सन्देह मान ले। इसके उत्तर में धृतराष्ट्र ने कहा कि जो ईश्वर अकरन-करन है तो उसने नीचे लिखे कार्य्य क्यों नहीं किये? ॥ ६१ ॥ (२) सुमेरु पर्वत के तो पवनकी बुद्धि नहीं हुई अर्थात् उसने चलना धारण नहीं किया, और पवन ने अचलता नहीं धारण की, सूर्य

भानु हिमाकर भौ न हिमाकर भानु न जानिय
वारिध मरु नहिं बनिय मरुनवारिधबिधिठानिय
गगन नभुवसिरगिरियभुवनासिरगगनपिछानिय
इनबिचनइक्कइतकीउतैंकरनसक्यौअकरनकरन
कहिकरनमरननरकरनतैंमानैंकिहिंबिधिमोरमन

दोहा ॥

नीति युधिष्ठिर की निरखि,अरु ममतनयअनीति
करन मरन आरि सुख करन, पूरन भई प्रतीति ६३

संजय वचन ॥

चन्द्रमा नहीं हुआ, उसने शीतलता नहीं धारण की. चन्द्र सूर्य न हुआ कि जिसने उष्णता नहीं धारण की. समुद्र मारवाड़ देश नहीं हुआ अर्थात् वर्त्तमान कालमें जल रहित होकर रेता धारण नहीं किया और मारवाड़ देश समुद्र नहीं हुआ, अर्थात् रेत को छोड़कर जल युक्त नहीं हुआ। ऊपर छत जैसा दीखनेवाला आकाश पृथिवी पर नहीं पड़ा और उसी आकाश पर पृथिवी नहीं पिछानी अर्थात् जानी नहीं जाती। वह अकरन-करन ईश्वर इन वस्तुओं में से एक भी वस्तु नहीं कर सका तो बतला? मनुष्य के अथवा अर्जुन के हाथों से कर्ण का मरना मेरा मन कैसे माने? अर्थात् नहीं मानता। परन्तु नीचे के दोहे में कहे कारणों से मेरा मन भी मानता है ॥६२॥६१॥

गंगासुत पै सरन हित,हिलौं सिखंडी हाथ ॥
धृष्टद्युम्न द्रोनहिं हनैं, निरखहु भावी नाथ॥६४

धृतराष्ट्र वचन ॥

छप्पय ॥

भारत कुरु[2] सु मयंद मयंद सु कुरु किंत मारिय॥
गज्जहिं गारत सिंघ गजब गज सिंघहिं गारिय
केरियं पर गज कैंहर कहर गज पर हुव केरिय
पित्त जँझरत केरि केरिकौं पित्त जँझोरिय ॥
इमकरनपत्थहारकअवनिहा?करनहिंपत्थजुहनिय
सुरअसुरनागनरधूनिसिरभावीगतअद्भुतभानिय

मनोहर छंद ॥

दुस्सासन मृत्यु देखि सुत बिनु सक्थि भयौ,
जाके जोर दीर्घ लंगराईकौं दुराय ली ॥

---

(१) इसमें चमत्कार यह है कि तीर लेनेकेलिये शिखंडी के हाथों का हिलना भी संभव नहीं दीखता था, उस भीष्म पर शिखंडी ने तीर चला दिये और धृष्टद्युम्न ने ध्यान में बैठे हुए भी द्रोणाचार्य का सिर काटा यह भावी की प्रबलता है। संजय के कथन और नीचे लिखे कारणों से धृतराष्ट्र भी भावी को स्वीकार करता है॥६४॥
(२)सिंह को मारनेवाला हिंसक जन्तु विशेष।(३)केला (कदली) । [४] भयानक (५) तीनों दोषों में का दूसरा दोष, जिसके उष्णता आदि गुण हैं ॥ ६५ ॥

भीस्म[1] भगदत्त द्रोन गदा असि सक्ति भग्न,
जाके जोर गिरी गेंद वीरता गुराय लो ॥
जाके जोर ओरे[2] रनकुल्या[3] लाँघ पार भयो,
जाके जोर घोर जय नौबत घुराय ली ॥
अंध न करैंगो अंध अंध ह्वैगो विधि यातें,
आज सुत अंध कर्न छरिया छुराय ली६६

कवि वचन ॥

दोहा ॥

संजय कहि नृप पीर लखि,बीर! धरहु मन धीर
सल्य करहिं दलचीरकों,[5] चीरि चीरको चीर६७

---

(१)यहां अनुक्रम से भीष्मादि का गदादि के साथ अन्वय समझना. (२) अन्ध । (३) युद्ध रूप नहर । (४) अपने पूर्व पापों के फल से मैं और गांधारी दोनों अन्धे हैं सो अपने पापों का फल भोग चुके. अब जो ब्रह्मा हम अन्धों को अन्धे करेगा तो उसका हम पर अन्याय होगा उस अन्याय के पलटे में ब्रह्मा को अन्धा होना पड़ेगा॥ अन्धे को प्रज्ञाचक्षु कहते हैं और मेरे पुत्र दुर्योधन के मरने से हमारी बुद्धि (प्रज्ञा) नष्ट हो जायगी तो हम अन्धों से अन्ध होंगे. ब्रह्मा अन्धा होगा तब उसको हाथ में रखने के लिये लकड़ी चाहियेगी इसीलिये मेरा पुत्र दुर्योधन कि जो बुद्धि का अंधा है उसके हाथ की कर्ण रूप लकड़ी छीन ली ॥६६॥ (५)सेना रूप वस्त्र को

धृतराष्ट्र वचन ॥

छप्पय।

हा हा सुरतरु हाँस कहा पूरहि तरु कीकर? ॥
सुधा समुद्र सु आस संपदि टारहि कित सीकर
चिन्तामनिकी चाह संगमरमर कित साजिय
पारसकी परवाह हरी गैरिक कित पाजिय ॥
जोगींद्र देत वरदान जिम जाचक वच किम जानियैं
इम करन सोक दूरी करन मद्रधरनिपति मानियैं ६८

कवि वचन ॥

दोहा ॥

द्रोंन मरनडर पौन ध्वज, कंपित मति हग भूप॥
करन मरनतैं करन विनु, क्यौं न परैं दुख कूप ६९

छप्पय ॥

घन घवरावन घूमि भूप संजय प्रति भाखिय॥
कटिकैं रनमैं कर्न रीत सुभटन घन राखिय ॥

'चीरि' नाम फाड़कर 'चीर की चीर' नाम बारीक लंबे टुकड़े के उससे भी बारीक लंबे टुकड़े कर देगा ॥ ६७ ॥
(१)ववूल ।(२)शीघ्र ।(३)अत्यन्त छोटी बून्दें[फुहार]॥६८॥
(४)द्रोणके मरणरूप पवनसे ध्वजारूप प्रज्ञाचक्षु (अन्धा) कंपायमान था वह कर्ण के मरने से कानों बिना अर्थात् बहरा होगया सो अब दुःखरूप कुएमें क्यों नहीं पड़े।६९।

कोको तिहिँ भट कटिग परनभटकोकोकट्टिप
जेजे जियत जवान जिनहिँ जाचत धुज्जट्टिप॥
सुन संजय तिनसबहीनकीसंज्ञामोहिसुनापहैं॥
पैहैं न फेर वैभव प्रबल पुनरजन्म जो पाप हैं॥७०

अर्द्धहरिगीतिका छंद॥

धृतराष्ट्र कहि मति ध्यान कैं,
जपि जीह संजय जान कैं॥
जे मरे मोर रु ओरके,
जे अरत इत उत जोरके॥७१॥
सब के सुनाम सुनाइयैं,
गिनि हरष सोक गुनाइयैं॥
महिपाल की मति मान व्हां,
जपि बत्त संजय ज्वान व्हां॥७२॥
दस दिवस कर रन घोर जो,
सर सेज भीश्म सजोर जो॥
दिन पंच बहु भट मारिकैं,
कटि द्रोन सेन पसारिकैं॥७३॥

---

(१)महादेव। पुराण प्रसिद्ध बात है कि महादेवजी वीरों से सिर मांगा करते हैं। [२]नाम। [३]धृतराष्ट्र पश्चात्ताप करता है कि इस जन्म में तो ऐसा प्रबल वैभव कहां था परन्तु दूसरे जन्म में भी नहीं मिलेगा।७०।७१।७२।७३।

आनर्त देसिनसौं अर्यौ,
नृप बिबिंसति तितही मर्यो ॥
बिंद रु तथा अनुबिंद द्वे,
गन अरिन गारि रु स्वर्ग गे ॥७४॥
सिंधुप जयद्रथ कौं हन्यौ,
भट पत्थनैं तिनुका गन्यौ ॥
तव पौत्र लछमन नाम हौ,
अभिमन्यु हनिय ललाम हौ ॥७५॥
सुत दुसासन मजबूत हौ,
तिहिं हन्यौ द्रौपदि पूत हौ ॥
बर नाथ भिल्लन वर्ग कौ,
मरि एकलव्यहु स्वर्ग गौ ॥७६॥
भगदत्त भट बल भीर कौ,
भख भयो पारथ तीर कौ ॥
सुन नृप श्रुतायुहि सूर कौ,
नर हन्यौ लखि पन पूर कौ ॥७७॥
सुन सुदत्तन नरनाह हौ,
उहिं हनिय पत्थ उछाह भौ ॥
कौसलाधिप अति क्रूर हौ,

अभिमन्यु निरख्यौ सूर ह्वौ ॥७८॥
जित सल्य के सुत जाय कैं,
अभिमन्यु मार्यौ दाय कैं ॥
वृषसेन सुत वर करन कौ,
नर हन्यौ तिँहिँ सम अरन कौ? ॥७९॥
नृप! ह्वौ श्रुतायु नरेस ह्वाँ,
घेरि पत्थ पठयौ स्वर्ग घाँ ॥
भट वृहतक्षत्रहु भग्न भौ,
रु भगीरथहु सर लग्न भौ ॥८०॥
ह्वौ रुक्मरथ सुत सल्य कौ,
सहदेव काटयौ कैल्य कौ ॥
भगदत्त सुत कृतप्रज्ञ ह्वौ,
उहिँ हत्यौ नकुल न अज्ञ ह्वौ ॥८१॥
बाल्हिक पितामह रावरौ,
भिरि भीम मार्यौ बावरौ ॥
जुटि जयत्सेनहु चाह लै,
अभिमन्यु मार्यौ वाह लै ॥८२॥
रु कलिंगदेस नरेस है,

॥ ७८ ॥ ७९ ॥ (१) पहुंचर ॥ ८० ॥ (२) रुक्मरथ जो सहदेव के मामा का बेटा भाई था । (१, कल्ह ॥८१॥८२॥

जुरि जुद्ध पहुँचे स्वर्ग द्वै ॥
तब मंत्रि वृषवर्मा तितैं,
हनि भीम भनि जावत कितैं ॥८३॥
पौरव अयुत गज जोर कौं,
मिरि पत्थ मारयौ भोर कौं ॥
सुन सूरसेन महीप ह्वां,
नर हन्यौ निज दल दीप ह्वां ॥८४॥
दि हजार वीर वसंति जे,
अरु सक रु सिविय कलिंग ते ॥
मालव रु संसप्तक जिते,
तिन हने पारथ गिन तिते ॥८५॥
वृषभाचलहु तब मित्त हौ,
उहिं हन्यौ पत्थ अमित्तहौ ॥
नृप सल्य सूरन सीम हौ,
भट भीम मारयौ भीम हौ ॥८६॥
अरु क्रोधवंत वृहंत ह्वै,
भट भीम भेजे स्वर्ग मे ॥
भट क्षेमधूर्ति मरयौ भन्यौ,

॥ ८३ ॥ ८४ ॥ (१) बसन्त देश के ॥८५॥८६॥

जलसंधकौं सात्यकि हन्यौ ॥८७॥
भूरिश्रवा बलपूर हो,
तिँहिँ हन्यौ सात्यकि सूर हो ॥
पुनि सौमदत्तिहि पायगौ,
खिजि ताहि सात्यकि खायगौ ॥८८॥
राछस अलंबुक हू रुप्यौ,
कलि कटि घटोत्कचसौं कुप्यौ ॥
कति भ्रात हे भट करनके,
ति अहार भे नर सरन के ॥८९॥
द्राविड़ रु मद्र कलिंग जे,
साविन्न क्षुद्रक व्रात के ॥
प्राच्यहु प्रतीच्यहु पूर हे,
दच्छन उदीच्यहु सूर हे ॥९०॥
विकरन रु दुर्मुख वीर ह्वां,
सल दुसासन धृत धीर ह्वां ॥
दुर्विजय दुस्सह देखियैं,
दुर्मुख रु दुर्विष पेखियैं ॥९१॥
दुर्जयादिक सुत तोर जे,

भट भीम मारे भोर जे ॥
इन मरन दुख अति आपकौं,
प्रभु! लखहु पत्थ प्रतापकौं ॥९२॥
भट कर्न मारन भूख ही,
किल फैलगी वह कूक ही ॥
जब मरैं सूम जिहाँनके,
हिय जरैं तीय सुजाँनके ॥९३॥
कहुँ जरैं हीय सुमात के,
कहुँ जरैं निज गृहजात के ॥
जब मरैं दानिय हेर व्हां,
गृह जरैं धोबिनकेर व्हां ॥९४॥

धृतराष्ट्र वचन ॥

दोहा ॥

सुन संजय! मेरे मरे, जिनकौं लिन्हे जान ॥
अब जे धर्म्मजके मरे, तिन्हैं[२] चहत मम कान९५

संजय वचन ॥

अर्द्ध हरिगीतिका छंद ॥

नृप सत्यजित वड नाम भौ,

॥९२॥९३॥(१)जैसे धोबी का घर जलने से कइयों के कपड़े जलते हैं उनको दुःख होता है वैसे दोनों के मरने पर कवि आदि अनेक गुणियों को दुःख होता है ॥९४॥
[२]मेरे कान ॥९५॥

तिंहिं मारि द्रोन ललाम भो ॥
पंचाल गन गुन पूर हैं,
सुन हनिय द्रोन सु सूर है ॥ ९६ ॥
नृप मच्छ के भट केक ही,
उन हने हों द्विज एक ही ॥
नृप द्रुपद भूप विराट हैं,
तिन द्रोन मारे पौन व्हैं ॥ ९७ ॥
तिन के जिते सुत हे तहां,
संखादि द्विज मारे तहां ॥
उत्तर हि सल्य हन्यौ तितैं,
जित स्वेत भीष्महिसौं वितैं ॥ ९८ ॥
अभिमन्यु कौं दुस्सासनी,
शिर मार लीन्ह बिभा भनी ॥
अंबष्ठ नृप कौ पूत हौ,
लच्छमन हनिय सुपूत भो ॥ ९९ ॥
नृप हौ विद्वंत सुबीर ही,
तिंहिं हनि दुसासन तीर ही ॥
मनिमान नृप अति नूर कौ,
द्विज हन्यौ ता सम सूर कौ? ॥ १०० ॥

॥ ९६ ॥ ९७ ॥ ९८ ॥ ९९ ॥ १०० ॥

नृप दंडधर हु प्रचंड हौ,
वह द्रोन रन तैं खंड भौ ॥
नृप अंसुमान प्रवीन हौ,
तिहिं हन्यौ द्विज नहिं दीन हौ ॥१०१॥
नृप चित्रसेन विचित्र हौ,
दधिसेन मार पवित्र भौ ॥
नृप नील रनजयकील हौ,
तिहिं मार द्रौनिय वीर भौ ॥ १०२ ॥
नृप व्याघ्रदत्त सुनीर व्हां,
चित्रायुध हु जस चीर व्हां ॥
चित चित्र यौं धिय चानिएं,
विकरन हने अहु वानिएं ॥ १०३ ॥
केकय नृपहु अति क्रूर हौ,
हनि तोर केकय सूर हौ ॥
जगक्षेत्रप हु नृप जानकौ,
वह पर्वतीश[२] पिछानकौ ॥१०४॥
जाहर करयौ भुज जोर व्हां,

॥१०१॥१०२॥१०३॥ (१ केकय दो थे एक पांडवों की ओर और दूसरा कौरवों की ओर. कौरवों की ओरवाले ने दूसरे को मारा ॥ २) पहाड़ः शब्द की जगह पर्वती शब्द रक्खा है, उसका स्वामी ॥१०४॥

दुर्मुख पछार्यौ दोर व्हा ॥
इक नाम के द्वै भ्रात हे,
नृप¹ रोचमान विख्यात हे ॥१०५॥
तिँहिँ जुग्म कौं तित तोर कैं,
जित द्रोन जय लिय जोर कैं ॥
पुरुजित नराधिप इष्ट हौ,
तिँहिँ कुंतिभोज कनिष्ट हौ ॥१०६॥
कलि बीच तिन सम कौन व्हां?,
दुहुँ बीर मारे द्रोन व्हां ॥
अभिभू बनारस पति लरे;
बसुदान सुत मारे परे ॥१०७॥
नृप मित्रवर्मा नीति कौं,
पटु द्रोन हनि बिनु प्रीति कौं ॥
जिँहिँ क्षत्रदेव सुनाम हौ,
सु सिखंडि पुत्र ललाम हौ ॥१०८॥
तव पौत्र लछमन ताहिकौं,
हनि पूर्न किय चित चाहि कौं ॥
रु सुचित्र नृप मजबूत हौ,

॥१०५॥१०६॥ (१) अभिभू और बनारस के राजा इन दोनों को वसुदान के बेटे ने मारा ॥१०७॥१०८॥

तिंहिं चित्रवर्मा पूत हौ ॥१०९॥
ढुँढुँ सीस तीरन डार कैं,
लुभि द्रोन हनि ललकार कैं ॥
नृप वर्द्धक्षेम निहारियैं,
अमितौज द्युति धर धारियैं॥११०॥
वर पुत्र सेना वृन्द कौ,
अरि सास्लवान अरिंद कौ ॥
तिंहिं हन्यौ वाल्हिक नैं तितैं,
मनहैं पखान कहूं चितैं ॥१११॥
सिसुपाल कौ सुत बाम हौ,
तिंहिं धृष्टकेतु सुनाम हौ ॥
रु सुकेतु बीरन वीर भौ,
लरि मरिग उत न अधीर भौ ॥११२॥
नरनाह सेनाबिंदु हू,
अरु सास्त्रवान जसिंदु हू ॥
अति प्रबल है निज ओज तैं,
मरिगे ति द्विज सर मोज तैं ॥११३॥
नृप सत्यधृन नरनाह हौ,

मद्रिराज नृप सउछाह हीं ॥
नृा सूर्यदत्त नरेस ठहाँ,
हनि द्रोन भय कृत भेस ठहाँ ॥११४॥
सुन सोनमान सुहावनौं,
बसुदान स्वजस बधावनौं ॥
उत जुग्म जुरवै आपगौं,
खिजि द्रोन दोहुन खापगौं ॥११५॥
अरि मरे जे उत आयकैं,
गुन कहैं कतिक गिनायकैं ॥
कति आपने कति आनके,
जे रहे ते मरिजानके ॥११६॥

धृतराष्ट्र वचन ॥

दोहा ॥

जान परे जेजे अरे, जेजे मरे जवाँन ॥
भरत लरत इतके सुभट, जेजे कहहु जवाँन११७

संजय वचन ॥

अर्द्धहरिगीतिका छंद ॥

॥११४॥ (१)युग्म अर्थात् जोड़ा ॥११५॥११६॥ (२) मरे हुए वीरों का भूतकाल का वृत्तान्त तोहोचुका अब वर्त्तमान काल का वृत्तान्त है ॥११७॥

अब नृपति इत चित आनियैं,
छवि जियत तिनहिं पिछानियैं ॥
वर वीर द्रोनिय वीर व्हां,
तकि तीर भारत तीर व्हां॥११८॥
रु हृदीकसुत आनर्तहू,
अहुटयौ न अरिगन अर्तहू ॥
जित लरत कृतवर्मा जुर्यौ,
अरि हननतैं जस अंकुर्यौ ॥११९॥
मद्रेस सल्यहि मोदमैं,
सैंधव नरेस विनोदमैं ॥
कांबोज किलकत कालसौं,
सुन भीष्म अरि उर सालसौं ॥१२०॥
भट पार्वती जय भूखमैं,
भट वनायुज सु पियूखमैं ॥
उत सकुनि सत्रुनसौं अरैं,
पुनि कृपाचार्य लरैं परैं ॥१२१॥

---

(१) समीप में ॥ ११८ ॥ (२) पीछा न फिरा ॥ ११९॥
(३) गांगेय स्वच्छन्द मृत्यु होने से मोजूद थे ॥ १२० ॥
(४)पार्वती नाम के(५)विजय की क्षुधा वाला (६)अमृत पान से अमर होना ॥ १२१ ॥

केकय नरेस तनूज ह्वां,
चित्रायुधहु जस बूझ ह्वां ॥
जित भूप श्रुतवर्मा जुरैं,
सत्त दुसत्त दुँहुँ मन क्यौं मुरैं ॥१२२॥
रु श्रुतायु नृप जस छंदमैं,
नृप चित्रसेन अनंदमैं ॥
चित्रांगदहु चित चैनमैं,
सु धृतायुधहि भट सेनमैं ॥१२३॥
तिन रिपुंतृननमैं तोर ह्वां,
सुत अगनिगोला जोर ह्वां ॥
कहि वचन संजय ऊर्द्धं ह्वां,
धृतराष्ट्र धूनिय मूर्द्धं ह्वां ॥१२४॥

सोरठा ॥

भारतदर्पन ग्रंथ, कासीनृप कारित विपुल ॥
पकर वाहिकौ पंथ, सुभट नाम इत संग्रहे १२५
चित संदिग्ध पिछानि, नाम कतिक भाखे नहीं

---

(१) कीर्ति की कदर करनेवाला अथवा समझनेवाला ॥ १२२ ॥ (२) इच्छा ॥ १२३ ॥ (३) ये सब शत्रु तृण हैं (४) उनमें तेरा पुत्र अग्नि का गोला है (५) मस्तक ॥ १२४ ॥ ॥ १२५ ॥

मोरग्रंथलघुमानि,कतिककथाताविधतजिय१२६

घृतराष्ट्र वचन ॥

दोहा ॥

सुन संजय सब सुन चुके, बीते रनकी बात ॥
करनहिंसेनापतिकियो,सुनश्रोमनश्रकुलात१२७
कथा पूर्व तैंनैं कही, सूमन दान समान ॥
करनेदानसमकरनकी,मन चाहतमतिमान१२८
श्राहवबिचकिंहिंधाअरयौ, लग्यौकौनविधलाग
पारथपरकिंहिंधापरयौ,मरयौकौनछलमाग१२९

सोरठा ॥

करन पैरन उर पीर, दीनन दुख दूरिकरन ॥
करन देहु वर वीर,करन जुद्धजुट्टिय करन१३०

छन्द मौक्तिकदाम ॥

भरयौ रन द्रोन अरातिन भूमि,
मुरे तब द्वै दल डेरन घूमि ॥

॥ १२६ ॥ १२७ ॥ (१) सूमों के दान के समान अर्थात् संक्षिप्त (२) कर्ण के दान के समान अर्थात् विस्तृत ॥ १२८ ॥ (३) कौन से कपट के रस्ते से ॥ १२९ ॥ (४) शत्रुओं के हृदय में पीड़ा करनेवाला (५) हे धृतराष्ट्र तू कान दे अर्थात् सुन (६) कर्ण युद्ध करने लगा ॥ १३० ॥

भयौ इत सोक उतैं सुख भाव,
दुहूँ दल घूमनकौ इढ दाव ॥१३१॥
सुयोधन ओर सुभट्टन ठट्ट,
सरे थित द्रोनिय सोक सकट्ट ॥
पृथू कुंप द्रोनियकी गिरि पीर,
बहायदई नृप नैनन नीर ॥१३२॥
भयौ नृप व्याकुल व्हां इहिं भाय,
जरैं लखि जीय कह्यौ नहिं जाय ॥
विचार कियैं इमही वह बेर,
करैं नृप खातर विप्रन केर ॥१३३॥
बन्यौ निहिं ठां प्रतिलोमँ विधान,

(१) इधर कौरवों की सेना में तो दुःख से घूमना अर्थात् सिर पीटना हुआ (२) उधर पांडवों की सेना में सुख की चेष्टा सिर हिलाने रूप अनुभाव हुआ ॥१३१॥ (३) चले (४) शकट अर्थात् गाड़ा (५) अश्वत्थामा और कृपाचार्य की द्रोण के मरने रूप पर्वत जैसी भारी पीड़ा को (६) राजा दुर्योधन ने आंसुओं से बहा दिया अर्थात् राजा के अश्रु आनेसे उनको अति सान्त्वना होगई ॥ १३२ ॥ ॥ १३३ ॥ (७) उलटा करना. लोकरीति यह है कि अपने मुलाहिजेवाले की मृत्यु होने पर उसके घर पर जाकर दूसरे घरवालों को विश्वास देते हैं परन्तु यहां दुर्योधन

दयो तिँहिँ भूपहिँ विप्रन ज्ञान ॥
दई जु पितृव्यै दई मतिगेर,
वन्यो अति आश्रव आरन वेर ॥१३४॥
वडे जन भाखत हैं यह वानि,
समैं नहिँ चूकत धीर सुज्ञानि ॥
उठे सब आपुन डेरन आय,
जबैं किय पितृपसू कृत जाप ॥१३५॥
दुसासन सौबल कर्न ससोक,
अटे दुरजोधन धां दुख ओक ॥
गई निस द्रोन गुनावलि गात,
भयो नहिँ मंत्र भयो परभात ॥१३६॥
परे तिँहुँ पूर्न महार्नव पीर,

ऐसा घबराया कि अश्वत्थामा और कृपाचार्य ने उलटा दुर्योधनको विश्वास दिया यही प्रतिलोम विधान हुआ (१) चचा विदुर ने जो उद्योगपर्व में बुद्धि दी थी वह इसने गेर दई अर्थात अंगीकार न करी (२) वही दुर्योधन युद्ध के समय अत्यन्त आश्रव अर्थात् कहना माननेवाला होगया ॥१३४॥ (३) पिता भीष्मकी माता गंगा पर जाकर संध्या का कृत्य किया ॥१३५॥ (४) शकुनि (५) दुःख का घर (६) सलाह समाप्त न हुई ॥१३६॥ (७) तीनों अश्वत्थामा, कृपाचार्य और दुर्योधन (८) महासमुद्र

बनैं जु जहाज सु कर्नहि वीर ॥
घहौं बिच ताहि बडा अवचाट,
घनो रन भार कितैं जयघाट ॥१३७॥
जथा जहरी अहि फूंक प्रकास,
सु प्रश्न रु उत्तर सास उसास ॥
सह्यौ न पर्यौ घबराहट सैन,
लगी मिर्चैं बनि नींद सु नैन ॥१३८॥
परैं निसमैं सिर नाँ अरि आय,
छटाँ द्विज द्वै दल दष्षिय छाय ॥
पर्यौ कटि द्रोन खरो मनु पास,
बिलावत फूल जथा थिन बास ॥१३९॥
बचावहु द्रौन हनैं पटु तीर,
बकैं इम पाण्डव बाहनि बीर ॥
रही जमि ग्रीसमलौं बड रात,

(१) बडी नौका (२) अत्यन्त चिन्ता (३) विजय रूप तट ॥ १३७ ॥ (४) सर्प का फूंकारा (५) नेत्रों में नींद मिरचें बन के लगी जिससे नेत्र मिलते नहीं। यहां परिणाम अलंकार है ॥ १३८ ॥ (६) द्रोण की छवि ॥ १३९ ॥ (७) द्रोण पटु (तीक्ष्ण) तीरों से मारता है (८) सेना (९) रात्रि ग्रीष्म के समान जमगई

फिरे हरि भूल भयो परभात ॥१४०॥

दुर्योधन वचन ॥

गहो वर मंत्र रु मौन गहौ न,
करैं अब सैनप मो भट कौन ॥

कविवचन ॥

विचारिय द्रोनिय है मम वैर,
करो मुहि कौन कहै मुख टेर ॥१४१॥
चह्यो चित भीतर हान चमूप,
भनी मन ऊपरसों मन भूप ॥
करैं कुरुसेनप त्यों भट कर्न,
बनावहु भूप सुनै मम बर्न ॥१४२॥
हुतो चित चाह मनै हम सैन,
मिलो मनु ऊधनहारहि सैन ॥
सझ्यो सुमहूर्त करावन स्नान,

---

(१) फिर जैसे श्रीकृष्ण ने भूल से युद्ध के वास्ते चक्र हाथ में लिया वैसे रात्रि को भूल से प्रभात हुआ ॥ १४० ॥ (२) सलाह को ग्रहण करो (३) सेनापति (४) अश्वत्थामा ने विचारा कि मेरे पिता के पीछे वारा मेरा है (५) परन्तु "मुझको सेनापति करदो" यह मैं नहीं कहता ॥ १४१ ॥ (६) राजा ने अश्वत्थामा के शुभ वचन सुनकर कहा कि कर्ण को सेनापति बना दो ॥ १४२ ॥ (७) शय्या

सुकंचन[1] कुंभ झुक्यौ सिर आन ॥१४३॥
उठी उपमा हिय यौं हरखात,
जथा सुतकौं[2] सिर सूँघत तात ॥
इतैं घट है उपमेय अनूप,
रह्यौ उपमान कवी रविरूप[3] ॥१४४॥
प्रभू पहराय पटांबर प्रीति,
रचे बहु रत्नन जेवर रीति ॥
हिये पर पुष्पनके बर हार,
विठाय उदुंबर[4] पट्ट[5] उदार ॥१४५॥
चढ़ी मति दैन चमूपति चाह,
दिये बहु दान सराहि सराहि ॥
बढ्यौ चित चैन सबैं थित सैन,
निहारत ज्यौं ससि ओसध[6] नैन ॥१४६॥
चढ्यौ निज चाक्रँ[7] उछाह चमूप,
रुप्यौ दल देखि दलाधिप रूप ॥

(१) सुवर्ण का कलश ॥१४३॥ (२) पिता सूर्य मानों कर्ण का सिर सूंघ रहा है (३) सूर्य रूप ॥ १४४ ॥ (४) गूलर (५) पाटा ॥१४५॥ (६) जैसे औषधि नेत्रों से (शास्त्रों में औषधियों के नेत्र कहे हैं इससे नेत्र कहा है) चन्द्र को देखकर सुखी होती है वैसे एककर्णको देखकर सब सेना सुखी हुई ॥ १४६ ॥ (७) रथ

सजे हय स्वेत ध्वजा पुनि स्वेत,
मनोहर हाटक हेल समेत ॥१४७॥
भये सुख सक्कुन स्वेत रु पीत,
अलंकृति तक्कुनकी रुचि रीत ॥
धरयौ धनु हत्थ रु सत्थ तुनीर,
भरयौ रथ सस्त्रनकी बर भीर ॥१४८॥
चल्यौ दल व्योम लग्यौ रज छाय,
अपाप सु गंग अपाप लखाय ॥
विभा घन संखन व्यूह विराव,
चमक्किय सस्त्र सु बीज प्रभाव ॥१४९॥
भई रस वीर त्रिभा झर भाय,
कटे कुपि सोक अने दरसाय ॥
जहाँ कुरुराज कुदिष्ट जबान,

(१) सुवर्ण की कलई ॥ १४७ ॥ (२) भाथा (तरकस) ॥ १४८ ॥ (३) पाप रहित गंगा है वह अपाप (नहीं है आप नाम जल जिसमें ऐसी) होगई (४) सेना की शोभा मेघ की सी है (५) शंखों का बड़ा शब्द मेघ की गर्जना के तुल्य है ॥ १४९ ॥ ६) शोक झड़ी में तृण समान बह गया, और वे क्रोध में आकर कट गये ७) दुर्योधन की वाणी है सोही दुष्ट प्रारब्ध है उससे

अख्यौ अति उग्र अवग्रह आन ॥१५०॥
भयौ दुरभिक्ख घनो रन घोर,
जर्‍यौ कृषि जुग्म पिता गुरु जोर॥
चमूप भुजा नभ भाद्रव चाल,
बनैं जय रूप सुभिक्ख विसाल ॥१५१॥
अहअह बज्जिय लंबक तूर,
सुने रव सैंधव ज्हाँ गन सूर ॥
भये भट उन्मुख सत्रुन ओर,
मनों लखि मेघन मोदित मोर ॥१५२॥
सन थित सामित साख प्रसाख,
अगे घँन नच्चनकी अभिलाख ॥
थरत्थर कंपिय भूधर भूमि,
ति चिक्किय दिग्गज सुंडिन चूमि॥१५३॥
सराहिय सेसँ सु कच्छप पिट्ठि,

---

(१) अवग्रह अर्थात् वर्षा का रुकना हुआ ॥१५०॥ (२) उससे सांवण ऊना्लू दोनों कृषि (खेती) नष्ट होगई जो भीष्म और द्रोण रूप हैं ॥१५१॥ (३) वाद्य विशेष (४ रागिनी विशेष ॥ १५२ ॥ (५) बड़ी खांप (६) उसमें मे फटी हुई छोटी खांप (७) शूर पक्ष में मजबूत. मयूर पक्ष में मेघ (८)पर्वत और वराह (६) चीत्कार किया॥१५३॥ (१०) शेष ने

दई तित तुंडि फनावलि दिट्ठि ॥
अटे उत वीर सुवक्क अवक्क,
मनोहर व्यूह रच्यौ छवि मक्क ॥१५४॥
उतैं हुव अग्रिम कर्न अचूक,
अरे दुहुँघां सकुनी रु उलूक ॥
बन्यौ सिर थांनक द्रोनि सुवेस,
दिपैं नृप भ्रात तितैं गल देस ॥१५५॥
वध्यौ कृतवर्म दिसा बरबाम,
विभा लख ह्वैं रिपु बाम अवाम॥
दिसा जम दीह दिपी कृप दाय,
जनौं जम एवज सज्जिय जाय ॥१५६॥
चह्यौ चित व्यास सजीव सुमक्क,
बन्यौं चिरजीव सुयोधन वक्क ॥

कच्छप की पीठ की प्रशंसा की जिसका तात्पर्य यह है कि तुम्हारी पीठ बड़ी कठोर है और वराह ने शेष के फणों की ओर देखा जिसका तात्पर्य यह है कि मेरे तो एक ही तुंड है और तेरे हजार फण हैं (१) मकर व्यूह ॥ १५४ ॥ (२) स्थान ॥१५५॥ (३)वाम अर्थात् टेढे जो शत्रु हैं वे अवाम अर्थात् सीधे होजाते हैं (४) कृपाचार्य के विभाग की बड़ी दक्षिण दिशा शोभा देने लगी ॥ १५६ ॥ (५) यहां व्यास भगवान् की इच्छा

सुषेन रु सल्य पिलें दल पिट्ठि,
दलाधिप पिट्ठि मनों दुवे दिट्ठि ॥१५७॥
धरी नहिं देखि युधिष्टिर धीर,
न रोम उछाह सरोम सरीर ॥

युधिष्ठिर वचन॥

अरे दुव भीसम द्रोन अभीत,
अन्यौ इक कर्न अगाति अजीत ॥१५८॥
सुनौ सब भ्रात सलाह सुसार,
बनावहु व्यूह विधान बिचार ॥
चल्यौ दल बाम वृकोदर बक्र,
चल्यौ दिस दच्छिन सोम्प सचक्र॥१५९॥
अल्यौ भट पत्थ भुजाबल अग्र,
सज्यौ सु युधिष्ठिर मध्य समग्र ॥
पटू भट माद्रिज द्वै दिपि पिट्ठि,

जीवित मकर से है सो जीव दुर्योधन है (१) मानों दोनों वीर सेनापति के पीठ के नेत्र हैं ॥ १५७ ॥ (२) उत्साह तो रोम भर भी नहीं और शरीर रोमाञ्च सहित होगया ॥ १५८ ॥ (३) धृष्टद्युम्न (४) सेना सहित ॥ १५९ ॥ (५) यद्यपि महाभारत में अर्जुन का व्यूह के अगाड़ी रहना नहीं लिखा है तथापि योग्यता से आगे होना अर्जुन का संभव है ॥ १६० ॥

दई द्रुत दुर्जन दावन दिट्ठि ॥१६०॥
जथाविधि जंपिय व्यास जबान,
इहां परमेस कवी मति आन ॥
रच्यौ नर अर्द्धससी दल रूप,
भई रनभूमि त्रिलोचन भूप ॥१६१॥
जुरे सुत द्रौपद नैनन जोर,
मिल्यौ द्रग पारथ भौ भट मोर ॥
जहां रिस जागि रही जल ज्वाल,
जरै परि कर्न सु काम कराल ॥१६२॥
ज़र्यौ भट भीम हलाहल जग्र,
अनोपम गंग यथाष्ठर अग्र ॥
कहै कवि पत्थ सु सात्यकि रूप,
सज्यौ वर भस्म करी छवि रूप ॥१६३॥

---

(१) अर्जुन ने अर्द्धचन्द्र व्यूह बनाया (२) ... में राजा धृतराष्ट्र युद्धभूमि महादेव रूप लागे ॥१६१॥ (३) महादेव का रूपक दिखाते हैं. महादेव के तीन नेत्र हैं सो यहां द्रुपद के दोनों पुत्र हैं सो तो सूर्य और चन्द्र नेत्र हैं (४) और अर्जुन तीसरा आग्न रूप नेत्र है (५) अर्जुन का क्रोध नेत्र की ज्वाला है (६) कर्ण है सो कामदेव है ॥ १६२ ॥ (७) और भीम विष अर्थात् जहर है (८) और सात्यकि योद्धा भस्म कहे कि छवि से भरा हुआ है अर्थात् सात्यकि भस्म कहा रूप है (९) वीर

बन्यौ दल कोरुन मक्र सु व्यूह,
उलट्टत ईक्खन हारन ऊह ॥
गन्यौ दल पंडुनकौ गजमत्त,
बचावनहार हरी हितरत्त ॥१६४॥
सुयोधन आदिक दंतन डोल,
चमूपति पुच्छ चहै सु चँदोल ॥
इला बनि अर्नवके अनुकार,
सुधा सम वारि विकर्न बिचार ॥१६५॥
हय द्विप अच्छरि लक्खन हेर,

॥ १६३ ॥ (१) यहां से मकर व्यूह का वर्णन है. कौरव सेना ग्राह रूप है (२) देखनेवालों को . पीछो पड़ रहा है (३) पांडवों की सेना उन्मत्तगज रूप है. यहां गज और ग्राह का रूपक अलंकार है ४] दोनों पक्ष में बचानेवाले श्रीकृष्ण ही हैं [५] .त में तत्पर ॥ १६४ ॥ [६] दुर्योधन आदि सो भाई वे शत दन्त रूप हैं (७) कर्ण पुच्छ रूप है (८) फौज के पिछाड़ी का भाग. कर्ण के चढने के समय कर्ण को सेनाग्रगामी कहा है. यहां चन्दोल से कहने का तात्पर्य यह है कि मकर पुच्छ से मारता है (९) पृथिवी (१०) समुद्र के सदृश (११) अमृत के समान विकर्ण है (१२) भाई और बहादुर ॥ १६५ ॥ (१३) अश्व उच्चैःश्रवा (१४) ऐरावत हस्ती (१५) अप्सरा इस संग्राम .मि

फबैं धनु[1] संख[2] तथा बिधि[3] फेर ॥
पऱ्यौ मनि[4]ब्रात बिथार[5] अपार,
कऱ्यौ कवि कौस्तुभके अनुकार॥१६६॥
बने द्विज[6] द्वै सुरगो[7] सुरवृच्छ[8],
अरी[9] मृति इच्छन पूरन अंच्छ[10] ॥
धनंतर कृष्ण रमा[11]जय धार,
बन्यौ बर[12] वारुनि[13] कर्न विहार ॥१६७॥
दिपे सब[14] रत्न दुहूँ दल दीह[15],
जंपे[16] कवि पद्म जथामति[17] जीह[18] ॥
दलाधिप[19] सत्रुनकौ दल देखि,
प्रकोपित अैंचिय चापहिं पेखि ॥१६८॥

रूप समुद्र में अनेक हैं और उस समुद्र में एक २ थे. (१) शार्ङ्ग धनुष (२) पांचजन्य (३) वैसे ही जान लेवैं (४) मणियों के समूह का (५) विस्तार. वहां कौस्तुभमणि एक थी यहां मणि बहुत हैं ॥१६६॥ (६) दोनों ब्राह्मण कृपाचार्य और अश्वत्थामा (७) कामधेनु (८) कल्पवृक्ष (९) शत्रुओं की मरने की इच्छा को पूर्ण करनेवाले [१०] श्रेष्ठ [११] लक्ष्मी रूप विजय (१२) श्रेष्ठ (१३) कर्ण का श्रेष्ठ फिरना है वह वारुणी अर्थात् मदिरा है ॥१६७॥ (१४) चौदह रत्न(१५)दीर्घ (बड़े) (१६) कहे (१७) बुद्धि के अनुसार (१८)जिव्हा से (१९) सेनापति ॥ १६८ ॥

बढ्यौ वह शब्द[1] जु हौं गुन[2] गैन,
समाय स क्यौं नहिं गैन अचैन[3] ॥
जुटे जित भट्ट असंकुल जुद्ध,
किरैं[4] तिन रोमन रोमन क्रुद्ध[5] ॥१६९॥
निहार[6] सुरत्रिय[7] नेह[8] नवीन,
मरक्कति व्रात[9] निछावर कीन ॥
भयौ फिर संकुल जुद्ध कुभाय[10],
जहाँ थिन अच्छर पास न जाय ॥१७०॥

अथअसंकुलजुद्धकोअरुसंकुलजुद्धकोअनुक्रमसौंलच्छन॥

छंद मुक्तादाम ॥

औरै मरजाद असंकुल[11] उद्ध,
जितैं मरजाद न संकुल[12] जुद्ध ॥
भयौ रन घोर भटावलि[13] भाय,

(१)सिंहनाद रूप शब्द (२)शब्द आकाशका गुण है परन्तु आकाश उसको नहीं धारण कर सकता (३)सुख रहित (४) बरस रहा है (५)बालरमें ॥१६९॥ (६)देखकर (७)अप्सरा (८)स्नेह से (९)मरकत मणि के समूह. यहां पूर्वोक्त योद्धाओं के रोमाञ्चों में मरकतमणि की गम्योत्प्रेक्षा है (१०) कुत्सित चेष्टावाला युद्ध ॥१७०॥ (११) जिसमें मर्यादा के साथ योद्धा भिड़ें वह असंकुल युद्ध है (१२) और जहां मर्यादा छोड़कर भिड़ें वह संकुल युद्ध है (१३) योद्धाओं

जितैं डारि जीह कह्यौ नहिं जाय॥१७१॥
रहे रुपि मस्तक मध्य कटार,
तिन्हैं तकि वीर हसैं सजि तार॥
करी कवि पञ्च सु ओपम पेल्लि,
खिजैं नरसिंघ करैं मनु खेल्लि॥१७२॥
अयअप बान जवानन सीस,
कही उपमा भल पञ्च कवीस॥
अनोपम जुद्ध त्रिसिंघ हि एक,
अरे इत उद्ध त्रिसिंघ अनेक॥१७३॥
भिरे तित भीम कुलूत सु भूप,
रचे निसि सैन चिराकन रूप॥
करी चढि भीम करी चढि केक,

की पंक्ति॥१७१॥(१)ताली बजा कर(२)गमन(३)शोभित हुए दो नरसिंह भगवान् मानों क्रीड़ा कर रहे हैं. यहां नरसिंह भगवान् की उत्प्रेक्षा वीरों में है. थंभों की उत्प्रेक्षा वीरों की कटारों की नाड़ियों में है॥१७२॥(४) जिस युद्ध में एक दो त्रिसिंघ हों तो भी प्रशंसा योग्य होता है, इस युद्ध में तो अनेक त्रिसिंघ अड़ रहे हैं इस-लिये यहां व्यतिरेक अलंकार है॥१७३॥(५)सेना रूपी रात्रि में भीम और कुलूत देश का राजा दोनों चिराक रूप हैं (६) भीम एक हाथी पर सवार हुआ

अटे इत कौरव वीर अनेक ॥१७४॥
इभस्थित भूप कुलूत सु आय,
भिरे कटुवादि निषादि कुभाय ॥
जहाँ गन बान लगे गज जोर,
धसे मनु विन्ध्य अहीगन घोर ॥१७५॥
जनौं जनमेजय भाविय जज्ञ,
उडे करि याद जियैं इम अज्ञ ॥
मिली कवि पक्खहिँ तर्क सु मोरँ,
जनौं रिषि लोमसकी गज जोर ॥१७६॥
किते लगि कुन्त दुहूँ करि क्रूर,
परैं रत धार रनांगन पूर ॥
बसे गिरि गैरिकके बिच वास,

(१)कौरवों के वीर कितने ही हाथियों पर सवार हो चले ॥१७४॥ (२)हाथियों के सवार (३) समूह (४) जोड़ा [५] मानों विन्ध्याचल में सर्पों का समूह घुसा ॥१७५ ॥ (६) होनेवाले जनमेजय के यज्ञ में हम जलेंगे, मानों इसको याद करके ही बाण रूप सर्प उड़े (७) मोड़ [सेहरा] (८) जैसे लोमशऋषि का शरीर रोमों से ढका है वैसे दोनों हाथियों के शरीर तीर रूपी केशों से ढके हैं ॥ १७६ ॥ (९)रुधिर से रंगे हाथियों के लगेहुए भाले कैसे दीखते हैं कि मानों गेरू पर्वत में रहनेवाले

समुच्छन रक्त अही जिम भास ॥१७७॥
भग्यौ इभसत्रु खरौ भट भीम,
सज्यौ फिर भूप निसादिन सीम ॥
अटे सर वारन फोरि अनेक,
छुहै भुव तीडि तमालहिं छेक ॥१७८॥
कह्यौ रत यौं सु गदारन कीन,
दिसागज कुम्भन नागर्ज दीन ॥
फिर्यौ सिंदु कोयलकौं गज फेरं,
जहाँ भट भीम भयौ नहिं जेर ॥१७९॥
सजी कवि तर्क घसीहिय सानु,
मथ्यौ दधि सौं गिरि औ हरिभानु ॥
भई रनभूमिय अर्नव भाय,
सुरासुर संघ हि सेन सुहाय ॥१८०॥

(१)मूछोंवाले लाल सर्प हैं ॥१७७॥ (२) शत्रु का हाथी (३)हाथियों को फोड़कर तीर ऐसे पड़े कि मानों शलभ [टीड] तमाल को छेद कर पृथ्वी पर बैठे हैं ॥ १७८ ॥(४) सिंदूर(५)बालकके कोयल (खिलौनाविशेष)कीनाई(६) फिरा१७९॥(७)हृदय रूप सान पर घिसीहुई अर्थात् तीक्ष्ण यह तर्कका विशेषण है (८ हाथी तो दधि अर्थात् समुद्रको मंथन करनेवाला मंदराचलहै(९)उस पर चढाहुआभीम मानों विष्णु है (१०)सेना का और सुरासुर समूह क

सुपर्व युधिष्ठिर आदि सँभार,
सुयोधन आदिक दानव सार ॥
जितैं मति कर्न सु कच्छप जान,
सलाह हरी अहिराज समान ॥१८१॥
लई दिस जीति मिले सुभ रत्न,
जहां विस क्रोध जरे बिनु जत्न ॥
भनौं कहा माधिपकी छवि भूप,
रचैं सुभ मित्रहु सत्रु सुरूप ॥१८२॥
उहां सु महेस्वरकौं बिरदाइ,
हलाहल दैं जन जान बचाइ ॥
इतैं हरि पारथकौं बिरदाइ,
किये कुति वंस कुनास कुभाइ॥१८३॥
मर्यौ गज उच्छल भीम महीस,
गदा गहि झारिय वारन सीस ॥
मिली कवि तर्क सु हर्ष अमाप,

रूपक है ॥ १८० ॥ (१) देवता (२) कर्ण की मति का कच्छप से रूपक है (३) हरि की सलाह का वासुकि से रूपक है ॥ १८१ ॥ (४) जहर रूप क्रोध से जलगया ॥ १८२ ॥(५)उस समुद्र मथन में (६)इस युद्ध में ॥१८३॥ (७)भीम का हाथी मरा(८)हे धृतराष्ट्र[९]शत्रु के हाथी

पन्यौ मनु हेम गदा कृत पाप ॥१८४॥
दशारथ के सु गदा फिर दीन्ह,
कुलून सुदेस बिना प्रभु कीन्ह ॥
पिस्यौ गज जुक्त कुलून सु नाथ,
भये भटके हलके कहु हाथ ॥१८५॥
गई रज व्योम लयौं रवि छाइ,
दई वह वानन भीम उडाइ ॥
भली रवि किंकरता भट कीन्ह,
कह्यौ ऋषि भीमहिं यौं हसि दीन्ह॥१८६।
दोहा ॥
ईस कुलूत सु देसकौ, छेमधूर्ति तिहिं नाम॥
कन्यौ क्षेम ताकै सुकृपि, फिर अछेम न काम
छंद मुक्तादाम ॥
जुरे अनुविंद रु विंद सजोर,
ति केकयनाथ महाभट मोर ॥

के सिर पर (१)मरेहुए हाथी में गदा के पापको उतारा था है ॥१८४॥ (२) शंख का शब्द (३)करके (४)जयमल युद्ध करते हैं तब पहिले थोड़ी कसरत करते हैं उसको हल-का हाथ करना कहते हैं सो भीम के थोड़े हलके हाथ हुए ॥ १८५ ॥ (५) ऋषि जो युद्ध देखते थे उन्होंने भीम से कहा कि हे भट तूने सूर्य की सेवा अच्छी की और हंस दिया ॥ १८६ ॥ (६) मरे पीछे दुःख का काम नहीं

परे दुँहुँ घायन व्है भरपूर,
उठ्यौ अनुविंद कि रुद्र[1] अँकूर ॥१८८॥
महाभट सात्यकिसौं रन मच्च,
नच्यौ अनुविंद कबंध[2] सु नच्च ॥
विदारिय सात्यकिकौ धनु विंदु,
अच्यौ रन तौजस[3] जोर न इंदु ॥१८९॥
परस्पर कट्टिय बाह[4] रु बान,
कढे दुँहुँ ले कर ढाल[5] कृपान ॥
ठसे दुँहुँ भट्ट के ठट्टिय ढल्ल,
उड्यौ भट सात्यकि जुद्ध अचल्ल १९०
अलग्ग[6] किये धर सीस अनीह,
जथा जुग मित्र करै खल जीह[7] ॥
भन्यौ भट भीमहिं दाँनिय[8] भर्म,
घनौ मन तोर गदा वल घर्म[9] ॥१९१॥

॥ १८७ ॥ (१) रौद्र रस का अंकुर ॥ १८८ ॥ (२) मस्तक कटने से कबन्ध भया हुआ अनुविंद कबन्ध का नाच नचा (३) उस विन्द के जस के बराबर चन्द्र उज्वल नहीं ॥ १८९ ॥ (४) घोड़ा (५) ढालें कर्णी ॥ १९० ॥ (६) विंद के सिर और धड़ को जुदा कर दिया (७) जैसे पिशुन की जीभ दो मित्रों को जुदा करदेती है (८) सुवर्ण देने वाला [कर्ण] (९) तेजी ॥ १९१ ॥

पढ्यौ न गदा[1]रन हौं विधि पूर,
सिखावहु आज बनौं रन सूर ॥
कही इम कोप भिर्‍यौ कलिं कर्न,
वहै रन वर्न सकौं नहि वर्न ॥१९२॥
सुनैं कति सूम लहैं यह सर्न,
करैं पखपात जिते कवि कर्न ॥
कहौं मम बुद्धियलौं रनछेह,
बनैं मिस्कमान समान न गेह ॥१९३॥
फटे करि मत्थ गदा परि कर्न,
विभा वह देख करौं कछु वर्न ॥
गिरे गज मुत्तिंय उच्छर गैन,
कहैं रविकौं सुत कीन्ह अचैन ॥१९४॥
उडे करि कुंभिन कुंभ अपार,

(१)मैं गदा युद्ध पूर्ण नहीं पढ़ा हूं तू सिखादे तो मैं भी शूरोंकी गिनती में होजाऊं(२)युद्धमें ३)कर्ण ने वर्ण(अक्षर कहे उनका वर्णन मैं नहीं कर सकता हूं ।१९२।(४)कितनेक सूम यह शरण लेते हैं कि(५)जितने कवि हैं वे सब कर्णका पक्षपात करते हैं ॥१९३॥ (६)स्तुति (७) गजमोतियोंका सूर्य से कथन है कि तुम्हारे पुत्र ने हमारा गजकुम्भ रूप घर छुड़वा कर हमको दुःखित किया है ॥१९४॥(८)हाथियों के

निहारत चक्रित[1] व्है सुरनार[2] ॥
कटे कुच मोर किधौं परवार,
उडे उरु[3] कै उडि सुंडि उदार ॥१९५॥
बन्यौ गज आतन[4] मृत्यु विथार,
निसादि[5] विसादि[6] बनैं सु विचार ॥
कटे भट ठट्ठ प्रकोपित कर्न,
विभा वह व्यास सकै कछु वर्न ॥१९६॥
जु हो रविमंडल छेकन जोग,
सु गौ नहिं पुष्ट सुरस्तुति भोग ॥
प्रसूनन[10]के गन अर्पि[11] अपार,
इहा सुरवृच्छ[12] गये सब हार ॥१९७॥
वरे पति डारिय जे वरमाल,
तिन्हैं लहि आन[13] वरैं सुरबाल ॥

(१) चक्राकार इकट्ठी होकर (२) अप्सरा (३)दूसरी बाला के (४)उरु[ऊरु]साथल ॥१९५॥ [५]समूह (६) विस्तार (७) हाथियों के सवार (८) हाथियों के मरने से विष खाने की इच्छावाले अथवा दुःखी ॥१९६॥ (९) देवताओं की कीहुई स्तुति के भोगने से पुष्ट ऐसे होगये कि जिससे सूर्य मंडल में नहीं समाये(१०) पुष्पों के (११) देकर (१२)कल्पवृच्छ ॥१९७॥ (१३,दूसरी अप्सराएं उन्हीं वरमालाओं को लेकर पतियों को वरती हैं

मच्यौ रन कर्न सु और मचैंन,
सुमीलितनैंन अरातिन सैंन ॥१६८॥
भग्यौ दल पंडुन और भगैंन,
निहारत माधव दच्छिन नैंन ॥
परी कित बंसुरि पीरहिं पेरि,
कहा गति धोरिय धूमर केरि ॥१९९॥

सोरठा ॥

ऋषि चारन गंधर्व, रीते सुम धरि करन सिर ॥
रवि ससिहू तिँहिं पर्व, पुष्पवन्त दाखे प्रगट२००

प्रथमयामका सूचीपत्र॥

छप्पय ॥

पंच सुरन मंगल रु करन रविमल्ल सु कित्तिय
नृप वंश रु कविवंश दीप्तिजुत ग्रंथ नाम दिय॥

॥ १६८ ॥ (१) वाम नेत्र स्त्री का है और दक्षिण नेत्र निज का है. श्रीकृष्ण ने यह विचार किया कि मेरी मुरली मेरी तरफ पीड़ा को भेजकर किधर पड़ गई और धोरी धूमरी गय्या की क्या गति होगी पूर्वानुभूत यह बात याद आई और कोई भी स्मृति न रही ॥ १९९ ॥ (२) खाली होगये (३) उस समय सूर्य चंद्रमा भी (४) पुष्पोंवाले हुए. सूर्य और चन्द्रमा दोनों को एक उक्ति में पुष्पवन्त अमरकोश में कहा है। उक्तं च "एकयोक्त्यापुष्पवन्तौदिवाकरनिशाकरौ"इत्यमरः२००

करन मरन अरु उपालंभ संजयसौं नृप सुनि॥
नृप पिछतावन जुद्ध प्रश्न दिय विदुर ज्ञान गुनि
करनजसभावीप्रबलताजियतमृतकसुभटनकथन
करनरनप्रश्नसेनपकरनव्यूहरचनदुवदललरन॥

दोहा॥

कलह भीम रु कुलूतकौ, सात्यकि विंद सँभार॥
भीमकरनरनप्रथमकी, पढ़र सुवस्तु विचार२०२

इतिश्रीमच्चंडीचरणारविंदचंचरीकचारणवा
साभिधेयचारुसम्वसथवास्तव्यचारणचक्रचक्र–
वाकचंडांशुजाज्वल्यमानकाव्याज्ञत्वज्वालाज्वल
ज्जगज्जीवजुष्टजयजीवनबलूंदाख्यग्रामठक्कुर–
जीवनसिंहप्रतोलीपालवंशभास्करप्रबंधप्रणेतृमि

(१) समझा (२) धृतराष्ट्र का संजय प्रति कर्ण के युद्ध का प्रश्न (३) कर्ण को सेनापति करना ॥२०१॥२०२॥

इति श्रीमती चंडी के चरणारविंद में है चित्त रूप भ्रमर जिसका, चारनवास नामक सुंदर ग्राम का निवासी, चारण समूह रूप चकवों के लिये सूर्य रूप, जाज्वल्यमान काव्यकी अज्ञता रूप ज्वालाओं से जलतेहुए जीवों करके सेवित, विजयके जीवन रूप बलूंदा नामक ग्रामके ठाकुर जीवनसिंह का पोलपात, वंशभास्कर ग्रंथ के रचयिता मिश्रण कुलमें प्रकट हुए श्रीसूर्यमल्लका शिष्य, पातावत

श्रयाकुलोद्भूतश्रीसूर्यमल्लशिष्यपातावतशाखा-प्ररूढजगरामात्मजपद्मसिंहप्रभाषितकर्णपर्वविभाविभूषितवीरविनोदे प्रथमयामयुद्धंसंपूर्णम्॥१॥

शाखावाले जगरामका पुत्र, जो पद्मसिंह उससे रचेहुए कर्णपर्वकी शोभा करके विभूषित वीरविनोद में प्रथम याम का युद्ध सम्पूर्ण हुआ ॥ १ ॥

इति प्रथमयाम ॥

अथ द्वितीययाम प्रारम्भ ॥

दोहा ॥

जानहु दूजिय जामकौ, अब[1] आरन विधि[2] ओर॥
छैलकैं[3] कातरयौं[4] छिपहिं,ज्यौं झखरवि[5]कर[6]गौर[7]१
जुद्ध जु दूजिय जामकौ, दूजिय वस्तु न जत्र ॥
मारहु मारहु[8] अरनमैं, एकहि आरव[9] अत्र ॥२॥
कवित्त-रांगको[10] समागम चहत नित्त मैंत्तचित्त,
सुबरनैं[12] परन धरन पैंच्छ[13] रनके ॥

(१) युद्ध (२) रीति (३) कपट करके (४) कायर (५) मच्छी (६) सूर्य की किरणों के (७) विचार से॥१॥ (८) भिड़ने में (९) शब्द ॥२॥(१०)तीन तरहके श्लेषोंमें से यहां कवि ने प्रकृतों का श्लेष अलंकार दिखाया है॥ अप्सराओं की तानें और अप्सराओंके पतियों के वाण ये दोनों प्रकृत हैं जिन दोनों के क्रम से विशेषण दिखाते हैं.राग(भैरवादिक और सिंधु)के समागम(अच्छाआना) को नित्य चाहते हैं (११) और दोनों ही सदा मुदित चित्त हैं। अर्थश्लेष से ये दोनों विशेषण बराबर हैं. (१२)अप्सरा पक्ष में अच्छे हैं अक्षर जिनमें ऐसा और परन (तिरवट के बोलों का समूह इसको गवैये जानते हैं) धारण करनेवाले तान. और वाण पक्षमें सुवरन(सोना) उससे जड़ाऊ तीरों के परन (पक्ष) को धारण करनेवाले. ऐसे ही अगाड़ी दोनों पक्षों में जान लेना (१३) रणका पक्ष दोनों के समान

ग्रामनमैं नेह अति श्रुतिनमैं नेह अति,
कवि पद्मेस नभ धरनि भरनके ॥
लच्छे अवगाहैं अच्छ आहैं अति चाहैं स्वच्छ,
नागनँ घुमावैं रव विकृति करनके ॥
मानमैं समान आनजानमैं समान मान,

---

(१)मंद्रादिकों में अत्यन्त स्नेह है जिनका ऐसे तान, ग्राम (गांवों में)अत्यन्त स्नेह है जिनका ऐसे बाण (२) श्रुति (तीव्रकादिक) इनमें अत्यन्त स्नेह है जिनका ऐसे तान, श्रुति (कानों) में है अत्यन्त स्नेह जिनका ऐसे बाण (३) आकाश और पृथ्वी को भरनेवाले दोनों पक्ष में समान (४) लच्छ निशाना सदृश अच्छे राग के समझनेवाले उनको अवगाहैं अच्छी तरह से व्याप्त होते हैं ऐसे तान, अभ्यास के समय निशानों पर व्याप्त हुए थे वे इस वक्त लक्ष्य निशाने सदृश वीरों में अच्छी तरह व्याप्त होते हैं ऐसे बाण (५) आहैं (वाह वाह) अत्यन्त चाहते हैं ऐसे तान, आहैं (आह इस तरह के शब्द) विशेषों को चाहते हैं ऐसे बाण (६) निर्मल दोनों पक्ष में समान. (७) नागन सर्पों के शिरों को हिलाते हैं ऐसे तान, नागन हाथियों के सिरों को हिलाते हैं ऐसे बाण [८] रव शब्द उस में विकार करनेवाले अर्थात् श्रोता आनन्दसे और भय से गदगद कंठवाले होजाते हैं. दोनों पक्षों में समान [९] मान जिस समय पर मृदंगादिकों की सम ताल आती है उसी समय पर उनकी तानें पड़ती हैं ऐसे तान, मान धनुर्वेदोक्त अंगुलादि पांखें

अच्छरन तान बान अच्छर बरनके ॥३॥

छन्द मुक्तादाम ॥

समंट्टिय द्वै दल अग्गिम सूर,
निरक्खिय अच्छर सूर सुनूर ॥
बरे रथ रथ्थ रु पत्तियँ पत्ति,
अरे गज गज्ज सपंत्ति सपत्ति ॥४॥
परस्पँर बान चले नभ पूरि,
भई घसि घोर चिनंगिय भूरि ॥
कटी रविकी किरनैं रन क्रूर,
परैं नभतैं मनु चूरन पूर ॥५॥

सांठी भल्ल इनके प्रमाण में समान ऐसे बाण. आन जान में अवरोह आरोह में सातों स्वरों का उतरना और चढ़ना उसमें समान ऐसे तान, आन जान अपने बाणों का जाना प्रतिपक्षियों के बाणों का आना उसमें समान ऐसे बाण हे राजा धृतराष्ट्र तू मान. यद्यपि लोक में गवैये तान शब्द को स्त्रीलिंग कहते हैं परंतु हमने संगीतशास्त्रानुसार पुल्लिंग कहा है ॥ ३ ॥ [१] सजे (२) अगाड़ी चलनेवाले (३) अप्सराओं ने (४) अच्छा है स्वरूप जिनका (५) पैदलों से पैदल (६) घोड़ों से घोड़े यहां "अपत्ति अपत्ति" यह अन्त्यानुप्रास है ॥ ४ ॥ [७] आपस में [८]बहुत चिनगारियें [९]बाणों की रगड़ से सूर्य की किरणें कट गईं [१०]भयानक[११] मानों आकाश से किरणों का चूर पड़ता है ॥ ५ ॥

चले गन बाननके तिँहिँ चालि,
मनौं भट छत्तनतैं भ्रमरालि ॥
उभै दल भूपन तेज अनूप,
जु स्वेद सु छोनिय स्नानिय रूप ॥६॥
छई तित श्रोनितकी छिछकार,
अनोपम कुंकुंम आड अपार ॥
प्रभों इहिँ रंगमेंही किय पूज,
दिपैं ललकार सुई स्तुति कूँज ॥७॥
कही बहु केसर क्यौं दर आप,
मरूपति आवनकौ परताप ॥
लगे उरँ बान कढे तनु पार,
भलो पर ज्यौं खैल छत्तिय फार ॥८॥

---

(१)समूह(२)उस रीति से(३)वीरों रूप मधुमक्खियों के छातों से(४)भँवरों[मनैयों]की पंक्ति(५)राजाओं की (६) उपमा रहित(७)पसीना(८)मानों पृथिवी के लिये स्नान करने योग्य जल है ॥ ६ ॥ (९) रुधिर की धारें छागईं (१०)केसर(११)शोभा से ऐसी(१२)युद्ध भूमि की पूजा की (१३) सिंहनाद है यही स्तुति है (१४)कु नाम पृथिवी से ज नाम उत्पन्न हुई ॥ ७ ॥(१५)थोड़ा जल (१६)मारवाड़ के राजाओं के आने के कारण से (१७) छाती में (१८) जैसे दुष्ट की छाती फाड़कर पार जावै ॥ ८ ॥

परे कंति कातर भल्ल कपार,
पखौंवन पंकति पिक्षि अपार॥
चढी तित तर्क लई कवि चीन्ह,
मेरे उडिंजान मनौं मन कीन्ह ॥९॥

छप्पय ॥

श्रुतकर्मा अरु चित्रसेन जुट्टिय रन सायकं॥
कढ्ढि कृपान कवान बानलखिहसिपितृनायक॥
श्रुतकर्मा स्थिंतसेन चित्रसेनहिं हुर्त दब्बिय ॥
देखिं दीह रन दुसह देहल परि कुरुदल दब्बिय
तदब्बिय१ लदब्बिय२ अंत्यानुप्रासः॥१॥
प्रतिविंध्यचित्रजुट्टियप्रबलधनुषतीरतोमेरकटिय
प्रतिविंध्य सार्थि हय कटिग लखि कुपि चित्रहिं
लिनु प्रान किय ॥१०॥

छंद मोतीदाम ॥

सुनी इम भीम जप्यौ रिस ज्वाल,
कुप्यौ हग लाल किये मनुं काल ॥
कहे कटु बैन गुरू सुत ओर,

(१) कितने ही कायर पड़गये (२) तीरों में लगी हुई पांखें (३) उड़जाने का मन किया ॥ ९ ॥ (४) भिड़े (५) युद्ध में बाणों से (६) यमराज (७) स्थिर है सेना जिसकी (८) जल्दी से दबाया (९) घबराहट (१०) युधिष्ठिर से द्रौपदी में पैदा हुआ पुत्र (११) भाले कट गये ॥ १० ॥

सुन्यौं कृपिके घर वेदन सोर ॥११॥
अनोपम ही उपवेद उदार,
धनुर्व गान सुने चित धार ॥
सुन्यौं नहिं मैं कृपि रोदन तत्र,
मचैं वह आज रचूं रन अत्र ॥१२॥
भन्यौं तब भूसुर संभर भीम,
दई वड रोदन कुंतिय नीम ॥
न रोयसकैं तिंहिं लौं मम मात,
वडी विधि रोवन कुंति विख्यात ॥१३॥
भये पति पांच भई इक भाम,
कहा नहिं रोवनको तित काम ॥
लई तिंहिं छीन सभा बिच लाज,
सुन्यौं विनु वस्त्रन पांडु समाज ॥१४॥
लई वनमैं गहि द्रोपदि फेर,
वनी विध रोवनकी तिंहिं वेर ॥
हस्यौ गहि कीचक द्रोपदि हत्थ,
नच्यौ तित क्लीब बन्यौ सुन पत्थ॥१५॥

---

(१) अश्वत्थामाकी माता के घर वेदघोष सुना॥११॥१२॥ (२) ब्राह्मण अश्वत्थामा (४) हे भीम तू (३) सुन ॥१३॥ (५) स्त्री (द्रौपदी) (६) उस द्रौपदी की ॥१४॥ (७) नपुंसक॥१५॥

सुनी इतनी जब कुंतिय श्रौंन,
कह्यौ जग तासम रोवहि कौंन ॥
न रोवत या हिततैं मम मात,
कही कहा भीम असंभव वात ॥१६॥

कविवचन ॥

सुनी द्विजकी इम बांनिय श्रौंन,
कुप्यौ अति भीम परैं मुख कौंन ॥

भीमवचन ॥

वनैं नहिं वातनतैं रन वीर,
हनैं मुहि हातन हौं हमगीर ॥१७॥
सुनी दल जाविध बानि समानैं,
जुरी रन ताविधि जोर जवान ॥
मिली धुंनिसौं धुनि नैंनन नैंन,
मिले गुनसौं गुन बैंनन बैंन ॥१८॥
मिली तति बाननसौं तति बान,
मिली गुनवान कबान कबान ॥
मिले उरसौं उर हत्थन हत्थ,

॥ १६ ॥ (१) अगाड़ी (२) होशियार हूं ॥१७॥ (३) अभिमान सहित (४) ध्यान से ध्यान ॥ १८ ॥ (५) प्रत्यंचावाली अर्थात् चढीहुई कमान से चढीहुई कमान मिली.

सजैं हित क्यों न संतीर्थ्य समर्त्थं॥१९॥
बढ्यौ तन स्वेद मिले भरपूर,
परस्पर कौंच किये दुँहुँ दूर ॥
सझैं जुग संगिन संगिन स्नान,
सुश्रोन जुजोग्गिय खोर समान ॥ २० ॥
सु मल्लन जुद्ध तथा रन जुद्ध,
उंयों कविके हिय रूपक उद्ध ॥
तहां मुरछाँ हुव नींद सुतेज,
छिनावधि सोयरहे रन सेज ॥२१॥

छप्पय-संसप्तकनसरांलियसौं पाग्थ समुझाये
भिरि द्रोनियं नर भनिय भये तब मम मनभाये

---

(१)एक गुरु के शिष्य (२)बलवान् ऐसे बाथ भर कर मिले कि दोनों को पसीना होगया ॥ १९ ॥ (३) दोनों ने कवच इसलिये दूर करादिये कि मानों प्रस्वेद सूखकर सुखी होजावैं (४)प्रस्वेद मे स्नान की उत्प्रेक्षा है. मानों अश्वत्थामा के संगवालों ने भीम को स्नान कराया और भीम के संगवालों ने अश्वत्थामा को स्नान कराया. अथवा संगिन अर्थात् बर्छिया से आपसमें युद्ध हुआ (५) मिट्टी लगाना ॥ २० ॥ (६ उत्पन्न हुआ (७) उन दोनों को मूर्छा आगई है वही उत्कट (गाढ) नींद है ॥२१॥ (८) समय मुकर्रिर करके युद्ध से पीछे न मुड़ने की प्रतिज्ञावाले (९) बाणों की पंक्तियों से(१०)अश्वत्थामा औ

क्रान्हे कहिय मनेमान ठानि मन दुँहुँ मुद मानहु
दुँहुँ कबान दिय बान पेखि क्रिं दंकिय पखानहु
वर वीर पत्थसर पीरसौं धीरज किमिढ़िय धरधरिय
भिरिसंसप्तकगनभटअमय कुपिपाथ्थ लौरनकरिय

छंद मुक्तादाम ॥

कुप्यौ पुनि द्रोनसिसू मनुँ काल,
जँझोरिय पत्थ तरू सर जाल ॥
इतै उत श्रोनित धार अपार,
श्रवै मनुँ आसिसँ ओ नतिसार ॥२३॥
कही हरि पत्थहिँ द्रोनिहिँ मार,
बढैं विषँ आसिष वार विथार ॥
मरैं दुँहुँ आपुन तूं द्विज मार,
हसैं सब लोक निहार निहार ॥२४॥
चले सर दोहुँन चंचल चाल,
हसे दुँहु ए दुँहुँ सेन विहाल ॥

अर्जुन भिड़कर बोले (१) श्रीकृष्ण बोले (२) यथेच्छ (३) हर्ष (४) अश्वत्थामा को देखकर (५) पत्थर भी पिघल गये तो कायर क्यों नहीं घबरावें (६) अश्वत्थामा का हृदय धूजने लगा ॥ २२ ॥ (७) अश्वत्थामा (८) अर्जुन रूप वृक्ष को कंपाया (९) रुधिर की धाराएं (१०) आशीर्वाद और नमस्कार ॥२३॥ (११) आशीर्वाद रूप जहर का विस्तार ॥२४॥

परे कटि दोहुँनके विच तीर,
प्रपा पर प्यासिनकी जनुँ भीर ॥२५॥
घरी इकलौं हुव आहवे घोर,
अरयौ कारि नर्म अरैं नहि ओर॥
विदारिय भूसुर बाजिन बग्ग,
मिले कुरुफोज ति बाजि अमग्ग ॥२६॥

दोहा ॥

इत जुट्टिय नर उत सुन्यौ,निज दल कातर सोर॥
दंडधार मगधप आगि,घेरिय घन रन घोर॥२७॥
इन दुँहुँ भ्रातन संग ह्वां, रन सिसुभारत रीत ॥
वड भारतमैं प्रथम फिर,रक्खिय व्यास प्रतीत२८
दंडधार अरु दंड नृप, सह्जन संपति सत्थ ॥
कह्यौ पत्थ कित पत्थ कित, आन जुँहारे पत्थ२९

छंद मोतीदाम ॥

अटयौ हसि पारथ भूपन ओर,

---

(१) जल की प्याऊ (ग्रीष्मकाल में जल पिलाने की जगह) ॥ २५ ॥ (२) भयानक युद्ध (३)हांसी (४) अश्वत्थामा के (५) घोड़ों की बागडोर (६) रस्ते बिना ॥ २६ ॥ २७ ॥ (७) बालभारत नामक ग्रन्थ के अनुसार (८) महाभारत में ॥ २८ ॥(९) लक्ष्मी (१०)मुजरा किया अर्थात् दूसरों को जबाब देने की जरूरत न रक्खी॥२९॥

मिली मनुँ मल्लहिं मुद्गर जोर ॥
भ्रमावत पेचनसौं भट भूप,
रुप्यौ तित पत्थ सु जेठिय रूप ॥३०॥
फिरैं दुँहुँ पारथके चहुँ फेर,
मनों रवि चंद प्रदच्छन मेर ॥
हस्यौ कवि तर्क फुरी हिय हेर,
प्रदच्छन सूर सर्सी सनिकेर ॥३१॥
हस्यौ कवि हीय सु तर्क हुलास,
कि चंड रु मुंड मृडानिय पास ॥
बढ्यौ अनि पारथ कै रसँबीर,
कढ्यौ मग रोमन व्याप्त सरीर ॥३२॥
बनैं रँग पीत बिवाद बनैं न,
सुबुद्धि कविंद कुतर्क सनैं न ॥
लिखी बहु तर्क उठी हियै लोल,

---

(१) मानों मल्ल को मोगरी की जोड़ी मिली (२) दावों से घुमाता है. मोगरियों को और राजाओं को (३ वहां अर्जुन ज्येष्ठ मल्लरूप हुआ॥३०॥(४)परिक्रमा (५) सूर्य चंद्रमा शनि के चारों तरफ़: यहां अर्जुन का श्यामवर्ण होने से शनैश्चर को उपमान रक्खा है॥ ३१ ॥ (६)कालिका रूप अर्जुन (७) वीर रसका रंग पीला है ॥३२॥[८]खोटी तर्क से भीजते नहीं (९) चंचल हृदय में ॥ ३३ ॥

वहाँ कवि वाँछित धर्म अडोल ॥३३॥
फुलिंगनसेँ उनके सरसार,
अनादर कैँ नर दीन उछार ॥
भये बिनु तेज रनांगन राज,
गये रविमंडल जाचन काज ॥३४॥
मरे तिनकौं लखि भो दल मोद,
गिरे हम काल धरे गहि गोद ॥
विदारत जो न इन्हैं नर वीर,
सुकात सबै दलौं सोच सरीर ॥३५॥
उभै भट तीरैं जहाँ जैय नीर,
बनी तटनी बैर वीखत वीर ॥
धर्यो विधि धीर भिजोवन धर्म,

(१) चिनगारियों से (२) इन दोनों राजाओं के (३) मानों तेज माँगने के लिये सूर्य मंडल को गये. यहाँ मरना व्यंगार्थ है ॥३४॥ (४) हुआ (५) हर्ष (६) यमराजा ने पकड़कर गोद में धर लिये थे (८) अर्जुन (६) बहादुर (७) दंड और दंडधारको (१०) सोच सेना के शरीर को सुखादेता है ॥३५॥ (११) विंद अनुविंद रूपी (१२) तट (१३) विजय रूप जल है (१४) यह एक नदी बनी है (१५) अच्छे बहादुर देख रहे हैं (१६) नदी में ब्रह्मा ने भिगोने रूप धर्म रक्खा है, परन्तु यहाँ शरीर को सुखाने का धर्म कहाँ से आगया ॥ ३६ ॥

प्रप्यौ कित आय सुकावन पर्न ॥३६॥
अटैं विधि वंक जहाँ छवि उर्द्द,
बनावत बीज जु काज निरुद्ध ॥
विभादि बना इत पंचमि धार,
सज्यौ सु अलंकृति जानहु सार ॥३७॥

दोहा ॥

उग्रायुध सुत उछरिकैं, भेद्यो हरि नर हीय ॥
जाँहि बचावैं कौनजो, देंनहार लैं जीय ॥३८॥
उग्रायुध सुत नर हन्यो, हरि कहि होइ उदास
दुरजोधनके दोषतैं, होत भरत कुलनास ॥३९॥
पांड्यदेशकौ नृपति हौ, नाम प्रवीर प्रवीर ॥
रोकलयौ रन करन दल, जनुँ पंप परिग जँभीर

छंद मोतीदाम ॥

---

(४)ऊर्द्ध शोभावाला (२)भाग्य(३)टेढा होके (१)चले तो (५) विरुद्ध कारण कार्य को उत्पन्न करना है जैसे यहां जल रूप भिगोनेवाले विरुद्ध कारण से सूचना रूप कार्य हुआ इसलिये पांचवीं विभावना रूप अलंकार जानो ॥ ३७ ॥ (६) श्रीकृष्ण और अर्जुन के (७) वक्षःस्थल में (८) जो जीव का देनेवाला श्रीकृष्ण ही जीव लेवे तो, उस देहधारी को कौन बचा सकता है ॥३८॥३९॥ (९)नाम (१०)बहुत बलवान् शूर(११)पग में (१२)सांकल पड़गई

अरयौ नृप पांड्व उहां छवि अच्छ,
सिरोमनि पांडु चमूतिय स्वच्छ ॥
कुरू दलको मनुँ काल महेस,
सभी भयकार भुजा जनुँ सेस ॥ ४१ ॥
सिखी द्रग ह्यां अरिक्रोध उतंग,
गिनौ पघिया इतकौं उत गंग ॥
जटाजूट तीर लगे सिर जत्र,
उमा तनु वाम विजै छवि अत्र ॥४२॥
ससी उत स्वामिय धर्म सु सीस,
चलावत सूल वहैं रु गिरीस ॥
छुहैं छवि भूतिय जुग्म अछेक,
कपाल धरैं रु किरैं इत केक ॥४३॥

है ॥४०॥ (१) पांडवों की फौज रूप स्त्री का शिरोभूषण और (२) कौरवों की सेना को वह पांड्व प्रलय काल का महादेव है ॥ ४१ ॥ (३) अग्निनेत्र यहां शत्रु का ऊँचा क्रोध है, महादेव पक्ष में तृतीय नेत्र है (४) डांवा शरीर जो यहां विजय की शोभा है वह डांवा शरीर उमा है ॥ ४२ ॥ (५) जो सिर पर स्वामिधर्म है वही चन्द्रमा है (६) जोद्धार का शूल है वह महादेव का शूल है (७) महादेव और वीर. महादेव पक्ष में विभूति और वीर पक्ष में कई कपाल बिखर रहे हैं ॥ ४१ ॥

भले वृष संजुत जुग्म विभात,
सुधा जुत जुग्म क्रुधा सरसात ॥
भनैं सरवज्ञ उभैं कृति आन,
इहां पदमेस समान वखान ॥४४॥
जुरैं जिहिं साथ सुई भजि जांहिं,
कहैं बच गर्ब महा मन मांहिं ॥
सुन्यौ श्रुति सूतजनैं यह सोर,
मुरयौ मनुं देख अही दिस मोर ॥४५॥
गन्यौं तिंहिं कर्न अही अैलगर्द,
सज्यौ वनि सेसें करयौ तिंहिं सर्द ॥
परयौ रन कर्न व्यथातुर प्रान,
अरयौ तब उच्छरि द्रोनियैं आन ॥४६॥

---

(१)पुण्य और बैल (२)दोनों, महादेव पक्षमें चन्द्रके अमृत युक्त है, वीर पक्षमें अच्छे प्रकार शोभित और दोनों क्रोध सहित (३) महादेव सबको जाननेवाला और वीर को सब जानते हैं ॥४४॥ (४) यह पांडव का वाक्य है, जिस के साथ भिड़ता हूं वह भगजाता है (५)अब कविवचन (६) अभिमान (८)कर्ण ने (७) कानों से सुना (९) कर्ण ऐसा पलटा मानों सर्प को देखकर मोर पलटे ॥ ४५ ॥ (१०) उस पांडव को (११)जलसर्प (१२) पांडव शेष होकर सजा और कर्ण को शीतल कर दिया (१३)पीड़ित प्राणों वाला (१४)अश्वत्थामा आकर ॥४६॥

मिल्यौ मलयध्वज मुच्छ मरोर,
जुर्‍यौ भट द्रोनिय उप्फनि जोर ॥
जनौं मलयध्वज ह्वां जजमान,
जहां क्रतुकारक द्रोनिय ज्वान ॥४७॥
पुरोहितकौ अपनौं नहिं और,
गिनैं नहिं यौं जिन धी नहिं गोर ॥
हने द्विज के हय हेर प्रवीन,
कमानहि काट निछावर कीन ॥४८॥
जुर्‍यौ द्विज व्हां पर बाजिय जोर,
कमान नवीन तजे सर सोर ॥
प्रवीर रु तासँग जे रनवीर,
तमारन झुक्किय तिंच्छन तीर ॥४९॥
करी ललकार सु पाठ हि क्रर,

---

(१) मलय पर्वत है ध्वजा में जिसके ऐसा ॥ ४७ ॥(२)पुरोहित के और अपने धनको भिन्न नहीं समझैं अर्थात् पुरोहित के धनको अपना धन समझैं उन की बुद्धि उज्वल नहीं अर्थात् मलिन है ॥४८॥(३)शब्द (४)तीक्ष्ण तीर लगने से मूर्छा से झुके ॥ ४९ ॥पंचमहायज्ञ का रूपक दिखाते हैं(५)ललकार रूप वेदका पाठ हैं

सुरी कृत तोस सपर्यक सूर ॥
पलादिन दीन्ह बलीपन पूर्न,
तितैं रत धार सुतर्पन तूर्न ॥५०॥
तबैं मलयध्वज तीरन तोम,
कर्यो द्विज चक्र रछकन होम ॥
भये मिलि पंच महाक्रतु मेल,
इला रनवारि सभा सु अचल्ल॥५१॥
सभासद है ऋषि देखन पूर,
वेद धनुर्विधि यज्वन सूर ॥
रच्यौ रनवारन वेदिय रूप,
जहां जुग जूंप भये दुहुँ भूप ॥५२॥
उतैं द्विज छंडिय दीर्घ उसास,
पढ्यो मनुँ सो श्रुति मंत्र प्रकास ॥
हने हय व्हां हयमेधँ भयो सु,

(१)अप्सराओं का जो सन्तोष किया है वही सपर्या है (२)मांसाहारियों को आहार दिया है सोही बलि है ॥ ५० ॥(३)समूह(४)जो उसके चक्र रक्षक थे उनको मारने रूप होम किया(५)श्रेष्ठ(६) रणभूमि ही सभा है ॥ ५१ ॥ (७) मलयध्वज और अश्वत्थामा के युद्ध को देखनेवाले ऋषि सभासद हैं (८) धनुर्वेद ही वेद है (९) वीर यज्ञ करनेवाले हैं(१०)यज्ञस्तंभ ॥ ५२ ॥(११)अश्व-

मरे खट संगिय पुन्य नयो सु ॥५३॥

परस्पर ऋषिवचन ॥

मरे भट जो क्रतु यों फल दीन,
प्रथा क्रतुकी रहिहैं न प्रवीन ॥
जु लैं द्विजकौ धन आपुन जांनि,
मिलैं फल याविधि हैं नहिँ हांनि ॥५४॥
करयौ वह चक्र रछक्कन होम,
सु भो फल ह्यां मन मानहु सोम ॥

कविवचन ॥

रच्यौ रिस द्रोनिय रच्छस रूप,
रन क्रतु सौंफ विगारि अनूप ॥५५॥
भग्यौ मलयध्वज निंदित भाग,

मेधयज्ञ(१)संगके छः मनुष्य मरे यहां पुण्य हुआ ॥५३॥ २)यज्ञ का फल आयु बढना है सो भटोंका मरना फल कहा यह उलटी रीति हुई इसलिये यज्ञ की प्रथा न रहेगी(३) पुरोहित का धन अपना जानैं उनको यही फल मिलता है ॥ ५४ ॥ ४) शीतल मन से(५)युद्ध को राक्षस बिगाड़ते हैं इसलिये अश्वत्थामा को राक्षस कहा(६) युद्ध रूप यज्ञ की सामग्री हाथी रथी रथादिक ॥ ५५ ॥ (७) निंद्य भाग्यवाले मलयध्वज की ध्वजा में प्रीति थी अर्थात् ध्वजा चंचल है जैसे उसका मन चंचल हुआ. ध्वजा में मलय पर्वत का चिन्ह था उस में भ्रांति नहीं

ध्वजा बिच प्रीति रु चिन्ह विराग ॥
गयंद चढ्यौ पुनि सो कहिँ गेर,
फिर्‌यो द्विज घां फिर तोमर फेर ॥५६॥
तबैं वह तोमर कट्टिय बिप्र,
मनौं इकं पुत्र मर्‌यो सुइ छिप्र ॥
लये पुनि द्रोनि चतुर्दस बान,
चतुर्दस भोनन दानिय जान ॥५७॥
सुवीर प्रवीर चतुर्दस संग,
चतुर्दस लोक लये रन रंग ॥
अरातियको इभ द्रोनिय ईख,
सज्यौ सरजालन दौं वड सीख ॥५८॥
हनैं पंद बाननसौं पद हेर,
जहां हिक मार्गन सुंडहि फेर ॥

थी; क्योंकि वह अचल है (१) और (२) बरछी ॥५६॥ (३) मलयध्वज के केवल एक बरछी ही रही थी वह भी अश्वत्थामा ने काट डाली उसमें एकाकी पुत्र के मरने की उत्प्रेक्षा है (४) अश्वत्थामा ने चौदह बाण यों लिये कि इनसे जो चौदह वीर मरेंगे उनको ये चौदह ही लोक देवेंगे ॥ ५७ ॥ (५ अश्वत्थामा ने और विचारा कि इसको शरसमूह से बड़ी सीख दूं अर्थात् मार डालूं ॥ ५८ ॥ (६) चार बाणों से चारों पैर काट डाले (७) एक बाण से

दिपै रत ताल रु कातर फेरु,
मर्यौ द्विपि द्रौनिहि आसिष वे रु॥५९॥
रुषा मलयध्वजकौं रन रोक,
सँभारहु आसिष ह्यां सरसोक ॥
द्वि बाननसौं भुज द्वे किय दूर,
कर्यौ सर इक्क विना सिर सूर ॥६०॥
जुरैं द्विजसौं रन जो जिंहिं जाम,
लहैं अपवर्ग चतुर्थ ललाम ॥
महारथि हे बहु या नृप संग,
तिन्हैं बहु बानन कीन्ह निषंग ॥६१॥
लगे सर जाल ति संजुत ज्वाल,
मिली कवि पच्छहिं तर्क सु माल ॥
कहा द्विजनैं उलटी गति कीन्ह,

(१) शृगाल (२) हाथी प्रहार से कायर होता है इसलिये इसको आशिष देना कहा है कि मैं दुःख से छूटा और तलाव मेरे प्रिय होने से तैंने भी तलाव दिया इससे प्रसन्न होकर आशीर्वाद दिया ॥ ५९ ॥ (३) बाणों का सरड़ाट ही आशीर्वाद है ॥६०॥ ॥(४) मोक्ष (५) पुरुषार्थों में चौथा (६) महारथी बाणों से ऐसे भरगये कि जैसे बाणों से भाथा भराजाय ॥ ६१ ॥ (७) जगत् में यह रीति है कि पहले जीव नि

पुरा छिप लांप पुनर्जिय लीन्ह ॥६२॥
मर्यौ मलयध्वज पांडव चीन,
भये मलयाद्रिज वायु विहीन ॥
अनूप सुमंगल भा उफनात,
बहैं सुख जहां मलयाद्रिज वात॥६३॥
अमंगल भा इत व्यापिय आन,
प्रवीर कियो रन स्वर्ग प्रयान ॥
परैं विपदा जब होइ कुपर्व,
सुखप्रद होत दुखप्रद सर्व ॥६४॥
भयौ बस काल प्रवीर सु भूप,
कलो परि पांडव आहवं कूप ॥

कहता है पीछे लांपा दियाजाता है इसने उलटा किया कि अग्न्यस्त्र रूप लांपा पहले दिया और पीछे जीव लिया. मुर्देको जलाने के लिये दर्भ घासादि के पूले को जलाकर चिता प्रज्वलित करते हैं उसको लांपा देना कहते हैं ॥ ६२ ॥ (१) मलयाद्रि पर्वत का वायु शीतल होता है सो मलयध्वज के मरने से पांडव उस शीतल वायु से हीन होगये अर्थात् शोक रूप उष्णवायु युक्त हुए (२) जहां मंगलीक वार्ता होती है वहां शीतल वायु आता है ॥ ६३ ॥ (३) बुरा समय आता है तब सुखदायी भी दुःखदायी होजाते हैं ॥ ६४ ॥ (४) युद्ध रूप

फिरी षबरानिय पंडुज फोज,
मच्यौ सुतसूरज ज्हां सर मोज ॥६५॥

द्वितीययाम का सूचीपत्र

छप्पय ॥

छिदुख लरन श्रुतकर्म चित्रसेन सु तिहिं विधि रन
प्रतिविन्ध्य रु चित्ररन वृकोदर अश्वत्थामन ॥
संसप्तकन लरन नररु द्रोनिप को पुन रन ॥
दंडधार अरु दंड हुँहुँनसौं नरँ रन हुव घनँ ॥
अर्जुन सुसरनरनँ कहिकैं उग्रायुध सुत मरनलिय
पुन पांड्य देशपँ मलीरनैं अर्जुनसौं रन क्रूर किय

दोहा ॥

मलय ध्वज नृपअतिसचिप, उतद्रोनिपअरिकाल
पहरद्वितीयसुपद्यकवि, वरनियजुद्धविशाल ६७

इतिश्रीमच्चंडीचरणारविंदचंचरीकचारणावा

छुप में छुप गये(१)सूरज का पुत्र बाणोंकी मौजसे उन्म
त्त होकर फिरा ॥६५॥ (२) युधिष्ठिर का पुत्र (३)भीम
(४) अश्वत्थामा (५) अर्जुन (६) रुद्र (७) श्रेष्ठ या-
धाओं से कटकर (८) पांड्य देश के मालिक मलीर नाम-
क राजा ने ॥ ६६ ॥ (९) बड़ा ॥ ६७ ॥

इति श्रीमती चंडी के चरणारविंद में है चित्त रूप भ्र

साभिधेयचारुसम्वसथवास्तव्यचारणचक्रचक्र-
वाकचंडांशुजाज्वल्यमानकाव्याज्ञत्वज्वालाज्वल-
ज्जगज्जीवजुष्टजयजीवनवलूंदाख्यग्रामठक्कुर
जीवनसिंहप्रतोलीपालवंशभास्करप्रबंधप्रणेतृमि
श्रणकुलोद्भूतश्रीसूर्यमल्लशिष्यपातावतशाखा
प्ररूढजगरामात्मजपद्मसिंहप्रभाषितकर्णपर्ववि
भाविभूषितवीरविनोदे द्वितीययामयुद्धं संपूर्णम्॥२

मर जिसका, चारनवास नामक सुंदर ग्राम का निवासी, चारण समूह रूप चकवों के लिये सूर्य रूप, जाज्वल्यमान काव्यकी अज्ञता रूप ज्वालाओं से जलते हुए जीवों करके सेवित, विजयके जीवन रूप वलूंदा नामक ग्रामके ठाकुर जीवनसिंह का पोलपात, वंशभास्कर ग्रंथ के रचयिता मिश्रण कुलमें प्रकट हुए श्रीसूर्यमल्लका शिष्य, पातावत शाखावाले जगरामका पुत्र, जो पद्मसिंह उससे रचे हुए कर्णपर्वकी शोभा करके विभूषित वीरविनोद में द्वितीय याम का युद्ध सम्पूर्ण हुआ ॥ २ ॥

इति द्वितीययाम ॥

अथ तृतीययामप्रारंभ॥

दोहा॥

युद्ध जु तीजी जामकौ, तीजीप्रकृतिय तंत्र॥
तीजी तिन तिनँ तोममैं, तीजी बनि हैं अत्र॥१॥
जुद्ध तीसरी पहरकौ, सूरन संहर सुभाय॥
जहां जहरकी नहरसौं, कातर लहर कुभाय॥२॥

छंद मोतीदाम॥

कही फिर पंडुज भिक्षुक फेर,
फिरैं गजँ वाजि लियैं सँग हेर॥
गजादिक धारन जोग इन्हैं न,
नदंड्यनै दंड नृनाथ अचैन॥३॥
हने वढि वाजिय हत्थि हरोलँ,

---

(१) नपुंसक (२) और जो व्याहे हुए हैं उनमें (३) ती अर्थात्स्त्रियों में जिनका जी है ऐसे (४) तृण सदृश उन कायरों के समूह में तीसरी ही होवेगी॥१॥(५) जी का बहकाना (६) अच्छी क्रिया (७) कायरों के लिये (८) खोटी क्रिया की॥२॥(९) कर्ण ने कहा कि पांडव भिक्षुक तो हैं (१०) तोभी हाथी घोड़ों के लिये फिरते हैं (११) दंड योग्य को दंड न देवै तो राजा को पाप लगता है और उसका फल दुःख है॥३॥(१२) आगे बढ़कर हरोल के घोड़े हाथियों को

लरे सँग आय मरे भट लोल ॥
हिलैं रथकेतु रथीन विहीन,
हाहा रथिहैं रथ सारथि हीन ॥ ४ ॥
इतैं वर तर्क कुती उर आत,
परी फॅरभूमि मनौं रन वात ॥
भगी कटि पांडव फौज विहाल,
मनों लखि डक्कनि बालक माल ॥५॥
भख्यौ अभिमन्यु सिसू छलभाइ,
इहां वह सूतज डक्कनि आइ ॥
कह्यौ हरि पत्थहिं व्यूढ विवेक,
डरैं थित मांत्रिक तूं इत एक ॥६॥

भारवाला (१) चंचल भट लड़े और मरे (२) ध्वजा (३) रथवालों के रथ टूट गये और सारथि मारे गये ॥ ४ ॥ (४) पाबूजी के पुजारे कनात में मंडेहुए हाथी घोड़ों के चिन्ह रखते हैं उस कनात को पाबूजी की या देवधर्मराज की फड़े कहते हैं. यहकभी पवन से गिरभी जाती है उसकी मरेहुए हाथी घोड़ों सहित रणभूमि में उत्प्रेक्षा है (५) मानों डाकण को देखकर बालकों की माला भागै ॥ ५ ॥ (६) बालक (७) कपट की क्रिया से (८) कर्ण रूप डाकण आई (९) बहुत ज्ञानवाले श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कहा (१०) मन्त्रवादी ॥ ६ ॥

हुल्लैं इमं बान बिभूतिय डारि,
[2]अजै खर पै धर देहु निकारि ॥
बन्यौ सुन पारथ मांत्रिक वीर,
[3]ततच्छन प्रेरिय मासक तीर ॥ ७ ॥
रुक्यौ नहिं कर्न गयो दल पार,
[4]यथा कहि मच्छि सु संमुह धार ॥
[5]अरयौ उत म्लेच्छ महीपति आय,
सम्यौ इत सात्यकि सौंज सवाय ॥८॥
करयौ रन तीरनकौ रिर्न सीस,
उतार दयौ सु मलेच्छ अधीस ॥
भयो सर [10]स्पर्श भयो अपवित्र ॥
करी [11]बलि पुष्ट पिसाचन चित्र ॥९॥

---

(१)इसप्रकार की बाण रूपी विभूति (भस्म या राख)को डालदें (२) अजय (हार) रूप गधे पर बिठा कर निकाल दें (३) तत्काल उद्दद रूप तीर चलाये ॥ ७ ॥ (४) जैसे (५) सामने ऊपर से पड़ती हुई जलधारा में मच्छी चली जाती है (६) यवनों का राजा [७] युद्ध सामग्री ॥ ८ ॥ (८) बाणों का कर्ज (ऋण) म्लेच्छपति के सिर पर किया (९) वह ऋण [कर्जा (१०) सात्यकि म्लेच्छ के बाणों से अशुद्ध हुआ (११)उस अशुद्धि को दूर करने के लिये पिशाचोंको जलाकर अनेक तरह

घेरयौ तनु बानन तिच्छन धार,
बडी लघु[2] बुत्थन बुत्थ बगार ॥
अरातिन प्रानन[3] भार उतार,
सिनिसुत[4] उज्जल भौ जिमि तार[5] ॥१०॥
मच्यौ रन पुंड्र महीप मलेच्छ,
सज्यौ इतकौं सहदेवहु स्वेच्छ[6] ॥
जॅरे बहु तिच्छन बान जुवान[7],
परे कटि हस्ति निसादि[8] अप्रान ॥११॥
हन्यौ जिहिं म्लेच्छहिं सात्यकि हेरि[9],
बढ्यौ तिहिं पुत्र विलच्छन बेर ॥
चल्यौ सहदेव करूं[10] इहिं चैन,
बरज्जिय ह्वां नकुल प्रुथु[11] बैन ॥१२॥
अट्यौ[12] इत म्लेच्छ तनूज[13] अचल्ल,

की बलि दी ॥ ९ ॥ (१) शरीर को घड़ दिया (२) छोटी मांस की बोटी बोटी बिखेरदी (३) शत्रुओं के जो प्राणों का भार था वह उतार कर (४) सात्यकि (५) चांदी के जैसे उज्वल हुआ ॥ १० ॥ (६) अपनी इच्छा से (७) तरुण भट ने बहुत तीक्ष्ण बाण जड़ दिये (८) हाथी पर चढ़ने वाले प्राण रहित कट कर पड़ गये ॥ ११ ॥ (९) ढूंढकर (१०) इसके सुख करूं इस विचार से (११) मोटे वचनों से नकुल ने मना किया ॥ १२ ॥ (१२) चला (१३) पुत्र.

मिल्यौ उततैं नकुल प्रतिमल्ल[1] ॥
हन्यौं तिंहिं भूगत[2] माद्रिज बान,
गये तल[3] गंग सजैं जनु स्नान ॥१३॥
जुरे सहदेव दुसासन ज्वान,
पुरातन[4] प्रीतिहिं लीन पिछान ॥
परस्पर पूछि कुसी भरपूर,
सजी नवछावर बानन सूर[5] ॥१४॥
तजे सर[6] तीन दुसासन तान,
दये सहदेवहु सत्तर बान ॥
दुसासनकौ द्रढ[7] दावन दाटि,
किये रज[8] सूत धनू हय काटि ॥१५॥
बरक्खिय पंडु महा झर बान,
दुसासन देह सु धास[9] समान ॥

---

१) शत्रु (२) नकुल के बाण जमीन में घुसगये (३) पाताल गंगा में मानों उनका स्नान सिद्ध होवै ॥ १३ ॥ (४) पुरानी प्रीति को पहिचान ली (५) बहादुरों ने ॥ १४ ॥ (६) बाण (७) मजबूत पेचों से दबाकर (८) सारथि, धनुष और घोड़ों को काटकर चूर्ण कर दिये ॥ १५ ॥ (९) वह दुःशासन का शरीर जवासे के समान है

मरयौ रथि यौं मन सारथि मान,
गयौ दल पार रथी थितथान ॥१६॥
तहां थित कर्न महाधनु तीर,
बढयौ लखिकैं नकुल प्रति वीर ॥
उपज्जिय तां हिय चीन्ह अचैन,
सुनाय कहे वच सूतज सैंन ॥१७॥
बढै इतकौं इक को इँहि वेर,
भटाक्लिय मोसँग लैं भट मेर ॥
जहां कहि कर्न दुहूं कर जोर,
खरौ इक हौं नहिं तो सम ओर ॥१८॥
कह्यौ किंत आगम कोमल गात,
करैं कहा वाल कह्यौ कहा मात ॥
मिल्यौ नहिं भोजन का दुख ग्लानि,

(१) सारथि मन में रथी को मरा हुआ जानकर सेना के पार गया (२) रथ में स्थित है दुःशासन रथी जिस में ॥ १६ ॥ (३) बडे हैं धनुष और तीर जिसके (४) उस नकुल के हृदय में दुःख को जान कर ॥ १७ ॥ (५) मेरी तरफ बढ़कर आवै ऐसा वीर कौन है (६) योद्धाओं की पंक्ति मेरे साथ भिड़ा ले सके (७) दोनों हाथ जोड़ कर (८) खड़ा हूं (९) तेरे जैसा दूसरा नहीं ॥ १८ ॥ (१०) हे कोमल शरीर वाले तेरा किधर से आना हुआ (११) मुख बिगड़ा क्यों है

गिरैं कर सस्त्र भई कहा ग्लानि ॥१९॥
कह्यौ तब पंडुज अँखिन घोर,
इतौ दल तोसम वीर न और ॥
खरौ वर धीरज को वड खास,
गिनैं नहि भूख गिनैं नहि प्यास॥२०॥
खरक्किय नग्र विराट सु खग्ग,
अनोपम भग्गि गयो नर अग्ग ॥
परे पग केतक काँटक पूर,
छुरे कति तू न मुरयौ रन सूर ॥२१॥
भई सिर्ल कृच्छनतैं भट भेर,
जहां न रुक्यौ रु भयौ नहि जेर ॥
पर्यौ अकुलाय लगी तित प्यास,
पियौ नहिं नीरहु हो अतिपास ॥२२॥

---

(१) हाथों से शस्त्र गिरते हैं और थकेला (परिश्रम) क्यों हुआ ॥ १९ ॥ (२) नकुल ने आँखों को फिराकर कहा (३) बड़ा भंडार ॥ २० ॥ (४) खरराहट किया. (५) अच्छे खड्गों का (६) अर्जुन के अगाड़ी (७) पैरों में कितने ही कांटे पूरे भगगये (चुभगये)॥२१॥(८)पत्थर (९) वश (अत्यन्तअधीन)(१०)व्याकुल हो कर पड़गया (११)जल की तृष्णा (इच्छा) लगी(१२) जल अत्यन्त पास नहीं था॥ २२ ॥

परैं कहुँ श्रोनन पारथ नाम,
जवैं न अरोगत नौ दस जाम ॥
सुने हम आप समान न सूर,
गिनौं नहि भूख रु प्यास गरूर ॥ २३ ॥
सुजोधनकौं पकरयौ चित्रकेतु,
उरःछद सस्त्रहु हे वहु हेतु ॥
हिल्यौ नहिं दीन्ह हजारन हांक,
ततच्छिन खाय लई कि तैलाक ॥२४॥
धरी बिधि या विधि तो बिच धीर,
सहैं फटि जात न तोर सरीर ॥
व्यथाकर पंडुजके सुनि वर्न,
दयो नहिं जावँ कह्यो कुपि कर्न ॥२५॥
बडे हम कातर तूं वड वीर,

(१)कानोंमें(२)नहीं खाता है नौ या दश प्रहर तक(३)अभिमानमें आया हुआ॥२३॥(४)जिस वक्त चित्रकेतु नामक गन्धर्वने दुर्योधन को पकड़ा था उस वक्त बकतर और शस्त्र भी थे(५)दुर्योधन ने अनेक वार तुझको बुलाया तो भी रक्षा के लिये नहीं चला(६)क्या सोगन खाली॥२४॥(७)ब्रह्माने इस तरह (८) तेरा ही शरीर सहता है फटता नहीं(९)पीड़ा देनेवाले नकुल के अक्षर सुनकर(१०)उत्तर न दिया और क्रोध करके कहा ॥ २५ ॥ (११) कायर

खरो[1] रह देहु सु हत्थ सु खीरे[2] ॥
भऱ्यौ मुख भल्ल[3] विहीनन बान,
प्रभा सु जुहारन कुंडिप्रमान[4] ॥२६॥
व्यथाकर अर्कजके[5] लगि बान,
कुप्यो पुनि पंडुज[6] कर्षि कबान ॥
कहे कटुबोल दुहों[7] दल बीच,

नकुलवचन ॥

निहार[8] हनूँ इहिँ ठौरहिँ नीच[9] ॥ २७ ॥
कहीं तुव भूख सु पुच्छय[10] बात,
कहूँ तिँहिँ[11] उत्तर ही हरखात ॥

---

(१)खड्गारह (२)युद्ध रूप उष्ण खीर में हाथ दे (३) फल रहित बाणों से मुख भरदिया (४) जवारों के कूंडे के जैसी कान्ति हुई. जवारों के बोने के पात्र को मरुस्थल में कुंडी कहते हैं सो मुख में कुंडी की उत्प्रेक्षा है॥२६॥ (५)कर्ण के(६)नकुलने धनुषको खैंचकर(७)पाण्डव और कौरवों की सेना में [८] तू देख(९)हे दुष्ट कर्ण तुझको इसी जगह मारता हूं. यहां कर्ण की प्रशंसा है कि अर्जुन रहित चारों भाइयों को नहीं मारने की प्रतिज्ञा को निबाहता है. और नकुल की भूल है कि जो बडे भाई अर्जुन की कर्ण को मारने रूप प्रतिज्ञा पर अमल नहीं करता ॥ २७ ॥ (१०) और कहा कि जो तूने पहले भूख की बात पूछी थी (११) उसका जवाब ऐसा देता हूं कि तेरा चित्त प्रसन्न

भली तुव प्रानन्की मम भीख,
विजै रस पीवहु गोरस ईख ॥२८॥
दये गन बान गए सब व्यर्थ,
अरैं खलकै न करैं श्रुति अर्थ ॥
गदा गहि हत्थ पटक्किय भट्ट,
कटी बिच बत्त मनौं बतकट्ट ॥२९॥
हने धनु बाजिय स्पंदन सूत,
परयौ निसकिंचन पंडु सपूत ॥
कटे सब सस्त्र कटे सब बास,
परयौ ततकाल जन्यौं सुत पास॥३०॥
जथा मत संकर द्वैत उडाइ,

हो जाय (१) यद्यपि जगत् में भीख मांगना बुरा है तथापि तेरे प्राणों की भीख मुझको बड़ी प्यारी है(२) सेलड़ी [सांठा] के रस के तुल्य विजय रूप रस पीऊंगा ॥ २८ ॥ (३)निष्फल [४] दुष्ट के साम्हने वेदका अर्थ(५) बीच में ही कट गई (६) मानों बात काटने की आदत वाले पुरुष की बात कट जावे ॥ २९ ॥ (७) रथ और सारथी (८) सब वस्तु रहित [९] वस्त्र (कपड़ा) (१०)उस वक्त पैदा हुआ बालक माता के पास पड़ा अर्थात् रण भूमि रूप माता के ऊपर पड़ा ॥ ३० ॥(११)जैसे शंकराचार्यजी का मत सब द्वैत वस्तु को उड़ाकर एक ब्रह्म को रखता है ऐसे एक कर्ण रहा और कुछ न रहा

उहाँ इक ब्रह्महिं शाखत लाइ ॥
बडे नर भाखत हैं सु जवान ॥
जवैं थिर चित्त तवैं सब ज्ञान ॥ ३१ ॥
दयौ वर कर्न दुरी स्मृति दूरि,
भयौ भ्रम भूलि भयातुर भूरि ॥
पछारहिं कर्न रहैं नहि मान,
मही छिन द्वै छिनके मिजमान ॥३२॥
पृथा वच कर्न गयो नहिं पार,
तज्यौ तिहिं जीवत बानन टार ॥
लरौं कित पत्थ उतै ललकारि,
हरयौ दल पंडुजकौ हलकारि ॥३३॥
गयौ सहदेव गिरयौ तित भ्रात,
विलोकत मुक्ख न आवत बात ॥

---

(१)बडे आदमी(२)जब स्थिरचित्त रहता है तब सबज्ञान रहते हैं ॥ ३१ ॥(३)जो चारों को न मारने का वर दिया था उसकी यादगिरी छिपगई (४) संदेह से (५) मरने के भय से बहुत व्याकुल हुआ(६)एक क्षण के या दो क्षण के पाहुने हैं॥३२॥(७)जो कुन्ती को वचन दिया था उस का उल्लंघन नहीं किया(८)अर्जुन उधर है अब ललकार वाला मैं किधर लडूं(९)बुलाकर॥३३॥(१०)नकुल(११)नकुल के मुख को देखता है और इसके मुख से बात नहीं निक-

संभारहिं अर्जुन यौं चित धारि,
लयौ निज भ्रातहिं स्यंदन डारि ॥३४॥

करन वचन ॥

इहाँ भट पंडुज हो मम अग्ग,
खिस्यो कहुँ हेरन खेटक खग्ग ॥
परयौ भ्रम कर्न तकैं मन रोक,
गयौ गडि भूमि किधौं सुरलोक ॥३५॥
किधौं सर वारन धारन लग्गि,
गरयौ रतमैं कि जरयौ रिस अग्गि ॥
उड़ै सर पौंन सु पंख विहीन,
कह्यौ कुपि कर्न कुतर्क न कीन॥३६॥
खरो इहिं ठोर करौं इक खपाल,
सजौं भुवतें नभ लौं सर जाल ॥
हनौं नहिं आँन चढै कहुँ हत्थ,

लता (१) इस कर्ण को अर्जुन सम्हालेगा (२) रथ में ॥ ३४ ॥ (३) कहीं ढाल तलवार ढूंढने गया है (४) मन को रोककर देखता है (५) क्या स्वर्ग में गया ॥३५॥ [६] क्या तीरों के प्रहारों से भालों के लगगया अथवा [७] लोहू में गलगया [८] क्या क्रोध रूप अग्नि में जलगया [९] क्या बाणों के पवन से उड़गया, क्योंकि वह पंख रहित था इससे ॥ ३६ ॥ [१०] फंदा

रहैं बच कुंतिय[१]के सिर सत्थ ॥३७॥
उतैं सर पारथ[२] पौंन अचैंन,
सहैं न महाज्वर[३] संजुत सैंन ॥
परी सब सेन त्रिगंर्तनकेर,
रह्यौ नहिं इक्क[४] फिरैं रन फेर ॥३८॥
गही टुक गांजिवकी गुन मौंन,
कह्यौ हरि[५] पत्थ चलैं पथ कौंन ॥
कहैं इम[६] कर्न खरौ रन बीर,
पियैं कित[७] प्यास दुखी मम तीर ॥३९॥

॥ दूतवचन ॥

करयौ बहु माद्रिजकौ[८] अपमान,
पर्यौ रन बीच व्यथातुर[९] प्रान ॥

---

(१) कुंती के वचन सिरके साथ रहते हैं॥३७॥(२)अर्जुन के बाणों रूप पवन दुःख देनेवाला है(३)उसको बड़े ज्वर वाली सेना कैसे सहे (४) त्रिगर्त्त देश के राजाओं के अगाड़ी॥३८॥(५)गांडीव धनुष की प्रत्यंचा ने मौन ली अर्थात् कुछ तीर चलने बंद हुए (६) अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा हे हरि अब किस मार्ग से चलैं (७) तब हरि ने कहा कि यह कर्ण खड़ा हुआ कहता है कि (८) मेरे तीर प्यासे हैं कहां पीवैं ॥ ३९ ॥ (९) नकुल का कर्ण ने अपमान किया (१०) यह नकुल युद्ध भूमि में पड़ा है

॥ कविवचन ॥

कही इँहिं दूत सुनी नर कांन,
गहे कर यौं बर गंजिव बांन ॥ ४० ॥
हरयौ नर ह्वां हरिकौ सुख हेर,
फिराक लई हय वग्गहि फेर ॥
अरयौ नहिं पत्थ जहाँ भट आन,
गयौ थित कर्न तहां सु गुमान ॥४१ ॥

॥ श्रीकृष्ण वचन ॥

॥ घनाक्षरी ॥

द्रौपदीके ऐंचे बार जंघाकौं पँसार कही,
यहां बेठ ऐसेनकौं को नहि धिकार देत॥
जेतेजेते नीच काम कीन्हैं दुरजोधननैं,
तेते सब रावरी सलाहकौं पसार देत ॥
जुद्धमैं न छत्री भजैं तू न छत्री सूतज है,
कोऊ छत्री कहैं तो विचार लेहु गार देत ॥
पत्थपैं गरी न दार मंत्र लीनो पुत्र मार,

और उस के प्राण पीड़ा से व्याकुल हैं. (१) अर्जुन ने ॥ ४०॥ (२)फिराक श्रीकृष्ण ने घोड़ों की बाग को फेरी (३) जहां दूसरे भट खड़े थे वहां अर्जुन अड़ा हीं नहीं(४)जहां अभिमान सहित कर्ण खड़ा था वहां गया ॥ ४१ ॥ (५) फैलाव(६) भागते हैं (७) अर्जुन के पास आपकी दाल नहीं गली. (८) द्रोण के पास अर्जुन के

मात्रिजकौ मान मार कुर्यो हसि तार देत॥४२॥

छंद मुक्तादाम ॥

अरे रन कर्न रु पारथ उद्ध,
जहाँ जुग सैंन बिसारिय जुद्ध ॥
कढे दुहुँ बान समान कराल,
कढी जुग जीहं मनौं अहि काल॥४३॥
कठढ्ढिय वीरन जोरि कबान,
अरे अहि ओठ उभै उपमान ॥
भये दल द्वै अरराहट भाव,
छिपी तिहिं फौज जरैं दल दाव ॥४४॥
उभै भट छुट्टिय बान अपार,
बढैं वर बीरन पीर बिथार ॥
लगे नरके तिहिं त्यौं नर बान,
अरी नहि फूलछरी कित आन ॥४५॥
जथाविध भक्षक मात रु तात,

पुत्र को मारने की सलाह की ॥४२॥ (१) दोनों के बाण समान निकले जिस में उत्प्रेक्षा है कि (२) मानों यमराज रूप सर्प की दोनों जीभें निकलीं ॥ ४३ ॥ (३) खैंची (४) काल रूप सर्प के दोनों ओष्ठ उपमान हैं (५) दोनों धनुषों की अरराट है वोही फुंकारा है ॥ ४४॥ (६) कर्ण के लगे (७) वह्नि पार्थ के ॥ ४५ ॥

भखैं भख बाल रहैं बिललात ॥
कह्यौ हरि पारथकौं करि कोप,
खिसैं नहिं कर्न खरौ पग रोप ॥४६॥
हकारिय[2] सूतहिं पारथ बीर,
तमोर[3] दई लगि तिच्छन तीर ॥
सुं[4] घायन घूम रह्यौ रन सूर,
जनौं वड बात बिहाल खजूर ॥ ४७॥
भये भल खोरिय[5] तिच्छन भाल,
श्रवैं तिहिं स्वेद[6] सु साधु सुचाल ॥
परैं तित श्रोनित धार अपार,
अनूप फलावलिके अनुहार ॥४८॥
मरयौ नहि कर्न मरयौ तिहिं मोह[7],
छटा लखि पत्थहि भौ अति छोह[8] ॥

---

(१)परस्पर बाण न लगने में उपमा है कि जैसे माता पिता चटोकड़े होवैं वे खाने लायक वस्तु आप खाजाते हैं और बालक रोते रहजाते हैं॥४६॥ (२) कर्ण को ललकारा (३) तीक्ष्ण तीरों ने लगकर कर्ण को मूर्छित किया (४)वह कर्ण॥४७॥(५) तीक्ष्ण भाले ही खजूर के खोड़ अर्थात् लम्बी डांडी के नीचे के अवयव हैं(६)पसीना वही सीधु नामक (खजूर का मद) मदिरा या सामान्य मद है ॥४८॥ (७) मूर्छा मिटगई(८)अत्यन्त क्षोभ हुआ

बरक्खियं[१] हाटक हेल सु बान,
हरे हुव कृष्ण[२] उभै उपमा न ॥ ४९ ॥
दुहूँन कह्यौ करि हास्य चमूप,
रचे कित नील[३] सु बंदर रूप ॥
भए ध्रुव साहितके[४] कवि भूप,
रच्यौ रँग स्याम[५] हरयौ इक रूप॥ ५० ॥
कह्यौ कुपि पारथनैं ततकाल,
खरौ रहि खूब करौं हिक ख्याल ॥
भरयौ तनु साँमल बानन भीर,
न बीच जु एक रुपैं कच चीर[६] ॥ ५१ ॥
जुहारहु[७] मो सरकौ यह जोग,
रुप्यौ रिन रिच्छ[८] लखैं सब लोग ॥
परयौ खिति कर्न सु विस्मृति[९] पूरि,

(१) सुनहरी कलई के बाण थे (२) उन बाणों से दोनों कृष्ण (अर्जुन और श्रीकृष्ण) हरे रंगवाले हो गये. पीला और नीलारंग मिलने से हरा रंग होता है ॥ ४९ ॥ (३) यहां नील बंदर रूप कैसे हैं? इसका अभिप्राय यह है कि (४) साहित्य के कविराजों ने हरा और नीला रंग एक ही कहा है (५) श्याम वर्ण ॥ ५० ॥ (६) बाणों के दृढ संयोग से केश की फाड़ ॥ ५१ ॥ (७) सलाम लो मेरे तीरों का यह जोग है (८) रोम रोम में बाण लगने से रींछ की उपमा है (९) बेहोशी.

भग्यौ दल पारथसौं भय भूरि[1] ॥५२॥
अरी उपमा उत सोचित आय,
परैं मनु ठूँठ[2] चिनंगिय धाय ॥
लख्यौ तव पुत्र कह्यौ ललकार,
दियौ न भगौ वट[3] वीरन डार ॥ ५३ ॥ ॥

सेनावचन ॥

लरैं तुमि पारथसौं ललकार,
रचैं रुपि[4] जो जमसौं कुपि रार ॥
जिमावहिं[5] तौ सुतकौं घर जांहिं,
इहाँ इक बानहिसौं मरिजाँहिं[6] ॥ ५४॥

॥ अपर सेनावचन ॥

मरैं नहि हेतु पर्यौ इक दीठ,
परैं नहिं पत्थ[7] भगैं पर पीठ ॥
घनी तव फौज भगी घबराय,

(१) बहुत ॥ ५२ ॥ (२) लोगों के एक साथ भगने में ठूंठ के पड़ने में चिनगें उठने की उत्प्रेक्षा है (३) मरोड़ (टेढ़ाई) को छोड़कर दियो याने खड़ेरह कर शोभा युक्त होओ यह वीरों से दुर्योधन कहता है ॥ ५३ ॥ (४) जो रुपकर यमराज से युद्धकरै वह अर्जुन से लड़ै (५) और (६) जो तुम्हारा कहना माने वह एक बाण से माराजावै ॥ ५४ ॥ (७) अर्जुन भगे हुओं की पीठ पर नहीं लगता

अर्यौ उत ठैं[1] फिर पारथ आय॥५५॥
करी कति कर्न हुलासन कूकै[2],
चलैं जिम चारन त्यागहिं चूक ॥

॥ सेना वचन ॥

लयौ इम त्याग चले सब लोग,
जु हैं इत कर्न वडाइय जोगं ॥ ५६ ॥
इतैं इभ आवहिं अँर्व अनेक,
किते रथ वस्त्र रु जेवर केक ॥
इहाँ वगरे फिरहैं विधि अग्ग,
सँभारहि और न कर्न समग्ग ॥५७॥
महा मनुहार वनैं नहि मूक,
चरैं इत काक फिरैं कित चूक ॥
कलत्र उडाय रही यह काग;
भिरैं नहिं भाग भयो कहि राग ॥५८॥

(१)इसलिये अंगुओं की बाजू में हो कर उधर साम्हने आ खड़ा हुआ है ॥ ५५ ॥ (२) पुकार (३) त्याग वंटे पीछे प्रतिष्ठित कवियों को घोड़े हाथी दिये जाते हैं ॥ ५६ ॥ (४) इधर हाथी और घोड़े अनेक आते हैं (५)भाग्य के अगाड़ी विखरे हुए (६) यहां प्रतिष्ठित कर्ण ही है इसलिये यह सबको सम्हालेगा ॥५७॥(७) स्त्री घर पर पति के घर आने के लिये कागको उड़ारही है (८) हम भिड़ैं नहीं हमको भाग्य ने स्नेह से

इस्यौ कहि पारथ जोर सुहात,
रहौ इक रात पधारहु प्रात ॥
इहैं घर रावर वात न ओर,
कृपा कर हेरहु नैंनन कोर ॥५९॥
डुरे सुन भाखियं नैंनन डेर,

सेनावचन ॥

फिरैं ति फिरैं जम जाठर फेर ॥
दयौ नहि व्यास सु उक्ति स्वदाव,
सज्यौ कवि पक्ष स्ववंस स्वभाव ॥६०॥

संजय वचन॥

इहा हुवतो दलको अपहास,
पर्यौ तित कर्न सु पुन्यहि पास ॥
कुती पदमेस रवीसुत क्रुद्ध,
जुट्यौ जु महाबल उत्कट जुद्ध ॥६१॥

॥ चंद्रशेखर ॥

उड्डिय उलूक अराति सूक रु,

कहा तुम भागजाओ ॥ ५८ ॥ (१)प्रातःकाल(२) हम को देखो ॥ ५९ ॥ (३) यमराज के पेट में फिरता है वो पीछा फिरता है(४)अच्छी कल्पना पर वेदव्यासजी ने अपना पेच न दिया॥६०॥(५)ठट्ठा(६)केवल कर्ण और उसका पुण्य रहा और कोई न रहा॥६१॥(७)शकुनि का पुत्र वही

कूक काकनलौं करैं कति ॥
तिते पंखलौं अतिपंख जुक्त,
प्रहार मार्गन तिग्मकी तति ॥
धृतराष्ट्रपुत्र जुजुत्सु संक्रुद्ध,
धाय दाय वतायकैं घन ॥
पृथु कोप पेचकैं पै परयौ कहि,
रोप पद छल लोपकैं मन ॥ ६२ ॥
पटु बान कानन पास आनि,
उलूक पानिनमैं दये कुपि ॥
मनु सीख लिन्हिय ईखतैं तनु,
खेतमैं धसिकैं रहे छुपि॥

घूक यानी उल्लू उड़ा, यहां उलूक शब्द में श्लेष है. और शत्रु शुष्क हो गये और कितने ही कौओं के माफिक कूका करते हैं (१) यहां घूघूके पांखों के जैसे पांखों सहित इसके तीखे तीरों की पंक्ति है (२) धृतराष्ट्र का बेटा युयुत्सु नामक (३) दृढ (४) बड़े क्रोध वाला उलूक नामक शकुनि के पुत्र पर पड़ा (५) और कहा कि चित्त के कपट को दूर करके युद्ध में पैरों को रोप ॥ ६२ ॥ (६) तीखे तीरों को (७) हाथों में (८) मानों इन्होंने ईख (सेलड़ी या सांठा) से यह शिक्षा ली (९) शरीर रूप खेत में घुसकर छिप रहे. किसानों

धंनुजोरि[1] तोरि रु जोरि घोरन,
फोरि फोरि जुजुत्सुकौ हिय ॥
दुहुँ ओर[2] नैंनन चोरि गो,
रनं[3] छोरि दोरि जुजुत्सु हा कियँ[4]॥६३॥
अब कोपिकैं पद रोपि,
श्रुतकर्म्मा[5] अलोप[6] समद्दिकैं उत ॥
रथ सारथि बाजि हनैं तबैं कुपि,
सतानीक अनीकँ[7] किय द्रुत ॥
भल लीन्ह अर्गल[8] अश्वगल[9] दलि,
सूत दलमलिकैं दल्यौ दल ॥

की यहां यह परिपाटी है कि सांठे के एक २ हाथ भर के अंदाजन टुकड़े करके उनको भीजी हुई हल की फांस में पैर से दबा देते हैं (१) धनुषों की जोड़ी (जोड़ि पहिला और दूसरा लिया हुआ) को तोड़कर और घोड़ों की जोड़ी को फोड़कर और युयुत्सु के हृदय को फोड़कर (२) दोनों तरफ से नेत्रों को चोरकर अर्थात् लज्जित होकर चलागया (३) युद्ध छोड़कर और दौड़कर (४) युयुत्सु ने हाहा कार किया अर्थात् उसको देखनेवालों ने हायरे हायरे ऐसा कहा ॥ ६३ ॥ (५) श्रुतकर्मा नाम (६) प्रकट सजकर (७) जल्दी युद्ध किया (८) अच्छी आगल हाथ में थी (९) घोड़ों के कण्ठों को दलकर और सारथि

रतखालै चल भल भूमि हुव चल,
पापके बल ज्यौंहि वृषबल ॥६४॥
सुतसोमनैं सर तीन दिय,
सकुनी कुनी रु मुनी भयौ तब ॥
जिय सोमन्हैं सुतसोमकी,
सुकृपांन अर्द्ध कटी दटी जब ॥
तब खंड खग्गँ उठायकैं,
सुतसोमकौं पकस्यौ लस्यौ रन
श्रुतकीर्ति रथ सुतसोम गौ,
सकुनी लस्यौ दल घोरसौं घन ॥६५॥
कुपि धृष्टद्युम्न कुरू चँमू,
पर जातहौ कृपं डट्यौ कुपि ॥

को मरोड़कर सेना को चूर्ण की (मारी) (१) श्रेष्ठ रुधिर का प्रवाह चला और जमीन धूजी (२) जैसे पाप के बल से धर्म का बल कांपजावै ॥ ६४ ॥ (३) सुतसोम नामक भीम के पुत्र ने तीन बाण दिये जिससे शकुनि (४) लँगड़ा (लूला) हुआ और मौनवाला अर्थात् बोलने से रहित हुआ (५) जीव में हीनता होकर (६) अच्छी तलवार आधी कटगई (७) टूटी हुई तलवार (८) अर्जुन के पुत्र श्रुतकीर्त्ति के रथ पर सुतसोम गया (९) भयानक सेना से निरन्तर लड़ा ॥ ६५ ॥ (१०) सेना पर (११) कृपाचार्य ने क्रोध कर डाटलिया

जनु सांति छोभहिं[1] त्यागें[2] लोभहिं,
कीर्ति दोषहिं दट्टयौ रूपैं[3] ॥
धनु तांन बांन कृसानु सत्रुन,
मान मान जरावने गनि ॥
धैर धूज धूजिय धृष्टद्युम्न सुं[6],
त्याग शस्त्र विराग जसंजनि ॥६६॥
द्विज मोर प्रानन दच्छना,
लीन्ही चहैं चेल भीमपै द्रुत ॥
सुनकैं चल्यौ लहि सारथी,
कप आंखि[10] छत्रिन गार यौं श्रुत ॥
मत भाग आग अंगार[11] मो हिय,
जाग जंग सुखग्ग लै कर ॥

॥ कविवचन ॥

---

(१)क्रोध को(२)दान(३)ठहरकर(४)तीरों सम्बन्धी अग्नि. शत्रुओं के माया और अभिमान को जलाने के लिये समझ कर(५)पृथिवी(६)वह धृष्टद्युम्न(७)जसके जन्ममें है वैराग्य जिसका॥६६॥(८)कृपाचार्य मेरे प्राणों की दाक्षणा लेना चाहता है (९) हे सारथि तू जल्दी भीम के पास चल (१०)कृपाचार्य ने कहा यह क्षत्रियों को भागने की गाल लगती है ऐसा मैंने सुना है (११) मेरे हृदय में अग्नि बखेरकर युद्ध में अच्छा खड्ग हाथ में ले.

अन[1]हानि तो तित कांन दैं न,
सुजांन ह्यां अति प्रानकौ डर ॥६७॥
कृप भ[2]ले तो कृपपैं रह्यौ,
भगि गौ कृ[3]पा निज जीयपै करि ॥
बनि वैनतेय[4] विशाल कूप,
घन संख पूरि समक्ष अ[5]हि अरि॥
जि[6]त कोपि तंडिय रार मंडिय,
ह्यां सिखंडिय चंडि[7]कौं जजि ॥
सुन [8]व्यूढकर्म्मा [9]व्यूढवर्म्मा,
उग्र कृतवर्म्मा जुट्यौ साजि ॥ ६८ ॥
जुरि दुँहुँन बान कबान कट्टिय,
[10]त्यौंहि कट्टिय [11]यांन जोरिय ॥
[12]रनछोनि छंडि सिखंडि भंडिय[13],

---

(१)जो तृणमात्र भी हानि होतो धीर पुरुष कांन नहीं देते अर्थात् नहीं सुनते सो यहां तो प्राणों का बड़ा डर है ॥६७॥(२)लजाह(३)दया(४)कृपाचार्य ने गरुड़ बनकर दृढ शंख को बजाया(५)शत्रु रूप सर्पों के साम्हने(६)जहां क्रोधकर गर्जना करी (७) देवी की पूजा करके(८)बड़े कामों वाला (९) बड़ा है बक्तर जिसके ॥ ६८ ॥ (१०) वैसे ही।(११) सवारी का आपस का जोड़ा(१२)युद्ध भू-मि को छोड़कर(१३) तिरस्कृत हुआ.

धृष्टद्युम्नहिँ संग दोरिय ॥
पंचालके सुत हे इन्हैं,
पहुँचाय दिय पंचालके दल ॥
मिजमान मांन वधावनौं थिक,
मांनि गौ दल पंडुकौ भल ॥ ६९ ॥
इततौ सुयोधन क्रूर क्रोधन,
लेस बोध न प्रानकौ उर ॥
उत धर्मजायौ दीह दायौ,
रंग आयौ जीतकौं जुर ॥
दृढ यान भूप समान तान,
कबान बाननसौं छये दुव ॥
दिय तांनि धर्मज बांन छुक्किग,

---

(१)ये दोनों पंचाल राजाके पुत्र थे उनको उनकी फौजने पहुंचा दिया अर्थात् पंचाल की फौज भी साथ भगगई (२) ठीक जानकर अच्छी पाण्डवों की सेना भी उन्हें मिजमान जानकर मान बधाने को गई अर्थात् यह भी संग हो भगी॥६९॥(३)क्रोधी[४]हृदय में थोड़ा भी ज्ञान नहीं था (५)युधिष्ठिर(६)बडा है दावा जिस का, अर्थात् युद्ध कर के राज्य का आधा हिस्सा लेने वाला. जीतने के लिये जुड़कर आया (७) दोनों राजा तुल्य हैं (८) धनुषों को खैंचकर(९)युधिष्ठिर ने

कृपान[1] हानि पिछान तव सुव[2] ॥ ७० ॥
कृप छोभ[3] छोनिप त्यौं अहौनिहिं[4],
हौंनि द्रोनिय हू करैं कुपि ॥
मिलि कर्न ऊपर कर्न नृपकौ[5],
अर्न[6] पंडुज संग ठहाँ रुपि ॥
भट भीम पारथ सात्यकी रु,
सिखंडि आदिक पांडु संगिय ॥
इतके अटे उतके अटे,
इतके[7] सजे उतके[8]सजे जिय[9] ॥ ७१ ॥
इतके लखे उतके लखे,
इतके अरे उतके अरे भट ॥
इतके मचे उतके मचे,
इतके नचे उतके नचे नँट[10] ॥
रथकौं तथा रथिकौं तथा रँथ[11],

(१)तलवार झुकगई(२)संजय धृतराष्ट्र से कहता है कि तेरे पुत्र ने हानि पहिचान ली॥७०॥(३)क्रोध उत्पन्न होने की भूमि(४)क्रोध करके नहीं होनेवाले को होनी करनेवाला ऐसा अश्वत्थामा भी(५)राजा दुर्योधन की ऊपर करने के लिये(६)युधिष्ठिर के साथ वहां अड़ने के लिये(७)कौरवों के(८)पाण्डवों के(९)अपने सबे जी से तैयार हुए ॥७१॥ (१०)विलक्षण नांच करनेवाले(११)रथ के अंग पहिया

अंग रंग उछार अट्टिय ॥
कट[1] काटिकैं कटि[2] काटिकैं,
इतही कविकौं उपमा दरसैं ॥
पितु कोप सुनैं अतिकोपपुरी,
जमुना चवधारन जंग जुरी ॥६६॥
भलहैं न सुता इनसौं अरनैं,
कहि छांह गई कि मनैं करनैं ॥
सुनकैं यह आनि जुर्‌यौ कि सनी,
भिरहैं हम तूं जिन रीति भनी ॥६७॥

राजा (शेष)(१)दुमची (घोड़ोंके खोगीरों में बनात वगैरहसे लिपटी हुई निवार, जो पूंछमें होकरके खोगीरमें लगी रहतीहै. वह वस्त्र या चमड़ेकी होतीहै वहां कान्तिवाले पुष्प शोभते हैं(२)आठों ग्रह चन्द्रादिक इकट्ठे हुए पिछली ली हुई चन्द्रकिरणों को मांगते हैं ॥६५॥ यहां से कविने काले गजगाहों का वर्णन करना प्रारम्भ किया है. (३)अच्छी है काली कान्ति जिनकी (४) सूर्य के क्रोध को (५) यमुना चारों धाराओं से युद्ध करने के लिये भिड़ी ॥ ६६ ॥ (६) हे बेटी यमुना (यह उक्ति सूर्यकी छाया की है) इन से युद्ध करना या परपुरुष से स्पर्श करना ठीक नहीं है(७)शनैश्चर (८) तू मत भिड़. यह रीति है

वरबीर सुखग्ग[1] उदग्ग वही,
चवखंड भये उपमा सु चही[2] ॥
झरते सनिपैं रिससों झपट्यौ,
कहुँ केतुहु ताँविधि तत्थ कट्यौ ॥६८॥
अरिको अरिमित्त[3] सुध्यांन[4] धर्‌यौ,
तमँ च्यारदिसान पिछान अर्‌यौ ॥
रुचिरंग[5] सुरंग जिहाँनि रटैं,
उपमान कुरंग[6] जुबांन कटैं ॥६९॥
करहीनँ[7] कियौ जिन चंद जहाँ,
कहियैं मृग[8] कौंन पयांन कहाँ ॥
वरवग्गन वत्त न वैंननसौं,
निरखैं मन पिट्ठि[9]नैंननसौं ॥७०॥

कि भाई के जीते वाहिने का लड़ना उचित नहीं ॥६७॥
(१) घोड़े पर चढे हुए वीर का ऊंचे अग्रभागवाला खड्ग चला जिससे शनिके चार टुकड़े हुए (२)उस शनि की तरह ॥ ६८ ॥ (३)शत्रु का शत्रु मित्र होता है. यहां सूर्य का शत्रु केतु मित्र हुआ(४)अंधकार(५)संसारः अच्छे रंगवाला कहता है(६)यदि कुरंग(हरिण और खराब वर्ण) को उपमान कहूं तो कहनेवाले की जीभ कट जाय ॥ ६९ ॥(७)किरण रहित और हस्त रहित (८) हे मृग तू कह, उस वक्त कहां गया था अथवा कोई कहे कि जिस वक्त चन्द्रमाको जीता था उस वक्त हरिणने कहां गमन किया(९)सवार का मन पीठरूप नेत्र से देखता है ॥७०॥

संचिकों सुचि नच्च सु राह सजैं,
वर पोरनं घोर मृदंग वजैं ॥
श्रुति१मूर्छन २ ग्राम ३ भये इक ज्यौं,
मनुं सादिय१वाजिय२कौतुकि३ त्यौं ।७१।
तथथैपं १ तथैप २ तथैय ३ तवैं,
जुर जाल लखैं सुरवालं जवैं ॥
हियपै छविदार हमेल हिले,
सुमर्माल ति नारद लीन मिले ॥७२॥
लखि नच्च सुरी वहुवेर परी,
करि कोप सुरेंद्रं परैं कतरी ॥
गुनगाहक सादिनकौं सुनिकैं,

(१) इन्द्राणी के जैसा श्रेष्ठ नाच करते हैं (२) उत्तम खुरों से जो आवाज है वह मृदंग वजता है (३) बाईस श्रुतियां और इक्कीस मूर्छना और तीन ग्राम जैसे एक रूप हो गये हैं (४) वैसे सवार और घोड़े और देखनेवालों का मन ये तीनों एक रूप होगये ॥ ७१ ॥ (५) ये तीनों तिरवट के बोल तव होते हैं (६) जब स्वर्ग की स्त्रियां देखती हैं (७)कान्तिवाला हार विशेष (मरुभाषा में झालरा) (८)पुष्पों की माला ॥७२॥ (९) देवताओं की स्त्रियां इनका नृत्य देख वहुत वेर मूर्छा खाखा कर पड़गई (१०) इन्द्र ने उन की पांखें कतरलीं (११) गुणग्राहक

चकरी पकरी गुनकौं चुनिकैं ॥७३॥
उपमा पवमाने[2] न माननकौं,
गृहझारक[3] गर्दभ आननकौं ॥
फननेटिंयलैं[4] गज फेटनतैं,
चललड्डु[5] सुबाल चपेटनतैं ॥७४॥
असवारनके मन गैल[6] अटैं,
रमनीपतियाँ[7] रुचि पीय रटैं ॥
दुहुँ बागनमैं इकधा[8] दरसैं,
जलमैं थलमैं घन[9] ज्यौं बरसैं ॥७५॥
कर[10] द्वै तनु आपत टारनमैं,
दृग[11] द्वै जिम रूप निहारनमैं ॥
श्रुति[12] द्वै जिम शब्द सुनावनमैं,

सवारों को सुनकर इन्द्रने (१) डोर रूप (गुण) को बीच में रखकर चकरी (खिलौना) लिया ॥ ७३ ॥ (२) वायुको उपमान मानना योग्य नहीं (३) क्योंकि वह वायु रावण का घर बुहारने वाला है (४) हाथी भी चक्कर खाते हैं जिन घोड़ों के धक्के से (५) चंचल लड्डुआ (खिलौना) जैसे बालक के हाथ की थप्पड़ से ॥ ७४ ॥ (६) मन के पीछे चलते हैं (७) जैसे सुन्दर स्त्री (पतिव्रता) पति की रुचि के अनुसार चलै (८) एक तरह से दीखैं (९) मेघ (बद्दल) ॥७५॥ (१०) दोनों हाथ शरीर की आपत्ति दूर करने में हैं (११) दोनों नेत्र (१२) दोनों कान

पखें है जिम लाज वधावनमें ॥७६॥
उततें इतकों झट यों पलटैं,
जिम झूट [2]रटैं छिनमें हि नटैं ॥
[3]दपटैं गजगीरिय भित्तिपकों,
न गिनैं खल ज्यौं पर [4]प्रीतियकौं ॥७७॥
[5]चल पैर रकेबन चूमतसे,
सरकौं सिर फेरत घूमतसे ॥
पुनि पौरन [6]व्रात उडात परैं,
मरुकी धरकौं वर कच्छ करैं ॥७८॥
[8]जितही जित पैर रुपैं जिनके,

---

[१]दोनोंपच्छ अर्थात्‌माताका पच्छ और पिता का पच्छ॥७६॥ (२)जैसे झूट बोलनेवाला चण भर में नटजावै (३) भींत को पटक कर खूंदतेहुए चले जाते हैं अथवा ऊपर होकर जातेहैं पक्षी भींतों के(४)दूसरे के स्नेह को ॥७७॥(५)चंचल पैरों से सवारों के पागड़ों को मानों चूमते हैं और हमारे बराबर कौन है इस हेतु से सिर हिलाते हैं. यहां अद्भुत चंचलता है और घोड़े और सवारों के आसुकीमासुकी है. घोड़े आसुक हैं और सवार मासुक हैं (६) खुरों का समूह (७) मारवाड़ की जमीन को उत्तमजलप्राय देश करते हैं. अर्थात् पैर इतने गहरे घुसते हैं जिस से पानी उबक आता है ॥ ७८ ॥ (८) जिनके

तितहीतित आतं दिपैं तिनके ॥
सरगंम्मपधंनिनिधंपमगं,
रस यौं गुनि तान गही कि अगं॥७९॥
पुनि हृष्टियमैं उपमान परचौ,
कवि लोम विलोम सुचित्र करचौ ॥
सुचिं बाजिय पैर समेटनसौं,
कर सूम कि जाचकं भेटनसौं ॥८०॥
सु अंज्ञातपैं आवत बाल नटैं,
दुलही पियभी कुच द्वै दपटैं ॥
भरंपूरपटी भुवसौं भिरते,

पैर जाती दफा जहां जहां रुपतेहैं(१)आती दफा भी वहां वहां परही शोभते हैं(२)स नाम षड्ज से लेकर नि नाम निषाद तक आरोही तान कही जाती है और नि नाम निषाद से लेकर स नाम षड्ज तक अवरोही तान कही जाती है(३)गवैयों ने अगं (नहीं जानेवाली स्वरों की शकल से) ऐसी तान ली. यहां कि शब्द से संदेहालंकार है॥७९॥(४)निजर में(५)कविने मानों सुलटा उलटा चित्रकाव्य किया है. जैसे "चिरमी मिरची" (६) गतिविशेष(७)कंजूसके हाथ जैसे याचक के मिलाप से पीछे पलट जाते हैं॥ ८०॥(८)नहीं पिछाने हुए पुरुष के पास (९) नवीन परणी हुई मुग्धा स्त्री पति के भय से जैसे कुचों को हाथों से छिपाती है(१०) अत्यन्त परले दर्जे की दौड़ में मानों जमीन से चिपकते

इंद्रजालिकभित्तियलौं फिरते ॥८१॥
ऊडते[2] चल आवत धीर धरैं,
कपटीनर[3] प्रीतिय रीति करैं ॥
असमान गयैं पुनि बान[4] परैं,
सुरथानं[5] विमाननसे उतरैं ॥ ८२ ॥
पटु[6] सादिन लैंन न देत पलै,
अँरि ती लहिहैं कहि यौं उछलै ॥
अति गौरव खेत सुपिट्ठि इतैं,
विचलैं रनखेत सु हेतु कितैं ॥८३॥
जिन पिट्ठि चढैं सुख पावहिं जे[10],

हुए चलते हैं (१) बाजीगर की बनाई हुई सफील के जैसे दीखते हैं ॥ ८१ ॥ (२) ऊपर को जाते चंचल और उतरते धीरे२ हैं (३) जैसे कपटी आदमी की प्रीति (४) बाण (शोर या बारूद के बने हुए) (५) स्वर्ग से विमान के जैसे ॥ ८२ ॥ (६) होशियार सवार को पल्ला (वस्त्र का अन्तभाग) नहीं लेने देते. यहां कोई शंका करै कि पुर्वोक्त आसुकी मासुकीमें फर्क आताहै उसका समाधान(७) वह पल्ला शत्रुओं की स्त्रियाँ पति मरने पर लेवैंगी ऐसा कह कर उछल गये (मरुदेश में रोने को भी पल्ला कहते हैं)(८)अत्यन्त बडप्पन का वंश और क्षेत्रभूमि भी पिछाड़ी रखतेहैं(९)युद्धखेतसे भाग जावैं वो कारण कहांहै ॥८३॥(१०)जो सवार इनके पीठ पर चढेंगे वे सुखपावेंगे

तिन चित्तहिँ पूछहु गावहिँ ते ॥
दृढ अस्व लखे नृप[2] द्वैदलके,
पर हैँ मिझमान घरीपलके ॥ ८४ ॥
इम[3] भा फुलवारिय आफुवकी,
दृढ तो मँति दाव चमूडुवकी ॥
सुतबात[5] सुवात विहार सज्यौ,
लखिकैं विदुर[6] दृढ मेघ लज्यौ ॥८५॥

॥ छप्पय ॥

अतिअद्भुत अस्वाँय वनायुज१विदित वखानिय
आजानेय२ कुलीनं३ पारसीकैं४हिँ पहिचानिय
कतिवाल्हिकै५कांबोज६जँवन७घन बैंहुवनजानहु

(१) वे कह देवेंगे (२) हे राजा धृतराष्ट्र ॥ ८४ ॥(३)घोड़े रूप अफीम की फुलवाड़ी की कान्ति है(४)तेरी बुद्धि रूप वन की अग्नि(५)तेरे पुत्र (दुर्योधन) की बात रूप प्रचंड पवन के चलने को देख कर (६) विदुर रूप मज़बूत मेघ शर्मा गया अर्थात् मेरे से कुछ न हुआ इस हेतु से ॥ ८५ ॥(७) घोड़ों का समूह (८) वनायु देशमें पैदा हुए(९)बरछी लगने परभी मूर्छित न हों(१०)अच्छे कुल में पैदा हुए(११)पारसिआ[ईरान]देश में उपजे हुए (१२)वाल्हीक देश में उत्पन्न हुए (१३) बहुत वेगवाला (१४)बहुत पानीवाला

कोउककथितकिसोरपृष्ठयपुनिरथ्यपिछानहु ॥
सित असित हलाहं कुलाहं सुचि वर विनीत
श्रुति रम्यके ॥
इमलक्खनअस्वअटेअपनकरिवैनम्यअनम्यके
सैंधवं सूकलं करयं अष्टमंगलं रु कर्कं कहि,
पंचभद्रं सेराहं रु खोंगाहं रु नीलक गाहि॥
त्रियूह तथा वोल्लाह हरियं खुंगाहं उराह हि,

(१) बछेरा (२) भार लादने योग्य (३) रथ में जोतने योग्य (४) सफेद और (५) काले (६) चित्र विचित्र या अपलक (७) थोड़े पीले वर्ण वाला शरीर और जानु (घुटने) श्याम हों (८) शिक्षा में चलनेवाले और सुन्दर कानवाले (९) मार्ग (१०) नहीं नमने योग्यों को नमने योग्य करने के लिये ॥ ८६ ॥ (११) घोड़ा (१२) नहीं शिक्षा पाया हुआ घोड़ा (१३) पतली कमर वाला घोड़ा (१४) जिस के पूंछ, छाती, खुर, केश, मुख सफेद हों उसका नाम (१५) सफेद घोड़ा (१६) हृदय, पीठ, मुख, पसवाड़े में फूल हो ऐसा घोड़ा (१७) अमृत के जैसे वर्ण वाला (१८) सफेद और पीला (१९) घोड़े नीलवर्ण वाला (२०) कपिल वर्णवाला (२१) जिसके सफेद केसर (गर्दन के केश) और पूंछ हो (२२) पीला वर्णवाला (२३) काला वर्णवाला (२४) शरीर गोरा सफेद हो और पींडियें काली हों ऐसा घोड़ा

वोंरुखान[1] उकनाह[2] सोंणा[3] हलक[4] पंगुल[5] कहि।
सरुह[6]कयर्युं[7]श्रीवृक्ष[8]कीकितिकिया[9]हगौरवकाहिय
इहि विधि नामनके अश्वउत गुनिके पद्मसुक-
वि गहिय ॥८७॥

इति हयवर्णनसपूर्ण ॥

धृतराष्ट्र वचनं ॥

॥ दोहा ॥

रथ्य अस्व अँचैं रथहिं, जानहु मुहि यह जान।
रथ रथजुत किहिं रीतके, करहु तृप्ति ममकान॥

॥ अथ रथवर्णन ॥

[छप्पय]

सीसम सौंग[11] रु सौर[12] सौर[13] स्यंदनगनैं[14] साज्जिय ॥
सम्पा[15] जुंग[16] कूँवर[17] सुनाभि[18] नेमिनैं[19] मन मज्जिय[20] ॥

(१) श्वेत रक्त वर्णवाला (२) पीला और लालवर्ण वाला (३) काला और लाल कमल के जैसे वर्णवाला (४)पीला और हरे रंगवाला (५) सफेद कमल के जैसी कान्ति वाला (६) गधे के जैसा (७) अश्वमेध यज्ञ के योग्य (८) छाती और मुँह पर भँवरीवाला (९) लाल वर्णवाला ॥ ८७ ॥ (१०) वेग सहित ॥८८॥ (११) सागवान(१२)सालकी लकड़ी(१३)गर्भ की लकड़ी (१४)रथों का समूह(१५)जूड़े की खीली (१६ जूड़ा (१७) धरखूंडा(१८)नाप (१९) पूठियों में(२०)मन डूबगया.

कंचनपंत्रि रु कील मंच मखतूलं मनोहर ॥
जिततित रत्नन जटित भुकिग झल्लरिगन गोहर,
भुवं परस जानि पैरसैं न भुव बहु वैंप अंबरमैं कटैं
देखे तिन्हैं देवन फटिग हग अंबलौं वैसैंही अटैं

॥ दोहा॥

आगैं हे रथ ओरविधि, अब हैं रथ विधिओरं ॥
पढिकैं एकहि पंथ्यकौं; किय कविपद्म निचोरं

इति रथवर्णनसमाप्त ॥

॥ धृतराष्ट्रवचन ॥

॥ दोहा ॥

सुन संजय सब सुनिचुके, सामजँ हय रथ सार।
सुन्यौं चहौं कैसे सुभट, इन ऊपर असवार।९१॥

(१) सुवर्ण की पातियां और खीलें (२) रेशम (३) मोतियों का है समूह जिनमें (४) पृथ्वी को रथों का स्पर्श प्यारा है (५) देवता यह जानकर पृथिवी को नहीं छूते हैं(६)बहुत अवस्था आकाश में ही कटती है(७)जिन्होंने इन रथों को देखा था उन देवताओं के नेत्र फटगये(८)अब तक उसी कारण फटे नेत्रों से फिरते हैं. देवताओं का अनिमिष होना प्रसिद्ध है ॥ ८९ ॥(६) और तरहके (१०) एक छप्पय को (११) निचोड़ (सार) ॥९० ॥ हाथी ॥ ६१ ॥

॥ संजयवचन ॥

॥ दोहा ॥

उज्वलकुलमनआदिकति,पतिहयगुनहिसमान।
पै चंचलता भेद पटु,उन पद चल इन पांन॥९२॥
अबसुन सुभटनमुकुटमनि, सुभटन वर्नन सोर॥
सुभटन जस सुनहैं सुभट, मेटन कुभट मरोर९३

अथ सुभटवर्णन ॥

तोटक छंद ॥

कसिकैं भट कंदर्ल काज कढे,
छितबांछित यांन पिछान चढे ॥
घनं उक्तिन जुक्ति सु रत्न जर्यौ,
कविपद्म सुतोटकछंद कर्यौ ॥९४॥
भ्रमितादिक खग्गप्रहार भने,

---

(१) जिनके वंश और मन निर्मल हैं आदि शब्द से प्रीति वर्त्ताव इत्यादि जानो (२) सवार और घोड़े बराबर समझो (३) परन्तु चंचलपन में अच्छा भेद है (४) घोड़ों के पैर चंचल हैं और सुभटों के हाथ चंचल हैं ॥ ९२ ॥(५)हे योद्धाओं में मुकुटमणि धृतराष्ट्र (६)अच्छे योद्धा के जसको अच्छे योद्धा ही सुनते हैं(७) कुत्सित वीरों की मरोड़ मेटने के लिये ॥ ९३॥ (८) युद्ध के लिये (९) सवारी(१०)इद कथन रूप हेतु ॥९४॥ (११) खड्ग चलाने के भ्रमित, उद्भ्रमित आदि पांच भेद हैं

ति प्लुतांतिक[1] अश्वविहार तने ॥
सर[2] छत्तकैं विच पारकैं,
सुभ सूजनिकी[3] विधि सार करैं ॥९५॥
खुभि वृत्ति[4] सेलन खेलनमैं,
झट खग्गन खेटकैं[5] झेलनमैं ॥
खटत्रिंसत[6] शस्त्र चिनार खरे,
खुरली[7] विच पान प्रवीन खरे ॥९६॥
जगके कवि जे मतभेदजटे,
रस द्वादस[8] नो अरु अष्ट[9] रटे ॥

(१)प्लुत है अन्तमें जिनके अर्थात् आस्कन्दित१धौरित-क २ रेचित ३ वल्गित ४ प्लुत ५ ये पांच भेद अश्व गति के हैं(२)बाण को छात के फड़े के बीच होकर पार करैं और छात के रगड़ा न लगै (३) अच्छी सूई से बींधने के प्रकार से॥ ९५ ॥(४)भालों का व्यापार. जैसे बालकपनके खेल में हाथ ऊंचा करके लट्टू से लट्टूको फाड़ने हैं इस रीतिसे भाला चलाना सीखलिया और चकरी के खेल के जैसे खड्गप्रहारकी पांचों गतियों को जान लिया (५) ढालों पर तरवारों को झेलना (६)छत्तीस प्रकार के शस्त्रों की पहिचान में तैयार हैं (७) शस्त्र विद्या में और चतुराई में पुष्ट ॥ ९६ ॥ (८) बारह रस अर्थात् उन नव रसों में वत्सल१ हास्य२ सख्य३ मिलाने से(९)आठ. शान्त रस रहित नाटक में आठरस माने हैं

इनके मततो रस[1]जुग्म अटैं,
रुचि वीर ततोऽ[2]धिक रौद्र रटैं ॥९७॥
उर स्वच्छ[3]दया नहिं पच्छ अरैं,
जलहीन वचैं जललीनँ[4] जरैं ॥
वर धारनैं[5] वारन तारनके,
कति संबर[6] दारन दारनके ॥९८॥
चित अर्पितँ[7] चर्नन चंडियके,
मृर्ध किंकर केक मृतंडियके ॥
श्रुतिसारं बिचार विहार करैं,
पुनि छेह न दैं सिरतूटपरैं ॥९९॥
विगरैं[10] पहलैं वरधीर वनैं,
विगरैंपर[11] वीरन वीरवनैं ॥

(१)दो रस अर्थात् वीर और रौद्र(२)वीर से जियादा इच्छा॥९७॥(३)हृदयमें निर्मल दया(४)बहादुरी रूप पानीसे रहित बचतेहैं और उसी पानी सहित उद्दीपित होतेहैं.यहां विरोधाभास अलंकार है (५) विष्णु के वर पाये हुए(६) काम के शत्रु महादेव के वरपाये हुए९८॥(७)अर्पण किया है मन जिन्हों ने ऐसे भक्त हैं(८)युद्ध में कितने ही मार्त्तण्ड अर्थात् सूर्य के भक्त हैं(९) वेदान्त को समझकर वर्त्ताव करते हैं ॥ ९९॥ (१०)जहां तक न विगड़ैं उस से पहले बड़ी धीरज धरते हैं (११) बिगड़ने पर वीरों के भी वीर हो जाते हैं.

तित जावत तीन उपाय तजैं,
सुखछावत अंत उपाय सजैं ॥ १००॥
नखतैं सिखलौं थित नीतिहिमैं,
रुचि राचिरहै वड रीतिहिमैं ॥
कढिजान विपच्छन पच्छकरैं,
रु रुपैं पर लक्खन लच्छ करैं ॥ १०१ ॥
सरनागत पंजर सांज सजे,
सिरसद्म तजैं तिनकौं न तजे ॥
परनारिनपै नहि नैनपरे,
विगरैं परकाज न वैनपरे ॥ १०२ ॥
दर पैं गिरिलौं परपीर गनैं,
गुरु लाज रु तुच्छ सरीर गनैं ॥

---

(१) साम, दान, भेद, (२) दुख होने पर ॥ १०० ॥ (३) राजनीति में (४) इच्छा से आसक्त हो रहे हैं(५)शत्रुओं के पांखें करैं. अगजाने के वास्ते(६) लाखों आदमियों को वाण का निशाना बनावैं ॥१०१॥ (७)शरणागतों के लिये पींजरे के जैसा वेश धारण करैं(८)अपना सिर और घर छोडदेवैं (९) पर स्त्रियों पर (१०)जिनसे दूसरेका काम विगड़ जाय ऐसे वचन नहीं बोलते हैं॥१०२॥ (११) यद्यपि दूसरे की पीड़ा थोड़ी है तथापि उसको पर्वत के जैसी समझैं (१२) वड़ी

समुझैं उपकार सदा सिरपैं,
परकाज त्वरा[1] अतिही थिर पैं॥१०३॥
गुन औरन सर्सप[2] मेरु गनैं,
निज मेरु सु सर्सप हेर भनै ॥
नित मातपिता पद[3] सीस नमै,
जिय मित्त[4] विपत्तिहिं जानि जमैं॥१०४॥
उपकार करैं इक ब्रह्म[5] रटैं,
रु बिगारबनैं जिय ईस[6] रैंट ॥
विपदाविच धीरज मेरु धरैं,
जसकाज त्वरा लखि लाज जरैं॥१०५॥
कर आसुकँ[7] थासुक[8] कासुकपै[9],
मन आसकँ[10] बाजिय मौसुकपै[11] ॥

(१)जल्दीवाले हैं॥१०३॥(२)दूसरेके सरसों समान भी गुणोंको मेरु समान समझते हैं(३)चरणोंमें सिरको नमाते हैं(४)मित्र की विपत्ति को हृदय में जानकर समीप स्थिर रहैं ॥ १०४ ॥(५)दूसरे का उपकार करके आत्मा को एक ब्रह्म समझैं अर्थात् मैंने मेरा ही उपकार किया दूसरे का नहीं(६)यदि बिगाड़ हो जावै तो जीव और ईश्वर जुदा २ मानैं, अर्थात् मुझ अपराधी को ईश्वर दण्ड देगा ॥१०५॥(७)हाथ जल्दी से(८)स्थिर होते हैं(९) बरछी पर(१०)मन आसक्त हो रहा है (११) अत्यन्त प्यारे घोड़े पर.

गुरुतात ति टोप रु कौंच गनैं,
भल भ्रात सुहेतिनैं व्रात भनैं ॥१०६॥
भुजजोर भरोस परोस भलौ,
पकरैं जमहू दुवकोस पलौ ॥
दिय दान सुही धनैं जान दिपे,
गुनचोरनसौं छितिछोरैं छिपे ॥१०७॥
करिकैं गुन औरनँ तुष्ट तकैं,
छत दर्पन प्रौढ तिया ति छकैं ॥
गुन गाय गयौ नहिं रिक्त गुनी,
गुरुकी गँरहा सुपनैं न सुनी ॥१०८॥
गुरु कैं उपकार रु मौनैं धरी,

---

(१)शिरस्त्राण (टोप) को गुरु और कवचको पिता समझते हैं(२)अच्छे बाणों के समूह को अच्छे भाई समझते हैं ॥१०६॥ (३) पड़ोस(४)यद्यपि यम के इन योद्धाओं से दो कोश की दूरी है तथापि उसको पकड़ लेते हैं(५) जो वस्तु दे दी वोही धन समझकर शोभते हैं अर्थात् वही हमारे संग चलेगा(६)कृतघ्नों से पृथ्वी के किनारे पर जाकर छिपते हैं क्योंकि इनकी छांह हमारे पर पड़ न जाय ॥१०७॥(७)दूसरों का उपकार करके स्वयं राजा होकर उनको देखते हैं(८)जैसे काच में अपने मुँह पर दन्तक्षत देखकर प्रौढस्त्रियां प्रसन्न होती हैं(९)खाली (विना कुछ लिये)(१०)निन्दा ॥१०८॥(११) चुप हो गये

करि दान कहूँ न पिछान करी ॥
सिरआय परी सु उठाय नचे,
जमराजहिँ जाचि रु जंग जचे ॥१०९॥
परसैं जु पराजय पौनहिकों,
नित भार गन्यों प्रभु नोनहिकों ॥
अँतपै चितचाह उछाह रचे,
निरखे रन अच्छर नाच नचे ॥११०॥
टरि के जमदूत करैं टरके,
थिर लोकप्रवादनसौं थरके ॥
जस वत्त रहैं जु वनी जियमैं,
हित हीय रहैं निजँतीयहिमैं ॥१११॥
भट धन्य भने क्षत जे छकगे,
न मुहूर्त्त सुन्यो सुनि सूचकगे ॥

अर्थात् कभी मुख से ऐसा न कहा कि हमने इसका काम सुधारा (१) यमराज से भी मांगकर युद्ध करनेवाले ॥ १०९ ॥ (२) हार रूप पवन का स्पर्श करै ऐसा कौन है (३) मालिक के खाये हुए नमक का (४) सत्य पर ॥ ११० ॥ (५) यमदूत भी टलकर दौड़जाते हैं (६) लोकों के कथन से कांपते हैं (७) अपनी विवाहिता स्त्री में ॥ १११ ॥ (८) जो घावोंसे व्याप्त हो गये हैं वे धन्य हैं (९) इन के युद्ध से भगजाने का मुहूर्त्त न सुनकर चुगल

झति[1] भूसन दूसनजानि तजे,
हरैं[2] जीरनहार निहारि लजे ॥११२॥
धरि[3] तैं कवि जो लरि दैं जु धनी,
त्रिपदा[4] भुजबंधन प्रीति तनी ॥
हहरायँ छिनो छमगीरकरे,
शिशुऊमर[5] सिंघन चीरि खरे ॥११३॥
झर उट्ठैं रिस सत्रुन आँखनतैं,
उछरैं चिनगैं[6] उठि आंखनतैं ॥
खरकैं खरखग्गन[7] नैंन खिलैं,
मन कुंभ[8] सुवाद्य निनाद मिलैं ॥११४॥
तनुमान[9] बखान जुवान लटैं,
हनुमान[10]हु बंदर मान हटैं ॥
करिकैं[11] श्रम टल्ल लगाय कहैं,

भाग गये(१)गहने को दूषण समझकर छोड़ते हैं (२) अपने स्वामी महादेव के गले में पुराना हार देखकर शर्माते हैं ॥ ११२ ॥ (३) गायत्री(४)डरकर क्षणभर (५) बालक अवस्था में ॥ ११३ ॥ (६) चिनगारियें (७) तीक्ष्ण खड्ग(८)जैसे कुंभकर्ण के मनको अच्छा बाजा मिलै ॥ ११४ ॥(९)शरीर का प्रमाण(१०)हनुमान् भी अपनेको बन्दर मानकर हटता है. यहां योद्धाओं का और हनूमान् का उपमेयाधिक रूपक व्यंग्य है (११)कसरत करके

बडथंभनकौं वडसीत चढैं ॥११५॥
भुजचीन रु[1] मुद्गर[2] खीनभटे,
पढि पीन[3] पटाविधि लीन्ह पटे ॥
बडअंखन[4] झंखनि[5] घोर छुरी,
परिहैं कढि यौं कवि चित्त फुरी ॥११६॥
हढ कीन्ह दया विधि[6] भ्रांति दुरी,
जुगँ[7] मुच्छ सुथंभन जोरि[8] जुरी ॥
कति अंग छिपात न कंकटमैं,
सुभकंकट स्वांमि[9] कुसंकटमैं ॥११७॥
हढ पातुरकौ मन दांमनमैं[10],
कटि कच्छि[11] रहे प्रभु कामनमैं ॥
धनहीननकौ नहिं संग धरैं,
इम भीति[12] अनीति न अंग अरैं ॥११८॥

थंभों के धक्का लगाकर अखाड़े से निकलते हैं (१) वड़ा सीधा नामक ज्वर चढजाता है ॥ ११५ ॥ (२) मोगरी भी जिनके भुजाओं को देखकर मड़ीता किये हुए बैंगन के समान हो जाती है (३) पुष्ट (४) नजर (५) निकलकर पड़ जावेगी ॥ ११६ ॥ (६) ब्रह्माने दया की जो कवि की भ्रांति चलीगई (७) मूछों की जोड़ी (८) वक्तर में (९) मालिक की खराब आपत्तिमें । ११७ । जैसे वेश्याकामन (१०) पैसेमें मजबूत रहता है (११) कमर बांधकर (१२) भय और अन्याय ॥ ११८ ॥

जिमि जात[1] कुजात सुजात कितैं,
इम घात[2] कुघात सुघात इतैं ॥
तिय चाह स्ववासंक[3]के दिनकी,
रति[4] वाहविलासनमैं इनकी ॥११९॥
जसलाज जँजीरनसौं जकरे,
असिप्पार[5] फिरैं अकरे अकरे ॥
जिनकौ तनु घाव प्रभाव भरयौ,
धरि अग्र न पैर अनग्र[6] धरयौ ॥१२०॥
पिछली भुव नांहिन पर्सनकी[7],
मन मांनि मनौं खटदर्सनकी[8] ॥
जति जोगि सँन्यासिय जंगमहैं,
द्विज[9] औ दुरवेस[10] छ दर्सनहैं ॥ १२१ ॥
इनके कनकौं[11] कहुँ भक्ष[12] गनैं,

(१) जैसे वेश्या के जाति और नीच जाति अच्छी जाति ही है (२) इस तरह जिन वीरों के अच्छा और खराब प्रहार अच्छा ही है (३) अपनी बारी के (४) प्रीति ॥ ११९ ॥ (५) तरवार के स्नेह से करड़े (५) फिरते हैं (६) पिछाड़ी ॥ १२० ॥ (७) पृथ्वी स्पर्श करने योग्य नहीं (८) मानों षट्दर्शनियों की दी हुई पृथ्वी मांनली (९) ब्राह्मण (१०) फकीर ॥१२१॥ (११) अन्नको (१२) खाने योग्य. मारवाड़ में बिलकुल मना हैं. जैसे अभी खरवा के

मरुभूमियमैं यह रीति मनैं ॥
किलकैं सिसु गैंदप्रहार करैं,
इम चोलनें गोलन वारैं हरैं ॥ १२२ ॥
करि तूँर डुलावत कूरनकौं,
हसि पूर बुलावत हूँरनकौं ॥
हसि भूतन हूलि हटावनके,
करि प्रेतनँ चेत कटावनके ॥ १२३ ॥
कति डक्कनिकौं डरपावनके,
कति सांबमहेसं रिझावनके ॥
कति जुग्गनिपंति जमावनके,
कति शेजिं सुछाब भ्रमावनके ॥१२४॥
नित नेह निजाहव आवनसौं,
वद्दली पधिया गन बाँवनसौं ॥

ठिकाने के स्वामी खालसे की जमीन को भी यदि चद्द-र्धींनी धो लेवे तो उसका हासल नहीं लेते(१)बालक(२) लाघ (३) प्रहारों को दूर करते हैं॥१२२॥(४,नगारों की अवाज(५)अप्सराओं को(६)भूतों को भी बुलाकर (७) देव विशेष (८) होशियार करके (९) चिड़ानेवाले ॥१२३॥(१०)पार्वती सहित महादेव को(११)शिरके मां-स विशेष से भरी हुई खोपरी ॥ १२४ ॥(१२) अपने युद्ध में आने से(१३)बावन वीरों के समूह से. तुम हमारे साथ

रिसघेरैं रनांगन पैर रुपैं,
धृतं ग्रंथन अंगदकीर्ति छुपैं ॥१२५॥
हठहौ पद इक्कहिं अंगदकौ,
इनके पद ह्वै हठ क्यौंन तकौ ॥
लखि जाचक सूमन जी लचकैं,
मृधं नाचकमानि मही मँचकैं ॥१२६॥
तर्ककैं तनु कौचं करी तरकैं,
थिरता लखि जुद्धथिरां थरकैं,

ऐसा दुःख उठाते हो इस अहसान से तुम्हारे ग्घड़ी ग़द्ल भाई होते हैं(१)क्रोध में आने से बड़ा कोलाहल होता है (२) ग्रंथों में लिखी हुई वालिपुत्र अंगद की कीर्ति. अंगद ने रावण की सभा में अपना पैर रोपकर कहा कि कोई बलवान् हो सो इसे उठावै. तब रावणने उसके पैरको, अन्य राक्षसोंसे यह नहीं उठेगा ऐसा समझकर, पकड़ा तब अंगदने ठट्ठा किया कि मेरे पैरों क्यों पड़ता है ? श्रीरामचन्द्रजी के पैरों पड़. उससे जो अंगद का यश हुआ था वह दूर होजावै. इस को पुष्ट करने को आगे हेतु दिखाते हैं ॥ १२५ ॥(३) हे श्रोताओ क्यों नहीं देखते हो?(४)लचक जाता है कि ये क्यों आये! (५)युद्ध में(६)नाचनेवाले अर्थात् अति प्रबल समझकर(७)मचक खारही है ॥ १२६ ॥ (८) शरीर कटता है (उत्साह के न माने से)(९)बकतर की कड़ियें फटती हैं (शरीर के न माने से)(१०)रणभूमि

हरखैं हेर हेरि हेरा हरखैं ॥
वरखैं वरविच्छु अही वरखैं ॥१२७॥
भट के रजधानिहिं मुख्य भनैं,
गुनि के महिजानिहिं मुख्य गनैं ॥
जुग जानत मुख्य अनेक जिहाँ,
जुग गौन गिनैं कहि कौन तहाँ॥१२८॥
उर सत्यप्रभा इहिं भांति अरी,
कतिवेर अरातिन पैज करी ॥
यह लच्छ परैं नहिं तो करतैं,
गनि लक्ख असर्पियं दैं घरतैं ॥१२९॥
धरकौं मनिज्यौं फनिनाह धरी,
इकइक कहैं केउ आहकरी ॥

(१)महादेव वीरोंको देखकर प्रसन्न होतेहैं(२)और पार्वती नवीन मुण्डमाला धारण किये हुए महादेव को देखकर प्रसन्न होती है(३)महादेव वरसाते हैं॥१२७॥ (४) राजा को(५)दोनोंको ही (६) गौण अर्थात् अप्रधान. तात्पर्य यह है कि हमें राजा वा राजधानी किसी से प्रयोजन नहीं. सिवाय हमारे प्राणों के. यहां तक संजय वचन है अब धृतराष्ट्र का वचन है(७)वहां कौन था? अर्थात् कोई नहीं था ॥ १२८ ॥ (८) सत्य की शोभा(९) निशाना (१०)मुहरें ॥१२९॥(११)पृथ्वीको(१२)शेष ने(१३)निकलने से(१४)हाय हाय किया. ऐसे बलवान् शेष को इतना

थरकैं जग जंगम थावर हैं.
नृप तोर कुमंत्रैं निछावरहैं ॥ १३०॥

कविवचन ॥

ऋजु सोमति बङ्क महारनसौं,
जसभा वरनी न परैं मनसौं ॥
कछु जाय कही जिहिं भाय कही,
गुनकैं कविपद्म सुमौन गही ॥१३१॥

॥ दोहा ॥

पराचीनभट स्तुति प्रचुर, कहुंक आधुनिक केर॥
उन सुप्रभाव निहारहैं, गुनि श्रोता भ्रम गेर॥१३२॥

॥ धृतराष्ट्रवचन ॥

ऋजु संजय चतुरंगिनी, रटी सेन ऋजुरीति ॥
करनसल्यकोकथनकछु,रच्यौसुपढकरप्रीति१३३

संजयवचन ॥

सुन नृप चल्ली सल्यसौं, कुवचन सरिता केकैं॥

जोर पड़ा (१) चर (चलनेवाले) (२) अचर (नहीं चलने वाले) (३) हे राजा धृतराष्ट्र (४) ये सब तेरी बुरी सलाह के न्यौछावर हैं ॥ १३० ॥ (५) सरल(६)जस की शोभा ॥१३१॥ (७) प्राचीन योद्धार भीष्म, द्रोण, भीम, अर्जुन आदि(८)ज्यादातर(९) अभी के (१०) भ्रांति को छोडकर ॥ १३२॥ (११) हे संजय तू सरल है ॥ १३३ ॥(१२)नदियां (१३) कितनी ही

सहनसीलराधेयसुनि, अचल[2] उदधि[3]भोएक१३४

सत्यवचन

कहनौं हैं कछु औरही, करनौं हैं कछु और ॥
अपर्थवचनकहिकहिकरन,कियममकरनकठोर

छंदपद्धरी ॥

तव बानी वंध्या[6]तीय जानि,
सुत[7] अर्थ कितैं परि मृत्यु पानि ॥
नर[8]धनुष वृकोदरगदा[9] ध्वान[10],
ति सुनावहिं अंतक[11] पुन्यदान ॥१३६॥
सुनि करन जानि निजस्वामिकाम,
कहि हाक हाँक[12] रथ गहि लगाम ॥
धरि मौन हकि रथ धरनि[13] धूजि,
उलकाप्र[14]पात हुव कुरव[15] कूजि ॥१३७॥

(१)राधाका पुत्र कर्ण(२)नहीं उकलनेवाला(३)समुद्र॥१३४॥ (४)सहज(५)कठिन ॥१३५॥(६)बांझ(७)पुत्र रूप प्रयोजन तो कहीं रहा, वह स्वयं मृत्युके हाथमें पड़ा(८)अर्जुनका (९)भीम की(१०)शब्द(११)मरते समय पुण्य के वास्ते जो दियाजाता है अर्थात् अष्ट महादान ॥१३६॥(१२) चलाओ. यहां हाक शब्द दो वार वीप्सा अर्थ में है(१३) पृथ्वी(१४)ज्वाला रहित अग्नि आकाश से पड़ी(१५)निंदित शब्दवाले अर्थात् अपशकुन सूचक काकादिकैं

ए असकुन लखि अतिसोच आनि,
सिर धूनि सल्य कहि सुनहु वानि ॥
पेखहु इन असकुनफल प्रकास,
निजजिय[1]को जयको आज नास१३॥८॥
सुनकैं वच सल्यहिं कह्यौ कर्न,
असकुन हरि[2] पांडव पौन[3] पर्न ॥
का वरुन इंद्र अरु जम कुबेर,
ठहैं नर[4] सहाय तिहिं निबल हेर ॥१३९॥
जिनें[5] सबजग निजबल कीन्ह जेर,
हौं हनौं प्रथम तिन पत्थ फेर ॥
न मरैं तो भीस्म रु द्रोन रीति,
कटि स्वर्ग सिधावन मोर प्रीति॥१४०॥
जंपि[6] सल्य करन चपचप[7] न जल्प,
कित नर अनर्ल्प[8] कित आप अल्प[9] ॥

बोले ॥ १३७ ॥(१)अपने प्राणों का और विजय का नाश होगा ॥ १३८ ॥(२)श्रीकृष्ण (३) पवन के आगे पत्ते उड़ते हैं, वैसे ये तीनों मेरे साम्हने उड़ जावेंगे(४)अर्जुन के॥१३९॥(५)जिन वरुणादिकों ने॥१४०॥(६)बोला (७) चुपरह.(८)बड़ा. धनुर्विद्या में(९)छोटा. तू द्रोणाचार्य के गुरु परशुराम का शिष्य है, तथापि परशुराम का शाप होने से बल और विद्यामें छोटा है. और यह क्षत्रिय

नित किंकर[1] हुव त्रिहुलोकनाह[2],
मयँ[3] तृप्ति अग्नि किय खंडुं[4] दाह॥१४१॥
गोग्रहनवेरँ[5] हे सर्व तत्र,
छीन सब सत्त्व लिय छीन छत्र ॥
तू तित न हुतौ अब हुव उदोत[6],
नर मौत कितैं इत आप[7] मौत ॥१४२॥
मुहि सकुनज्ञान तू प्रबल मूढ,
रट रहे आज तुहि मृत्युरूढ[8] ॥
आपुन चढि स्यंदन[9] कीन गौन,
तव चित्त[10] भ्रमित तित हुव कुसौन[11]॥१४३॥
तिनकौ फल तोकौं मिलहि तत्र,
कयौं प्रथमहिं रोवैं ज्यौं कलत्र[12] ॥
इम किय विवाद रथि सारथि उद्ध[13],
अन्यदिन[14] जाम हुव प्रथम जुद्ध ॥१४४॥

और तू सूत है यह भी सूचित है.(१)सारथि(२)त्रिलोकीनाथ [श्रीकृष्ण](३)दैत्य का नाम है(४)खांडव वन को जलाया ॥ १४१ ॥ (५) विराट् राजा के यहां गायों को घेरने के समय(६)प्रकाशमान (७) आप की मृत्यु आई॥१४२॥(८)मौत पर चढा हुआ(९)रथ पर (१०) तेरा चित्त विक्षिप्त था, अर्थात् ठिकाने नहीं था. (११) अपशकुन हुए थे॥१४३॥(१२)स्त्री(१३)ऊंचा(बहुत)[१४]दूसरे

पंचमयाम सूची ॥

छप्पय ॥

प्रभु चतुरङ्गिणी प्रश्न ताहि संजय दिय उत्तर।
गजवर्णन जुत राजनीति त्यों हयवर्णन वर॥
शुभ रथवर्णन स्वल्प सुभटवर्णन वर सज्जिय।
सुभटकर्णकौं शल्य लुभि रु कहि कुर्वचनलज्जिय
करनकौं भये अपशकुन कटु तिनहिं करन तिन
सम गनिय ॥
भलकर्नहिं रन उच्छव भयउ भूलि शल्य कुव-
चहि भनिय ॥ १४५॥

दोहा ॥

पहरपंचमीमैं प्रकट, वरवस्तुन विस्तार ॥
पटुकवीसपञ्चसनैं, वरनिय सुमति विचार।१४८।
इतिश्रीमच्चंडीचरणारविन्दचित्तचंचरीकचारण

दिनके प्रथम यामका युद्ध हुआ ॥१४४॥(१)धृतराष्ट्र का सेनाके चारों अंगोंको पूछना(२)राजनीति सहित अर्थात गजों का वर्णन मुख्य है ही परन्तु गौण राजनीति भी कही है(३)थोड़ा सा(४)कडुए वचन कहता हुआ शल्य लज्जित न हुआ (५) उन अपशकुनों को कर्ण ने तृण के समान गिना ॥१४५॥ (६) गजादिक चीजों का ॥१४६॥

इति श्रीमती चंडी के चरणारविंद में है चित्त रूप

वासाभिधेयचारुसंवसथवास्तव्यचारणचक्रचक्रवाकचंड़ांशुजाज्वल्यमानकाव्याज्ञत्वज्वालाज्वलजगजीवजुष्टजयजीवनबलूंदारूपग्रामठक्कुरजीवनसिंहपतोलीपात्रवंशभास्करप्रबन्धप्रणेतृमिश्रणकुलोद्भूतश्रीसूर्यमल्लशिष्यपातावतशाखाप्ररूढजगरामात्मजपद्मसिंहप्रभाषितकर्णपर्वविभाविभूषितवीरविनोदे द्वितीयदिनप्रथमयामयुद्धं संपूर्णम् ॥ २ ॥

भ्रमर जिसका, चारणवास नामक सुंदर ग्राम का निवासी, चारण समूह रूप चकवों के लिये सूर्य रूप, जाज्वल्यमान काव्यकी अज्ञता रूप ज्वालाओं से जलते हुए जीवों करके सेवित, विजय के जीवन रूप बलूंदा नामक ग्रामके ठाकुर जीवनसिंह का पोलपात, वंशभास्कर ग्रंथ के रचयिता मिश्रण कुल में प्रकट हुए श्रीसूर्यमल्लका शिष्य, पातावत शाखावाले जगराम का पुत्र जो पद्मसिंह उस से रचे हुए कर्ण पर्वकी शोभा करके विभूषित वीरविनोद में द्वितीय दिनके प्रथम याम का युद्ध सम्पूर्ण हुआ ॥ २ ॥

इति पंचमयाम संपूर्ण ॥

॥ अथषष्ठयामप्रारंभ ॥

॥ दोहा॥

जंग जु छट्ठियजामकौ, छट्टीपय[1] गिरि जाँहि ॥
छवदनसौं[2] छवदनं सुछवि, वाह भाखि भिरिजाँहि
जंग जु सष्टी जामकौ, सूरन रंग[3] स्वरूप ॥
सुनि कातर तजि संग[4]कौं, करहिं[5] ढंग[6] हित[7]कूप॥

धृतराष्ट् वचन ॥

संजय कहहु सुसोन[8] काति, कतिहैं कहहु[9] कुसोन
कोन सुखद[10] हुव करनकौं, कहहु दुखद[11] हुवकोन३
महाराज सुन सकुन[12]मत, जे सुखदुखद[13] जिहान॥

---

(१)छटी का दूध. धर्म शास्त्रके अनुसार जन्मसे छठे दिन छटी देवी की पूजा कर जागरण करतेहैं. यह दंत कथाहै कि उसी दिन विधाता उस बालक के ललाट में लेख लिखता है. देवी की पूजा से छटी रात का दूध दृढ होना चाहिये परन्तु भयानक युद्ध के कारण उलटा जायगा. (२) स्वामिकार्तिक ॥ १ ॥ (३) नृत्य भूमि के तुल्य युद्ध भूमि का स्वरूप प्रतीत होगा. (४) बहादुरों का संग छोडकर(५)प्राप्त होवेंगे(६)कायरों की रीति मुख विगाड़ना, आंसू आना, कंप होना (७)जिनको कूआ प्यारा है पड़ने के लिये ॥ २ ॥(८)अच्छे शकुन (९) अपशकुन(१०)सुखदेनेवाले(११)दुःख देनेवाले॥३॥(१२) शुभाशुभ शकुनों का सिद्धांत (१३) जगत् को सुख दुःख देनेवाले.

सुखद भये नरसुखदकौं, दुखदहि दुखद पिछान

॥ छंदपद्धरी ॥

बिनु पौन गिरिगै नीसानं वीर,
हुव उपश्रुति धीरहु तजत धीर ॥
हुव स्वानस्वानं घबरान हेर,
दिन मूक उलूकनकूकं फेर ॥५॥
जिम मेहं वृष्टि इम खेहं छाय;
महिसं रु खेर सम्मुह मिलिग आय ॥

---

(१)सुख देनेवाले अर्जुनको सुखकारी शकुन हुए, यहां नर शब्द में श्लेष है(२)दुःख देनेवाले कर्ण को दुखकारी शकुन हुए ॥ ४ ॥(३)गिरगई(४)ध्वजा (५) मरुभाषा में इसको असोई कहते हैं. वह दो प्रकार की है, शुभ और अशुभ. शत्रुवधोद्यत के लिये मारो काटो इत्यादि असोई शुभ है. कहां जाता है? मत जा इत्यादि अशुभ है. और पीठ में जाइये इत्यादि शब्द शुभ हैं. साम्हने आइये इत्यादि शब्द शुभ हैं. कर्णको ऐसी असोई हुई कि जिसको सुनकर धीर पुरुष भी धीरज छोड़ते हैं (६) कुत्तों के शब्द हुए(७)दिन में नहीं बोलनेवाले उल्लू (घूघू) बोले ॥ ५ ॥(८)साम्हने बादल (९) साम्हने और अकालवृष्टि(१०)साम्हने खांखल अथवा आंधी(११)भैंसा(१२)गधाये दृष्टि में आये हुए अशुभ.

फनि[1] काल चलिग चलचाल फेर,
बिछुटे[2]केच रजस्वति[3]तिय कुबेर[4] ॥६॥
पुनि पिट्ठ[5] रु कंटक[6] दृष्टि पूर,
मिलि स्वर्नकार[7] पुनि वृक[8] जु क्रूर ॥
इंगाल[9] अग्नि पुनि भस्म यौंहि,
तिल इंधन कर्दम[10] रज्जु त्यौंहि ॥७॥
पुनि खल[11] कपास तुस केस फेर,
अस्थि[12] पुनि असित[13] सबवस्तु हेर ॥
कल्कल[14] रु लोह पुनि असितनाज,
सूप[15] पुनि शकृत[16] अरु सिलहि[17] साज ॥८॥
तेल अरु जहर गुड चर्म तत्र,
रिक्तघट[18] खंड[19] अरु चरवि अत्र ॥
तृन छाछ लौन अर्गल[20] तथाहि,
वर नहिंन सगुन सम्मुह जथाहि ॥९॥

---

(१)काला सर्प(२)खुले केशोंवाली(३)रजस्वला (४) बुरे समय॥६॥(५)आटा(६)कांटा(७)सोनार(८)भेड़िया. मरु भाषा में इसको ल्याळी कहतेहैं॥"कोकस्त्वीहामृगो वृकः" इत्यमरः॥(९)कोयले(१०)कीचड़॥७॥(११)तिल आदि का तेल रहित कोदा(१२)हड्डी (१३)काली समस्त वस्तु अशुभहैं. दिशा दर्शनके लिये कितनी ही काली वस्तु गिना दी गई हैं(१४)कोलाहल(१५)छाज(१६)विष्टा (१७) पत्थर॥८॥(१८)खाली घड़ा(१९)हींजड़ा(२०) आगल॥९॥

शोणित तथाहि मंजार जुद्ध,
बधिर[2] पुनि कुब्ज[3] ए नहिंन सुद्ध ॥
समझहु सब रारहु[4] हंतक[5] सुक्ख,
पट छग कमंडलु[6] खलित[7] दुक्ख ॥१०॥
महिस[8] रव दखन खररव रु रोस[9],
गर्भिनीतिय सुख करत सोस ॥
मुंडितसिर आर्द्रहु वस्त्र एम,
परस्परहुवर्चन हरहिं प्रेम ॥११॥
अंध रु जाहक[10] वातकिय[11] आन,
जाहि विध ससक[12] तिम खूर जान ॥
गोधादिक[13]कौ सुभ कढन नाम,
इन सब्द रु लखनौ असुभधाम ॥१२॥
गंता[14] रु अपर[15] लैं नाम शुद्ध,

(१) रुधिर (२) बहरा (३) कूबड़ा (४) लड़ाई (५) नाश करने वाली (६) लोटा आदि जलपात्र (७) गिरते हुए ॥१०॥ (८) भैंसे का शब्द दक्षिण में (९) क्रोध ॥११॥ (१०) जंतुविशेष. मरुभाषा में इसको सेळा कहते हैं. (११) वायु रोग वाला (१२) खरगोश (१३) गोह. यहां आदि पद से सेळा, शूकर, सर्प और खरगोश का ग्रहण है ॥१२॥ (१४) प्रयाण करनेवाला (१५) अथवा कोई दूसरा नाम लेवै तो शुभ है

इनकौ दर्शन रेव अति अशुद्ध ॥
बंदर रु रीछ इन अशुभनाम,
इन दर्शन अरु रव अतिललाम ॥१३॥
बंध्यातिय पुनि उन्मत्त मान,
संन्यासी नग्न रु जटिल जान ॥
अहैं रोगी अरि अरु अंगहीन,
अभ्यंगकृत रु पुनि क्षुधित चीन ॥१४॥
वमन कासाँय पट फेर मान,
जरदी हररे कासाय जान ॥
यह सुनी वृद्धजनपै सुजान,
उष्ट्रागम निजगृह लाय आन ॥१५॥
ए असकुन होवैं जत्र जत्र,
तजियैं जिय जय जस आस तत्र ॥
कहि करन सुने ए सब कुसौन,
कहहु अब जगत सुभ सकुन कौन॥१६॥
दधि घृत रु दोब अंछतहिं हेर,
घटभरयौ रु रांध्यो अन्न फेर ॥

(१)इनका दीखना और शब्द अशुभ है(२)बहुत सुंदर ॥ १३ ॥(३)बावला(४)जटावाला(५)मालिश कियाहुआ (६)भूखा॥१४॥(७)भगवां वस्त्र (८) ऊंट का आना (९) घरमें अग्नि का उपद्रव ॥ १५ ॥ १६ ॥ (१०) चांवल

ज्यौं सरसौं चंदन काच जान,
मृत्तिका मांस पुनि संख मान ॥१७॥
गोरोचन[1] गोमय[2] गो[3] गनाय,
सहत पुनि देवप्रतिमा[4] सुभाय ॥
बीन रु फल सिंघासन[5] बिचार,
अंजन आभूसन पुस्प सार ॥१८॥
सस्त्र सुभ त्यौंहिं ताम्बूल मान,
नर जाहि उठावैं श्रेष्ठ पान ॥
आसन रु छत्र [6]व्यंजन उदार,
सुवरन रु अभोगितवस्त्र[7] सार ॥१९॥
ताम्र[8] सुभ रजत[9] पुनि रत्न[10] तत्र,
फिर वृषभ[11] रज्जुजुत श्रेष्ट अत्र ॥
शुभ अन्न फेर मदिरा सभार,
नाली जुत झारी कमल[12] सार ॥२०॥
देदीप्यमान[13] पावक[14] अनूप[15],

॥१७॥ (१) सुगंधि द्रव्य (२) गोबर (३) गाय (४) मूर्ति ॥ १८ ॥ (५) पालखी (६) रींधा हुआ शाक (७) काम में नहीं लाया हुआ वस्त्र॥१९॥(८) तांबा (९) चांदी (१०) मणि (११) डोरी सहित बैल (१२) पुष्प विशेष ॥२०॥ (१३) जलती हुई (१४) अग्नि (१५) श्रेष्ठ.

गज अरु अज ए द्वै सुभ स्वरूप॥
अंकुस रु अस्व पुनि चमर अन्न,
नवसाक वनस्पति सुखद तन्न ॥२१॥
जु अनेक विप्र जुततिलक जान,
मदरहितहस्ति पंथ श्रेष्ट मान ॥
वेस्या मयूर चाख सु विचार,
नकुलँ इक बद्धपसु समुझ सार ॥२२॥
सुभउपश्रुति सुंभगो सहितवच्छ,
पयपूर्न कलस ए अतिहि अच्छ॥
संपूर्न ईखं उस्नीसं आन,
कन्या वृष सित विनुबंध जान ॥२३॥
दीप रु सिसुसंजुततिय अनूप,
धोबी रु घुघ्घोपट सुखस्वरूप ॥
विनुरुदनसव रु नीसान रम्य,

---

[१]बकरा[२]अच्छे स्वभाव वाले[३]बिना रांधा हुआ हरा शाक[४]वृक्ष ॥२१॥ (५) दूध[६]पक्षी विशेष. मरुभाषामें लीलटांच कहते हैं(७)नौलिया(८)बंधा हुआ पशु ॥२२॥ (९)अच्छी असोई(१०)अच्छी गौ (११)जल से भरा हुआ (१२ अखंड(१३)सेलड़ी(१४)पघड़ी॥२३॥(१५)सुफदे सांड बिना बंधन(१६)बालक सहित स्त्री (७१) मुर्दा (१८) ध्वजा और नगारा

फिर दासी भारद्वाज गम्य ॥२४॥
गिन बेदशब्द मांगलिक गति,
रिक्तघट पूछिआयैं पुनीत ॥
ए सकुन कहे जब करन अग्र,
निरखे सबहिन गंधर्वनग्र ॥२५॥

कर्णवचन ॥

घबराहट मतकर सकुनघाट,
छितिपैं छलीपन विकट थाट ॥
रूपगो सकुनन विच तोर रंग,
इनतैं गिन पांडुनकौ अभाग ॥२६॥
कुपि कहिय सल्य सुन करन कांन,
मनमोदक मत भख मोदमांन ॥
हित वचन कहौं तुहि मित्र हेर
धिक भयौ विकलमति विषम केर ॥२७॥

कर्णवचन ॥

छंदमनोहर ॥

---

(१) पक्षि विशेष ॥ २४ ॥ (२) मंगलीक गीत (३) खाली घड़ा (४) मृगतृष्णावत् झूठे॥ २५ ॥ (५) शकुनों के घाट से (६) अद्भुत बाहुल्य (७) स्नेह॥ २६ ॥ (८) मन के लड्डू (९) तुझको धिक्कार है [१०] व्याकुल बुद्धि वाला ॥ २७ ॥

रंकनको रंक[1]है जुधिष्टिर सु वाकौं आज,
वंक[2]है मयंक अंकधरन सैंरन[3] कौ ॥
रम्य रम्य पात्रमैं ललाम छौंक दैगो भीम,
व्यंजन करैगो नाम धरकैं पैंरन[4]कौ ॥
घोटक[5] सुकुल[6] जत्र नकुल सँकुल[7] तत्र,
लख[8] सहदेव तिथिपत्रतैं[9] लरनकौ ॥
कृष्ण[10]तनु कृष्णमन कृष्णनाम पैंथ[11]कौ है,
कृष्ण जस रहैं तौ आज आहव करनकौ ।२८।

॥ शल्यवचन ॥

॥ छप्पय ॥

वनिकै[12]पुत्रकी झूठ[13] खाय इक काक पुष्ट हुव॥

(१) चन्द्रमा टेढा है, अर्थात् चौथा, आठवां अथवा बारहवां दुःखप्रद है(२)गोदी में रखनेके लिये.(३)कौनसा कारण है(४)शत्रुओं को. जैसे रुष्ट हुई स्त्रियां अपने पति आदि के शत्रुओं का नाम ले ले कर साग छमकती हैं, ऐसे ही भीम भी स्त्रियों के समान दुर्योधनादि का नाम ले ले कर छौंकार मात्र ही देवैगा युद्ध नहीं करेगा (५)घोड़े(६)अच्छे कुलवाले(७)कुल सहित वहां चलाजायगा(८)हे शल्य तू देख.(९)पंचांग से लड़नेवाला है(१०)(काला) (११)अर्जुन का शरीर, मन और नाम तीनों कृष्ण हैं सो आज मेरे साथ युद्ध करेगा तो यश सुफेद है सो वह भी कृष्ण होजायगा ॥ २८ ॥ (१२) वनिये के पुत्र की (१३) उच्छिष्ट खाकर

शतगति सौकौं याद उडन किय वाद हंस युव
दधिपै उडिकैं गयउ काक थकि बूडनलग्गौ॥
कहहु यहैं गति कौन हंस कहि हासमु पग्गौ
कहि काक गतिहिं पूछत कहा मेरो अब आ-
यौमरन ॥
पत्थ हरिरूप वारिध प्रगट क्यौं नहिं बूडहिं तू
करन ॥ २९ ॥

कर्णवचन ॥

॥ छंदमनोहर॥

पितृगन पोखन कनागत बलीके काज ॥
कुस्वर कुटिल कति काकहिं बुलावैं हैं ॥
बालकन आसमानि जीवनकी आस जानि,
सीतला विलासहित रासभ जुलावैं हैं ॥

---

(१)सौ चालें(२)जवान हंसके साथ(३)समुद्र पर(४)हास्य में आसक्त(५)अर्जुन(६)और श्रीकृष्ण रूप समुद्र में॥२९॥ (७) पितरों के समूह की प्रसन्नता के लिये (८) श्राद्ध में (जो कि कन्या राशि पर सूर्य आने से आसोज के कृष्ण पक्ष में सोलहदिन तक होता है)(९)कुत्सित शब्द वाला(१०) वक्र अर्थात् एकाक्षि होने से टेढ़ा देखनेवाला (११) अपासस्वंधि भय मानकर (१२) शीतला देवी के प्रसन्नता के वास्ते (१३) गधों का

छत्रीसमुदाय[1] चित आपके सिकार जाइ,
फिर विरदाइ तुच्छ[2] स्वानहि[3] फुलावैं हैं ॥
जोग औ अजोग वस्तु भोगको न हर्षशोक,
बुद्धिमान लोक इठ रोगको डुलावैं[4] हैं॥३०॥
पत्थ धनु बान कौंन मेरे धनु बांन कौंन,
पत्थ तौंन मेरे तौंन कौंन क्यों न तोलैं तूं॥
पत्थ वरदान कौंन मोर सापहांन[5] कौंन,
पत्थ यांन मोर यान कौंन कितैं डोलैं तूं ॥
मित्रता पै वज्र पर्‌यौ कैधौं चित्त प्रेत चर्‌यौ,
कै विष भर्‌यौ हैं हिय छद्म[9] क्यौंन खोलैं तूं।
हाहा झूटी हाहा बोलैं प्रौढालौं[10] हजारबेर,
हाहा एकबेर सांची आहा[11] क्यौंन बोलैं तूं३१

(१) चत्रियों का समूह (२) नीच (३) कुत्तों को भी हाथ फेरकर प्रसन्न करते हैं(४)दूर करते हैं ॥ ३० ॥ (५) भाथा (६)शाप से हानि (७) वाहन (८)तेरी मित्रता पर वज्र पड़गया, अथवा तेरे चित्त में प्रेत घुसगया है अथवा तेरे हृदय में जहर आगया है ? वेदांत में चित्त और मनको भिन्न कहते हैं. अथवा यहां वक्षःस्थल और हृदय का अभेद है(९)कपट(१०)प्रौढा नायिका ऊपर के मन से रत में हाय हाय करे जैसे (११) हे शल्य तू एकबार वाहवाह क्यों नहीं कहता है ॥ ३१ ॥

सूतसिरताज[1] मद्रराज[2] हय साज आज,
अखनसमाजके इलाजकौ करैया[3] मैं ॥
गेरैं[4] गजराजी गजराजसम गाजि गाजि,
गदावाज[5] गाजके[6] इलाजकौ करैया मैं ॥
वैनतेय[7] आज काद्रवेय[8]से अरीन काज,
पत्थरूप वाजके इलाजकौ करैया मैं ॥
धर्मराजराजके[9] इलाजकौ करैया कुरु,
राजहितराजके इलाजकौ करैया मैं ॥३२॥
हरिसुत[10]श्रोन हरिश्रोन[11] हरि[12] देहैं कर,
घरीघरी घोर[13] धनुघंट[14] घननाटैतैं ॥

---

(१) हे सारथियों के शिरोमणि (२) शल्य (३) मैं इलाज का करनेवाला हूं (४) हाथियों की पंक्ति को (५) गदा का रसिक अर्थात् भीम (६) गर्जन का (७) गरुड़ (८) सर्पों के जैसे शत्रुओं के लिये (९) युधिष्ठिर के राज का इलाज अर्थात् राज रहित करनेवाला मैं हूं सो युधिष्ठिर गोमुखी में हाथ डालकर आनंद से माला फेरै ॥ ३२ ॥ (१०) इंद्र के पुत्र [अर्जुन] के कानों पर (११) घोड़ों के कानों पर (१२) श्रीकृष्ण हाथ देवैंगे अर्थात् क्रूर शब्द के सुनने से हुई घबराहट मेटने को (लोक में भी यह रीति है कि मूर्छित पशुओं के चेतना के वास्ते कान दबाते हैं) (१३) भयानक (१४) धनुष की घंटियों के शब्द से.

भेरी रव[1] भूरिभट[2]भीरभार भूमिभरि,
भूधर[3] भरैंगे भिंदिपाल[4] भननाटेतैं[5] ॥
खप्पर खनंक[6] ह्वैहैं न खेटका[7]के खप्पर ह्वैहैं,
खेटकी[8] खिसकिजैहैं खग्गखननाटे तैं[9] ॥
चूकजैहैं धानधर[10] यानकौं चलान बान,
बानधर मेरे पांनि[11] बान सननाटेतैं ॥३३॥

॥ दोहा ॥

करन कह्यौ सुन सल्य मुहि, और न नैंक[12] विचार
सापउभ[13]पतिनसुमरिकैं, हिय मानत टुंक[14]हार३४

॥ शल्यवचन ॥

॥ दोहा ॥

आप धर्मश्रुत[15] धर्मव्रत[16], आप धर्मकृत[17] आप ॥
को अधर्म भौ आपतैं, आप लयौ क्यौं साप३५

छप्पय ॥

महेंद्राद्रि[18]पर मोरि गोद सिर सुप्त परसुधर[19] ॥

[१]नगारेका शब्द(२)बहुत योद्धाओं के भीड़ के भार से पृथ्वीको भरकर(३)पर्वत(४)गोफन(५) भरणाटा[६]खनंकार [७]ढालका[८]ढाल धारण करनेवाला [६] तरवारों के खनखनाहट से(१०)सारथि (श्रीकृष्ण)(११)हाथ में॥३३॥(१२) थोड़ासा (१३)दोनों शाप(१४)किंचिन्मात्र पराजय॥३४॥ (१५) सुना है धर्म जिसने (१६) धर्म में है व्रत जिसका (१७) कियाहै धर्म जिसने॥३५॥(१८)महेन्द्र नामक पर्वत पर(१९)परशुरामजी

इंद्रकीट[1] वनि[2] जंघ धसिय रतं[3] लगिय जगियत्वर
कहि तूं नहि द्विज[4] कोन जात मैं कत्रिय सूतसुत
कहि विद्या वीसरहिं[5] दुःखपरिहैं तिहिं छिन हुत
सर देत लच्छपर[6] वच्छमरि[7] कहि द्विज[8] जिहिं
छिन दुख परहिं ॥
तिंहिंछिनतवरथकेचक्ककौंनिश्चयवसुधानीगरहिं[9]

॥ दोहा ॥

इम कहि कहि तूंसूत मम, बहुर वचन तुहि दीन्ह
इक स्वामीके भृत्यहैं, इंनतैं जिय नहि लीन्ह[10] ३७
स्वामिधर्मके मर्मकौं,[11] कहत न जानत केक,
एकभृत्यकी ऊनता,[12] व्हैं ऊनता[13] अनेक ॥३८॥
मुहि अब कटुवच[14] कहहु मत, नीचमंत्र[15] जिन देहु
हुव प्रसन्न दुहुं परसपर,[16] कह्यो विजयरस लेहु[17] ३९

(१) कीड़ा बनकर (२) रुधिर (३) ब्राह्मण (४) सार थि का पुत्र हूं (५) भूल जावेगा (६) मैं निशाने पर बाण चलाताथा (७) इतने में उसबाण से गौ का बछड़ा मरगया (८) ब्राह्मण (९) पहिये को जरूर पृथ्वी निगल जावेगी ॥ ३६ ॥ (१०) इन तीनों कारणों से तेरा जीव नहीं लिया ॥३७॥ (११) रहस्य को (१२) यदि एक नौकर की गिनती में न्यूनता होवे (१३) बहुत खराबियां पैदा होजाती हैं ॥३८॥ (१४) कडुए वाक्य (१५) बुरी सलाह मत देना (१६) आपस में (१७) जीत का मजा लो ॥ ३६ ॥

छंदतोटक ॥

लखि शत्रुन कर्न सुगर्ज करी,
हुव चकित बाजि रु पत्थ हरी ॥
सुर्व फट्टि कि स्वर्ग विकुंठ फट्यौ,
बिसरे त्रिहुँ ओरन स्वार्थ रट्यौ ॥४०॥
त्रिहुँ अप्पनदाढ्हि लुभ्भाय तितैं,
इम इंद्र रु भक्त निवास वितैं ॥
दल पंडुनव्यूहँ बिगारदयौ,
कुठसों लगि वैंनतिव्रात गयौ ॥४१॥
कृप भोज रु मागधँ दच्छनकौं,
सकुनीमति बामदिसाहि छकौं ॥
रहि पिट्ठि दुसासनसेन रखी,
नृपकेकय मद्र हरोल लखी ॥४२॥
बिच द्रोनिय उक्कटकर्न अगैं,
जिम अंकन अग्रिम बिंदु जगैं ॥

---

(१) घोड़े (२) क्या जमीन फटगई ॥४०॥ (३) तीनोंने अपनी दाढी (४) फौजकी रचना विशेषको बिगाड़ दिया (५) खराब ठस्सा लगा (६) नक्षत्रों का समूह ॥ ४१ ॥ (७) मगध देश का राजा, ये दक्षिण दिशा की तरफ थे (८) सेना का अग्रभाग ॥ ४२ ॥ (९) अश्वत्थामा (१०) जैसे गिनती के नौ अंकों से अगाड़ी बिन्दु (शून्य) है

द्रुत देखि जुधिष्टिर वाह दई,
कहि पत्थ बनावहु व्यूह जई ॥ ४३ ॥
रचि व्यूह रु अग्रिम पत्थ रह्यौ,

कर्णवचन ॥

कित पत्थ यहैं कुपि सल्य कह्यौ ॥
चित जीत चहौं न इनाम चहौं,
कलि होहु हुँस्यार पुकार कहौं ॥४४॥
घननाहट वाद्यन व्रात भयो,
क्रुध आकृति वीरन व्रात छयो ॥
रजमैं चमकैं सर त्यौं बरछी,
मनु उच्छरि वारिधि सोन मछी ॥४५॥
मनु धूमतती चिनगें उछरैं,
कि तमाल पलास प्रसून झरैं ॥
धरं धूजि कपी ललकार धमी,
नरकी ललकार चमू नरमी ॥ ४६ ॥

---

(१) हे विजयवाले ॥ ४३ ॥ (२) बनाकर (३) मन से तेरी जीत चाहता हूं (४) युद्ध से ॥ ४४ ॥ (५) बाजों के समूह का (६) धूल में (७) मानों समुद्र में लाल मछली उछली ॥४५॥ (८) धूओंकी पंक्ति में (९) मानों तमाल वृक्ष में केसूले के पुष्प झड़ते हैं (१०) जमीन कांपी (११) हनुमान्‌ने (१२) अर्जुन की [१३] शत्रुसेना नरम होगई ॥४६॥

धृति[१]धूम भिराक्रनहष्टि भ्रमी,
हरितेज[२] धनंजय जोरि जमी ॥
लगि बान रथी[३] रथतैं उछरैं,
दिव[४]तैं जिम पुन्पविहीन परैं ॥४७॥
तनु[५] सोन परैं कति तर्क फुरी,
सर बिंदु[६] घटारथतैं बिजुरी ॥
रतँ[७] छकिप कालिय छर्हि करैं,
उपमा कविके मन फेर अरैं ॥४८॥
भुव[८] रागनि भेटन मोद भरयौ,
मनु मंगल अंबर[९]तैं उतर्यौ ॥
इत कर्न रु सल्य जवांन लरे,
उत पारथ संग त्रिगर्त्त अरे॥४९॥
कहि कर्न न ठहैं रन काज सरे,
नर[१०] मारतही चहुँ भ्रात मरे ॥
हहराव[११]हि ह्री[१२] बचिहैं न हरी[१३],

(१) धीरज रूप धुंए से (२) श्रीकृष्ण का तेज और अर्जुन का तेज (३) रथ में बैठनेवाले (४) स्वर्ग से ॥ ४७ ॥ (५) लाल शरीर (६) बूंदें (७) मानों रुधिर से उन्मत्त हुई कालिका देवी वमन करती है ॥४८॥ (८) पृथिवी रंग या स्नेह वाली (९) आकाश से ॥४९ ॥ (१०) अर्जुन के (११) घबरावेंगे (१२) लज्जा से [१३] श्रीकृष्ण भी बाकी

मरजावहिं सात्यकि फौज मरी ॥५०॥
मृधं पूरबमैं अभिमन्यु मर्यो,
हुव नास हिडंब रु हौं उवर्यो ॥

कविवचन ॥

मनमोदक खाइ सुमोद भर्यो,
हसि कर्न कर्यो निज हीय हर्यो॥५१॥
कहिं सल्य तितैं कित कर्न वकैं,
सुन घास न अग्नि बुझाय सकैं ॥
नहिं नासहिं अंप्पति पानियतैं,
पवमान न पत्रि पुरानियतैं ॥५२॥
तिहिंवेर दुहौं दल आन अरे,
जिमि ज्ञान रु काम भिरे अकरे ॥
वृषं पाप किधौं क्षय धैर्य भिरे,
धन आंरंस संग्रेह त्याग फिरे ॥५३॥
इन दोउन विच्च न इक्क रहैं,

न रहेंगे ॥ ५० ॥ (१) पहिले युद्ध में (२) मन के लड्डू (३) खुशी से भरा हुआ (४) अपने मनको खुश किया ॥५१॥ (५) तृणों का (६) वरुण को (७) वायु पुराने पत्तों से नहीं मारा जाता ॥५२॥ (८) जैसे ज्ञान और कामदेव अकड़कर भिड़ें (९) पाप और पुण्य (१०) आलस्य (११) संचय

मतिवार अनेक पुकार कहैं ॥
पटु पारथपैं कुरुवीर परे,
कुपि सस्त्र रु अस्त्र प्रहार करे ॥५४॥
नहि पत्थ बचैं नहि पत्थ बच्यौ,
जरि मारि तिन्हैं तिनकौ न लच्यौ ॥
जित कर्न युधिष्ठिर संग जुरयौ,
हरिअंस्त्र प्रयोग सु कर्न फुरयौ ॥५५॥
दल पंडुनकौ भल जेरें भयौ,
रु पँचालन कर्नहिं घेरलयौ ॥
लुभि द्रोपदके सुत द्वैहु जरे,
कुपि दैं सरदान अप्रानकरे ॥५६॥

॥ दोहा ॥

भानुसेन१ चित्रसेन२ भट, सूरसेन३ रनसत्व ॥
तपन४ रु सेनाविंदु५ त्यौं, पंच गये पंचत्व॥५७॥

छंदतोटक ॥

और दान ॥ ५३ ॥ (१) बुद्धिमान(२) चतुर अर्जुन पर ॥५४॥(३)तृण मात्र भी न लचका(४)वैष्णव अस्त्र का चलाना कर्ण को याद आया ॥ ५५ ॥ (५) बहुत पीड़ित हुआ(६)दोनों शिखण्डी और धृष्टद्युम्न (७) बाणों रूप दान देकर (८) मारडाले ॥ ५६ ॥(९)मरण को प्राप्त हुए ॥ ५७ ॥

लखि कर्नहिँ पंडुनलोग लरयो,
घनघायनसौं घनरीति घरयो ॥
दस वीर पँचालनके दपटे,
हलवारकने दस दोस दटे ॥५८॥

दोहा ॥

वृष जेठो सुत करनको, पिठि रखारनहार ॥
सत्यसेन रु सुखेन लघु, चक्कन रक्खनवार ॥५९॥

छंदतोटक ॥

ललकार अरातिन कर्न लरयौ,
हसि भीमँ सुखेन सुसीस हरयौ ॥
तिँहिँ भ्रात सु भीम कबान हरी,
सर सप्त दये रिसिँ भ्रांति परी ॥६०॥
तनु बान दये कँर कर्न तुटे,

(१) बहुत घावों से (२) लोहे के घन की तरह घड़दिया (३) मानो मजबूत रोकनेवाले गुणवान् ज्योतिषी ने विवाह के लत्ता पात आदि दश दोष रोके ॥ ५८ ॥ (४) छोटे लड़के (५) रथ के पहियों की रक्षा करने वाले ॥ ५९ ॥ (६) शत्रुओं पर (७) भीमसेन ने हँसकर (८) सुषेण के भाई सत्यसेन ने (९) सात बाण दिये (१०) मानों सातों ऋषियों की भ्रान्ति पड़ी (मरीचि १ अंगिरा २ अत्रि ३ पुलस्त्य ४ पुलह ५ क्रतु ६ वसिष्ठ ७) ॥ ६० ॥ (११) कर्ण ने हाथों से तोड़डाले.

अरि भीम रु कर्न दुहौं अहुटे ॥
कृप भोज१दुसासन२औ सकुनी३,
ढकि बान इन्हैं रु कबान धुनी ॥६१॥
वडभ्रात सुखेन सुबानतती,
सहदेव भिर्यौ किय सेस नती ॥
मचि माद्रिज द्वै जुग सिंघ मनौं,
जिनमैं किटि इक्कहि कानि जनौं ॥६२॥
भ्रम कौन करैं किंहिं जीति भई,
जग जाहर नाहर सूर जई ॥
हटिगे दुहुँ ए हटकार हियो,
पटुवीर विजैपय पूर्न पियो ॥६३॥
जित सात्यकितैं वृषसेन जुर्यौ,
दिय वार व्यथा सुतकर्न दुर्यौ ॥

(१)भिड़े(२)धनुष को कंपाया॥६१॥(३)अच्छे बाणों की पंक्ति(४)शेषनेभी नमस्कार किया अर्थात् शेष का शिर झुकगया. यहां शिर झुकनेमें नमस्कारकी गम्योत्प्रेक्षा है(५)नकुल और सहदेव(६)सूअर(७)कर्णका पुत्र सुषेण॥६२॥ (८) संदेह(९)जगत् में प्रसिद्ध है कि सूअर सिंह को जीतता है(१०)विजय रूप पानी खूब पिया (यहां रूपक का तात्पर्य यह है कि घायल को प्यास बहुत लगती है) ॥ ६३ ॥(११)प्रहारों की पीड़ा दी (१२) जिस से कर्ण का पुत्र छिपगया.

करवाल रु ढाल लई करमैं,
भट जोरि लरी लखि और भ्रमैं ॥६४॥
वृषसेन सु सर्वसहीन भयो,
रथबीच दुसासन हारि लयो ॥
गहि या छलकौं भगि दूरगयो,
भटकर्न सु मोह विहीन भयो ॥६५॥
वृषसेन भयो पितु पिट्ठि खरो,
सिनिपुत्र दुसासनसंग लरो ॥
गुनवान चलावन बान गह्यो,
लुभि दौरि रु कर्न सुसर्न लह्यो ॥६६॥
सजि तोमर द्रोपदिपुत्र सबैं,
नकुल प्रभु सात्यकि ज्वान जबैं ॥
सहदेव सिखंडिय भीम फसे,
वरबान कबान घने बरसे ॥६७॥
रनकैं इनतैं नहिं कर्न रुक्यो,

---

(१) खड्ग (२) दूसरे संदेह करते हैं ॥ ६४ ॥ (३)शस्त्र मात्र भी न रहा (४)पहले आई मूर्छा से रहित हुआ ॥ ६५ ॥(५)सात्यकि (६) अच्छा शरण लिया ॥ ६६ ॥(७)द्रौपदी के लड़के प्रतिविन्ध्यादिक पांचों ही (८) हे राजा धृतराष्ट्र ॥ ६७ ॥

झटकार जुधिष्टिर ओर झुक्यौ ॥
दृढ बाननपंति नरेस दई,
निकसी रंत रत्ति जलोक नई ॥६८॥
रुपि कर्न सुबानन जाल रच्यौ,
सबकौ सतकार कर्‌यौ न बच्यौ ॥
सरभञ्जन हाटक नाम लिखे,
लखि लागतही जियदान सिखे ॥६९॥
घनव्यूह बगारिय दंतिघटा,
पकरौं नृपकौं कहि कीन्ह कटा ॥
भट सात्यकि भीम सिखंडि भिरे,
तिनजुक्त अनेकन कौंच चिरे ॥७०॥
बढिगो न रुक्यौ वडवीरनसौं,
न बिलाव रुकैं जिम कीरनसौं ॥

---

(१) राजा जुधिष्टिर ने (२) लोहू से लाल अद्भुत जौंक निकली ॥ ६८ ॥ (३) सोने के अक्षरों से (४) शत्रु भी जीवदान देना सीखगये. यहां उदार कर्ण के नाम लिखे हुए बाणों के लगने से ये शत्रु भी प्राण जैसी प्यारी वस्तु देने में उदार हुए इसलिये वस्तु से तद्गुणालंकार व्यंग्य है॥६९॥(५)व्यूह में बाणों से हाथियों की पंक्ति को बिखेर दिया(६)कत्ल किया(७)कवच फटगये ॥ ७० ॥ (८) जैसे तोतों से

द्रविड़ाधिप भिल्ल पँचाल कुपे,
रिस रोकन कर्नहि पंडु रुपे ॥७१॥
तिनकौं तिनसे गनिकैं तकिकैं,
किंटि छेकि चल्यौ सनकौं छकिकैं ॥
गुनग्राम न मूढनरेस गनैं,
उपकार करोर कृतघ्नं सनैं ॥७२॥
पति नीच घने अपराध करैं,
इकहू न सती उरबीच अरैं ॥
भट जाय जुधिष्टिर संग अर्‌यौ ॥
कहि कर्नहिं क्यौं मम गैल पर्‌यौ ॥७३॥
पहिरे दुरजोधनके कपरे,
स्कंध मारहुँगो तुहि दोउ मरे ॥
भलबान चमूपति वच्छ भर्‌यौ,
लुभि कर्ज चुकावन काज लर्‌यौ॥७४॥

मिला नहीं रुकता है(१)क्रोध से॥७१॥(२)तृण के जैसे(३) जैसे उन्मत्त हुआ सूअर सन के खेत को दबाता हुआ चला जाता है(४)गुणों के समूह को मूर्ख राजा के जैसे(५)किये उपकार को न माननेवाला (कृतघ्न) क्या करोड़ों उपकारों से भीजता है अर्थात् नहीं. यहां वक्रोक्ति अलंकार है ॥ ७२ ॥(६)पतिव्रता स्त्री (७) योद्धा कर्ण॥७३॥(८) युद्ध(९)सेनापति कर्ण का हृदय भरा॥७४॥

जित वाननतैं तमतोम जग्यौ,
भटठट्टन दिक्खिय कर्न भग्यौ ॥
कहि कर्न गयौ भगि भीरु कितैं,
यह हौं कहि धर्मज आव इतैं ॥७५॥
धरि सुच्छ सुपान कवान घुनी,
सुरनारिन तारिन तान सुनी ॥
छुभि वान दये घन छत्तियमैं,
रनभू सिसुलौं भटकर्न रमैं ॥७६॥
करि हाँस लयो सर यौं करमैं,
रथचक्ररछक्कन सीस रमैं ॥
नृप वानन कर्न रु सल्य नये;
द्रुपदासुत भीमहु भीमभये ॥७७॥
सजि सौम्य सिखंडिय सात्यकि त्यौं,
रिस माद्रिज द्वै मिल वाहनि ज्यौं ॥
लरिकैं इन कर्नहि घेर लयौ,

---

(१) अन्धकार का समूह (२) डरपोक (३) युधिष्ठिर ने ॥ ७५ ॥ (४) अच्छे हाथ को (५) अप्सराओं की (६) बालक की तरह अथवा रन नाम युद्ध में भूमिसुलौं नाम मंगल के जैसे रुधिर से रक्त वर्ण हुआ ॥७६॥ (७) रथ के पहियों की रक्षा करनेवालों के (८) भयानक हुए ॥७७॥ (९) दोनों नकुल और सहदेव (१०) फौज ॥७८॥

जगके दुख ज्यौं हरिभक्त छयौ ॥७८॥
तब कर्न चलाइय अस्त्र तहाँ,
जरि फौज[१] गई कति भाजि जहाँ ॥
जब कर्न जुधिष्ठिर जंग[२] जुरे,
घन अच्छर गुम्भर गैंन[३] घुरे ॥७९॥
सजि कर्न सरावलि[४] वार सट्यौ,
कुसमैं[५] कित भूपति कौच कट्यौ ॥
धनु बान ध्वजा हय धर्मज[६]के,
कटिगे रथ सूत दुकर्मज[७]के ॥ ८० ॥
कुपि कुंतचतुस्क[८] प्रहार कर्यौ,
तिहिं हारि तिनौं[९] नहिं कर्न टर्यौ ॥
उपमा कवि पक्ष छिपे उभलैं,
चहुंवेद[१०] मनौं खल टारि चलैं ॥८१॥
कपरे[११] रिपुव्है वह गत्थ भनी,
वह तत्थ जुधिष्ठिर सत्थ बनी ॥
पटु[१२]सूतजपै नृप[१३]संकित सरी,

---

(१)फ़ौज जलगई(२)युद्ध में(३)आकाशमें चले॥७९॥ (४) बाणोंकी पंक्ति(५)आपत्तिके समयमें युधिष्ठिरका कवच कटा(६) युधिष्ठिरके(७) घाव्हे कर्ण से पैदाहुए ॥ ८० ॥ (८)भालोंकी चौकड़ी(९)तृण भर भी[१०]जैसे दुष्ट आदमी चारों वेदोंको छोड़कर चलताहै॥८१॥[११]आपत्तिमें कपड़े भी शत्रु होजाते हैं(१२)चतुर कार्य्य पर(१३)युधिष्ठिर राजा

हसि हेर सुबानन सप्त हरी ॥८२॥
कविपक्ष सुतर्क प्रहार करयौ,
इद ईतिन सातु सुभिक्ष हरयौ ॥
हसिकैं दिय बान हजारन हाँ,
घन घायन भूप भज्यौ इला घाँ ॥८३॥
कहि कर्न सु मोहिय लाय लगैं,
भट१ छलिय२ भूपति३ है ह भगैं ॥
अँहिलौं उडिकैं तिहिं गैल गही,
नृपकौं गहिकैं तित कर्न कही ॥८४॥
पठु विप्रन धर्महिंकौं पकरौ,
कटु छत्रिनधर्म प्रनाम करौ ॥
हरि कुंतिपके वच छोरदयो,
श्रुतकीर्तियके रथ दोरिगयो ॥८५॥
इक धर्म भगैं कहा देरलगैं,

की शक्ति चली(१)उस को सात बाणों से हटाई॥८२॥ (२) ईति [पीड़ा] सात तरह की है (जैसे १ अतिवृष्टि २ अनावृष्टि ३ टीडियें ४ चूहे ५ तोते ६ अपने देश का भय ७ शत्रु के देश का भय) (३)बहुत प्रहारों से ॥ ८३ ॥ (४)सर्प के जैसे उड़कर उस का(५)पीछा लिया॥८४॥(६) पढे हुए ब्राह्मणों के (७) युद्धको ॥ ८५ ॥ (८) एक युधिष्ठिर॰

भट कर्न अगैं कोउ धर्म[1] भगैं ॥
हुव लज्जित हा कहि छाक[2] लई,
पकर्‌यो नृप[3] है दल हाकभई ॥८६॥

संजयवचन ॥

दल पंडुन भूप सभाव[4] लयो,
दल अप्पन रोकन दाव दयो ॥
भट भीम सिखंडिय सात्यकि ठहाँ,
घनकोपि[5] फिरे दल कौरुन घां[6] ॥८७॥
चित चाहत पैं[7] उपमा न लुभै,
अरि वाजिय इज्जत जिय्य[8] उभै ॥
नभ[9] नच्चि परी घननेहभरी,
दुहुँ फौज मरी इम चित्त धरी ॥८८॥
लुभिकैं किय दाव अनेक लरे,
अटि वैंनं[10] कहैं अकरे अकरे ॥

---

(१) यहां धर्म शब्द के श्लेष से पुण्य वा आचार (२) मूर्छा ली (३) युधिष्ठिर पकड़ागया यह शब्द दोनों फौजों में हुआ ॥ ८६ ॥ (४) युधिष्ठिर का स्वभाव अर्थात् भगना लिया (५) बहुत क्रोध करके (६) कौरवों की सेना की तरफ ॥ ८७ ॥ (७) परन्तु उपमा नहीं मिलती है (८) प्रतिष्ठा और जीव की बाजी लगी (९) आकाश में ॥ ८८ ॥ (१०) अगाड़ी बढ़कर वचन

कति कातर[1] तीरतती तरकैं[2],
सुनि नग्गन[3] साधु गृही[4] सरकैं ॥८९॥
कति सस्त्र किरै[5] भट पै[6] न फिरै,
भरि बत्थ समत्थ भिराक भिरै ॥
नचकैं[7] रन मल्लनकी रचकैं,
लचकैं महि[8] मल्लनकी मचकैं॥९०॥
वंयकोमलके[9] कढि नैंन परें,
लखिहैं[10] मनु अच्छर यौं निकरें ॥
जिनके रनमें कर[11] बांम फरे,
कति वीरन चारु विचार करें ॥९१॥
इन माल धर्यौ नहिं दान कर्यौ,
फरगे[12] कुपि यौं अनुमान कर्यौ ॥
कति वीरन दच्छन[13] पानि कटे,
हसि तर्क करी रनतैं न हटे ॥९२॥

कहते हैं (१) कितने ही डरपोक (२)इधर उधर चलेगये (३)नंगे साधुओं को(४)गृहस्थ लोक ॥ ८९ ॥(५)बरसाते हैं (६) परन्तु युद्ध से पीछे नहीं हटते(७) नृत्य करके(८) पृथिवी ॥ ९० ॥ (९)कोमल अवस्थावालों के निकलकर नेत्र बाहिर पड़ते हैं(१०)मानों अप्सराओं को देखेंगे इस हेतु से(११)बाएं हाथ फड़ते हैं ॥९१॥(१२)क्रोधकर के इस हेतु से झड़गये (१३) दाहिने हाथ ॥ ९२ ॥

हरि[1] दीन्ह जथा नहि दीन्ह तथा,
कटिगे ठिककीन रही सुकथा[2] ॥
धरैं[3] रुंड निसांदिन बानभरे,
सरकन्नन[4] देस कि दाव[5] जरे ॥९३॥
मधिलग्गि[6] कटार तिरो[7] कढिगे,
उपमान कृती[8] चितमैं चढिगे ॥
रनहेतु जबैं कुरुखेत झरयौ,
सुकुमारिय भ्रात[9] विलोम परयौ ॥९४॥
करिहस्तं[10] उछारिय गैंनं[11] लसैं,
हठि[12] हस्तंन छत्रहिं हेरि हसैं ॥
रनमत्तभये न पिछान रही,
गनं[13] मारनकाज कृपान[14] गही ॥९५॥

(१)जैसे ईश्वरने मन दियाथा वैसा दान न दिया इस हेतु से(२)अच्छी कीर्त्ति रहगई(३)जमीन पर हैं मस्तक रहित शरीर जिन का ऐसे(४)हाथी पर चढनेवाले (५) वनकी अग्निसे जले हुए ॥ ९३ ॥(६)बीच में लगकर(७)तिरछी निकल गई(८)कवि(९)मानों गंवारपाठ का समूह उलटा पड़ा है ॥९४॥(१०)हाथियों के हस्त (सूंडें)(११)आकाश में शोभते हैं(१२)हठवाले मानों हस्त नक्षत्र को देखकर हसते हैं कि तू एक और हम बहुत हैं इस हेतु से(१३) भटों के समूह को मारनेके वास्ते(१४)तलवार ली ॥९५॥

न [1]मुरैं न [2]जुरैं यह भेद नहीं,
व्रत व्याप्त फिरैं कहुँ [3]खेद नहीं ॥
कहुँ [4]रम्य जुरैं कि [5]अरम्य जुरैं,
कहुँ [6]वृत्त फुरैं कि अवृत्त फुरैं ॥ ९६॥
[7]मन मग्न अरातिन मारनमें,
[8]इकही मति वीर हजारनमें ॥
बिरमे न [9]पहुच्न कुब्राह्मनपैं,
[10]सिर ली यह दुष्ट अमात्यनपैं ॥ ९७ ॥
जिन [11]दीन अदीनन जान नहीं,
पुनि सांच रु झूठ पिछान नहीं ॥
[12]रुचि [13]न्याय अन्याय कहूँ न रुकैं,
[14]कैर दामनसों तिन सीस झुकैं ॥९८॥
झरि कोरि [15]उपाय जमा करिहैं,
[16]प्रभुप्रेरित [17]दामिनि ही परिहैं ॥

---

इकवेर मारुति[3] जेरभो भट इंद्रजीत क्रुधाभरयौ
फिरमुट्ठिदैंउर कुंभकर्न[4] दरारि[5] कुंभप्रभाकरयौ २५०
कहि पत्थ तव पद[6] सौंह भीम रु नकुल त्यों
सहदेवकी ॥
रु कबान बानन सौंहहैं नहिं वानि यह अहं[7]मेवकी
नृपआज कर्न पछारि मारहुँ नांहिं[8] तो विनु भ्राततूँ
कहिंगाथ[9] पांडुनंनाथ[10] हनि रिपुसाथ गंजहिं[11] पार्थतूँ
कहि कान्ह दारुकै[12] कानि[13] छोरि सैंतांग[14] राखहु
साजिकैं ॥
गुंनबान[15] बान कृपान[16] अरिगनप्रानछ्रानहु गाजिकैं
नरनाथके पद माथदैं दुहुँ साथ स्यंदनपै[17] चढे ॥
रविजात[18] कर्न दुबाहुपै दुहुँ राहुसे छबिसौं बढे २५२

---

(१) इक्कीसवार (२) करके (३) हनुमान् (४) कुंभकर्ण का हृदय फाड़कर (५) घड़े के जैसी करदी ॥ २५० ॥(६) तेरे चरणों की सौगन है (७) अहंकार की (८) नहीं तो आज तू विना भाईवाला होवेगा (९) वात(१०)युधिष्ठिरने(११)गर्जेगा ॥ २५१ ॥(१२)श्रीकृष्ण ने अपने सारथि से कहा कि हे दारुक!(१३)प्रतिज्ञा को छोड़कर(१४)रथ को (१५) पनचवाला धनुष (१६) खड्ग (१७) रथ पर [१८] सूर्य का पुत्र.

वरमग्ग वीखिरुअग्गकौंगहिअग्ग घोरनकौंलये
सुथिरा[1] थरक्कियर्‍यौं बरक्कि[2]पडह्हकौं[3]लहुचीर्छ्ये
छिहजार जीहनसौं रटौं हिय सेसं यौं सुखसौंछ्यौ
तिंहिंवारभारअपारहाहा[5]कारवारमजालयौ २५३
इम लेत दिग्गज भामरी जिम भौंर[6]नावपरीभमैं
जुतसोंर[7] हुविचक्क सोरकौ परि अग्गि सौं उप-
मा जमैं ॥
डरि चर्न सीस छिपायि कच्छप अच्छकवि
उपमा रखैं ॥
केर्षुकें छिपावैं धान्य ज्यौं कनैंवारकहिं आवत
लखैं ॥२५४॥
हरिमुष्टिकृष्टकीपयोधरलौं पयोधर पै झरैं
पुनि दुष्टसीस अज्ञातैं विपदापातं ज्यौं उल्कापरैं

॥ २५२ ॥ (१) पृथ्वी (२) धड़क गई (३) वाराह भगवान् की (४) भी इस शब्द से छागये (५) हाहाकारवाला ॥ २५३ ॥ (६) समुद्र के भँवर में (७) शब्द सहित (८) बारूद का बिच्छू अग्नि पर पड़कर (९) कच्छप भगवान् (१०) किसान (११) कणवारिये को आता देखकर ॥२५४॥ (१२) श्रीकृष्ण की मुट्ठी से खिंचे हुए पूतनाके स्तन से दूध के जैसे (१३) पर्वतसे पानी झरता है. (१४) अचानक आपदा (१५) बिना इंधन की अग्नि

कहि कान्ह पत्थ सुजान अब धनु तान बानहि
पान लै ॥
थित थान बान अमान महिप पिछान कर्न कुं-
प्रान लै ॥ २५५ ॥
तित पत्थ सोचिय कर्नमारनकी प्रतिज्ञामैं करी
किंहिंधा पछारहुँ यौं विचारिय हीय धारिय
ऐंयौं हरी ॥
हरखात स्यामल्लगात बुल्लिय पत्थ बात न भी-
तिकी ॥
भगदत्त अग्गैं भग्गि वांसव लग्गि मुँह पुर्हि
प्रीति की ॥ २५६ ॥
तिहिं हत्थि मार्यौ ताहि मार्यौ भीस्म मार्यौ
द्रोनकौं ॥

---

(१) हाथ में (२) स्थानों में स्थित हैं बाण जिन के ऐसे अपरिमित राजाओं में ॥ २५५ ॥ (३) किस तरह (४) उसी तरह श्रीकृष्ण ने विचारा. (५) श्याम शरीर (६) इं-द्रने (७) खुशामदी करके ॥ २५६ ॥ (८) उस भगदत्त के हाथी को (९) जिस की इंद्रने खुशामदी करके प्रीति करी थी उस भगदत्त को मारा तो कर्ण के मारने में क्या संदेह है.

रन तूं हनैं कुप द्रौनि भोजहिं सकुनि कर्न
कुगौनकौं ॥
तजि भर्म नर्महिसौं पछारहु सर्मप्रदसुतधर्मकौ
नर घर्महियठहैपर्मसीतलवर्मधरवर धर्मकौ २५७
मुहि हतनकौं हतनापुरी निजहितुनसौं पकरन
कह्यौ ॥
दुहुँ कृष्ण हनहौं तौहिछिन हैन याहिछिन का
गनि रह्यौ ॥
अतिरम्य होयहरम्यपांडु अरम्य मानिअरम्यभौ
कुरुरायकौं वहकायि रनभुवि आयि पाँय

---

(१) संभव है कि तू मारेगा (२) खोटा है गमन जिसका ऐसे कर्ण को शकुनि का साथ कहना चंडाल चौकड़ी के द्योतनार्थ है (३) भ्रम (४) लीला ही से (५) सुख देनेवाला. युधिष्ठिरको (६) हे अर्जुन (७) तपा हुआ हृदय परम शीतल होवे. (८) धर्म का श्रेष्ठ कवच धारण करनेवाले युधिष्ठिर का ॥ २५७ ॥ (९) मुझे मारने के लिये हस्तिनापुर में कर्ण ने अपने मित्रों से कहाथा. (१०) दोनों कृष्ण अर्थात् श्रीकृष्ण और अर्जुन को (११) जिस समय तुम पकड़ लोगे (१२) मार (१३) पहले यह कर्ण बहुत अच्छा था (१४) परन्तु अच्छे पांडुओं को बुरे समझकर बुरा हो गया है (१५) पैरों से अचल हो गया

अगम्य भौ ॥२५८॥

मम भागिनेय[1]मराय[2]मृति[3]द्विजराय सौं बतवाय कैं,
इत भो खरो सुख पाय लैं हौं[4] दायपाहि मराय कैं ।
सुन पत्थ तोर सपत्थ[5] कर्नाहिं सत्थहीन हि तू करैं
चलें[6] प्रबल भार्गव[7] अस्त्र के बल निबल ज्यौं तव[8]

बल जरैं ॥२५९॥

भटमौर[9] पत्थ समत्थ यौं सुनि बत्त व्हां जदुनाह की
कटुराहिं[10] जय चित चाह किय ललकार अरि[11]

दल आह की ॥

अब सैं[12]कुनि व्हैं सकुनी उडें मम बान व्यर्थ न

जावहीं ॥

परिवार[13]कर्न पुकार सुनि कुरुवीर[14] पार न पावहीं २६०

॥२५८॥ (१) भानजे अभिमन्यु को (२) मृत्यु (३) द्रोणाचार्य से कर्ण के कहने से द्रोणाचार्य ने अभिमन्यु को मारने का उपाय बताया (४) बदला (५) सौगन (६) यहां से यहां चल (७) परशुरामजी के अस्त्र के बल से प्रबल हैं (८) तेरी सेना निर्बल के समान जलती है॥ २५९॥ (९) सुभटों के मुकुट अर्जुन ने (१०) कडुए रस्ते से (११) शत्रुओं की फौज को आह करानेवाला (१२) पक्षी (१३) कर्ण के परिवार के (१४) कुरुवंशी दुर्योधनादि दुःख समुद्र का पार नहीं पावेंगे ॥२६०॥

॥ कविवचन ॥

रनभूमि जायि उठायि हत्थहिं मुच्छ लायि ख-
रो रह्यौ ॥
बढि ध्वान[1] घोर निसाननैं[2] काननैं[3] तान गान ग-
यौ बह्यौ[4] ॥
जित घोर जोधन के घुरैं तित कौन तूतिय की सुनैं
यह लोक गाथ[5] अनूप पद्म कविंद कोहि यउ प्फनैं २६१
भिरि कर्न पत्थ समत्थ[6] भागियँ[7] अर्थ[8] जय अ-
पनायकैं[9] ॥
धोनि आन मनि सिरथान थप्पिय प्रान[10] पान
उडायकैं ॥
कति वीर तुच्छ[11] सरीरकौं गनि तीर तुच्छ अ-
रीनके ॥

---

(१) शब्द (२) नगारों का (३) कानों तक है तान जिन का ऐसे अप्सराओं के गान (४) बह गया. अर्थात् नगारों के शब्द ने इसका तिरस्कार कर दिया (५) कितनी ही (असंख्य) (६) लोककहावत ॥२६१॥ (७) दोनों बलवान् सर्प (८) जयरूप धन को (९) मालिक की आज्ञा रूप मणि को (१०) प्राण रूप पत्तों को (११) यहां शरीर और तीर रूप बस्तुओं को तुच्छ गिनने रूप धर्म से तुल्ययोगिता अलंकार है.

भजवत्तजुझियहीन[1]भीतिअहीन[2]उच्छत्रपीन[3]के२६२
जब हौं[4] कढ्यौ कसि सस्त्र अंग उमंग जुरिवै
जंगके ॥
मुख हेरि फिर[5] कर फेरि बुल्लिय मात सें[6] सु-
रंगके ॥
स्तनँ[7] हत्थ धरि इहिं पान करि जुरि फिरहिं जो
रन जायकैं ॥
तूं तात नहिं हौं मात नहि यह ख्यात इक्खहु
आयकैं ॥ २६३॥
कढि ठहँ खरी सिर चूंदरी अँगुरी धरैं रु स्वसा[9]
कह्यो ॥
मुरि तीर आयौ वीर तो यह चीर[10] खप्पनहीचह्यो
पुनि तीय बोल्लिय पीय सुन विनुजीयं[11] रन

[१]भयसे रहित[२]एक एकसे कम नहीं[३]पुष्ट उत्साहवाले दोनों कर्ण और अर्जुन।२२६।(४)कोई योद्धा कहताहै कि जब मैं युद्ध करनेको निकला था तब(५)माताने हाथ फेरकर (६)अच्छी रणभूमिका के लिह!(७)स्तनों पर हाथ धर कर माता बोली कि इस स्तन को पीकर पीछा फिरेगा तो (८) पुत्र ॥ २६३ ॥ [९] बहिन ने[१०]चूँदरी को खप्पन करूंगी अर्थात् आत्मघात करूंगी यह ब्यंजना है (११) मरा हुआ.

सुनिपाय हौं ॥
उत अरहिँ अच्छर हौं इतैं जरि लरि रु तोकहिं
लायहौं ॥ २६४ ॥
केउवेर पायो ओठरस फिर हेर हसि हसिपायहौं
बहुधा सुवायौ वच्छपैं पुनि स्वच्छ वच्छसुवायहौं
अरि जीत आयौ प्रीतिपै फिर हौं वहैं अरु तूंवहैं
बिनु जीतआयौप्रीतिपनहितूंवहैंनहिहौंवहैं २६५
यहशान्तिवृत्ति लियैं कहीनसहीगईरिसउफनी
तिहिँवेर लै समसेर टेरहुँ कोवँना अरु कोवँनी
पतिव्रत्त हानिय जीय जानिय तेअज्ञानियजानियैं
तनुंतुच्छजानैंसुच्छरक्खनस्वच्छ पैंच्छपिछानियैं

(१) अड़ेगी अर्थात् अहंपूर्विका पूर्वक वरेगी (२) जलकर अर्थात् सती होकर (३) अप्सरा से झगड़कर ॥ २६४ ॥ (४) अधरामृत (५) छाती पर (६) दिव्यदेह का निर्मल (७) विजय पाकर ॥ २६५ ॥ (८) इस समय तो मैंने यह शांतवृत्ति से कहा है यदि हारकर आया तो उस समय (९) तलवार लेकर युद्धके लिये बुलाऊंगी. (१०) कौन तो दुलहा है और कौन (११) दुलहन है. यहां बना बनी कहने का अभिप्राय यह है कि विवाह हुए थोड़े दिन हुए हैं. (१२) यहां पतिव्रतापन नष्ट होजायगा ऐसे कहनेवाले को अज्ञानी जानना चाहिये (१३) शरीर का (१४) कुल ॥ २६६ ॥

कसिकैं कढे कुपि क्रूर पूरगरूर सूर समाजके
सुनि गोधि संगर दांत कुंगर तंग लंगर लाजके
तरवार डंढ प्रहार भुंद्द द्विफार श्रंस दुहूंनपैं ॥
दुवथाँरिसितसुमडारिगौरिपुरारिपूजतमोनपै२६७
सुनि सोर जोरगहीगदाभुंजजोरफारियजोरको
निसरयो डरयो रु मरयो नहीं विसरयो अदा
सुमरोरको ॥
कहि पत्थ हौं विनुसत्थ तूं जुतसत्थअत्थइतैंजुरें
विनुमत्थ हैं। विनु मत्थ तूं विचरैंअरैंनदुहूंमरैं२६८
श्रुति वर्न परतहिं कर्न लोटिय कर्न आहव
अनंको ॥

---

[१] पूर्ण अभिमानी. [२] जन्मपत्री से ललाट में युद्ध लिखा हुआ सुनकर [३] जैसे हाथियों के तंग बगड़ होते हैं वैसे इन के लाज रूप लंगर हैं [४] ऊपर से [५] मस्तक को दो फाड़ें [६] दोनों कंधों पर पड़ी हैं [७] सो मानों दोनों के लिये थाली में सुफेद पुष्प रखकर पार्वती और महादेव को पूजते हैं ॥ २६७ ॥ [८] जिस का मस्तक फटा था उस ने शब्द सुनकर [९] भुजों की जोड़ी से [१०] जिसने माथा फाड़ा था वह भागगया [११] वजह [१२] अर्जुन ने कहा [१३] विजय रूप फल के लिये ॥ २६८ ॥ (१४) कानों में ये अक्षर पड़ते ही (१५) युद्ध करने के लिये (१६) इधर उधर फिरे नहीं ऐसा युद्ध.

कहि कर्न लख मो सैर्न कै तौ सर्नपै मतसर्नकौं
जपि पत्थ सुनि सुत कर्न जानहु सर्न मो जदु
रायकौ॥
बिनु सर्न तूं कोउ सैर्न कौ अरि सर्न मारहिं
आपकौ ॥२६९॥

कहि दोहु जुट्टिय धीरें छुट्टिय सरअहुट्टियकर्नपै
गहि गदा डारिय पत्थटारिय सक्ति डारियसर्न पै
नर तानकैं सिसु बान दिय प्रिय प्रान पैय सु
पिछानकी ॥
सिसु बानकी न सिखा बढी कटगी सिखाभट
आनकी ॥ २७० ॥

---

(१) बाणों को (२) परन्तु किसी का शरण मत देख. (३) कोईशरणावाला शत्रु (४) बाणों से ॥ २६९ ॥ (५) धीरज चली गई अर्थात् चंचलपन आगया (६) कर्ण के बाण क्षीण हो गये (७) बरछी (८) पूर्वोक्त शरणा रूप श्रीकृष्ण पर (९) बालक सदृश बाण (१०) जिनको प्राण रूप दूध की पहचान है (११) बालक रूप बाण की चोटी नहीं बढी. लोक में कहते हैं कि "हे बचा तू दूध पीजावेगा तो तेरी चोटी बढेगी" सो उन बाणों की चोटी नहीं बढी. साम्हने के वीर की चोटी कटगई अथवा वीर की मरोड़ की चोटी कटगई. अर्थात् पैरों में पड़कर कहा कि मैं तेरा चाकर हूं मुझे मतमार ॥२७०॥

लखि वच्यौ कर्नहिं पढिय वर्नहिं मंत्र जो गुरु
पै पढ्यौ ॥
कर मुच्छ फेरिय बान प्रेरियवच्छफोरिपरैंकढ्यौ
जिहिं भांति जसपदपांति सौं गुन कांतिकौ सि-
र घूमतौ ॥
तिहिं भांति घूमत दूर ह्वो नहि तौ मिहिरें मुख
चूमतौ ॥२७१॥
दुस्सासनहु संसप्तकन जुत भीमतैं भटव्हैंभिल्यौ
सात्यकिं सिखंडिय कृप सुयोधन द्रोनसुत सौं
म्यहिं पिल्यौ ॥
जुतमन्यु व्हाँ भट युधामन्यु रु चित्रसेनजुरेजहाँ
नहिंद्वंद्वजुद्धकह्यौपरैंकाविएक जीहसैंकहाँ२७२
जगद्वै द्विजीह अही रु सूंचकजोइन्हैंगुरुमानलौं

---

(१)मंत्र के अक्षर (२) छाती फोड़कर पार निकलगया (३) जस के पदों की पंक्ति अर्थात् स्तुतिमय वर्णन से गुण की कांतिवालों का अर्थात् गुणवानों का सिर घूमने लगता है वैसे कर्ण का सिर घूमने लगा इसका कारण यह था कि वह दूर था नहीं तो (४) सूर्यके मुखको चूमता ॥ २७१ ॥ (५) सात्यकि कृपाचार्य से, शिखंडी दुर्योधन से, अश्वत्थामा धृष्टद्युम्न से भिड़ा (६) क्रोध सहित (७) दो दो की लड़ाई ॥ २७२॥(८)सर्प(९)चुगल

तब एक वाहमिलैंसमत्तं[1]अनेकआईं[2]स्वकानलौं
सहदेव सकुनिय सतानीक रु सौकुनी[3] सजि-
कैं लरे ॥
भिरि भोज नकुल सओज[4] है सबवीर द्वै द्वै व्है
अरे ॥२७३॥
सरमौजें[5] सज्जिय उत्तमोजसुखेन[6]कर्नंजव्हांसज्यौ
झर परन लागे नर किते दुहुँ नरनतनु[7] हित
यौं तज्यौ ॥
झटपरयौ भट सुतकर्नकौ भट उत्तमोज छटा
नच्यौ ॥
हत सूत रथ सुतसूतनैं सुसिखंडि रथ चढि श्रम
रच्यौ ॥२७४॥
तिहिं हेतु ही मनु उत्तमोजसरालिसौंकृप[10]हयहने
कहि भीम चाल असोक व्हाँ कुरु लोक सोकें[11]

(१) रोवरू (२) हायरे कवि ने यह क्या किया कि इन को शुरु बनाया यह अनेकों से सुननी पड़ेगी (३) शकुनि का पुत्र उलूक (४) पराक्रम सहित ॥ २७३ ॥ (५) बाणों की रीझ (६) कर्ण का पुत्र सुषेण (७) शरीर का स्नेह (८) वजह से (९) कर्णने उत्तमौजा के सारथि और रथ को मार दिया ॥ २७४ ॥ (१०) कृपाचार्य के घोड़ों को (११) शोक में बह जावैं.

वहैं घने ॥
ए उद्द[1] वच सुनि क्रुद्ध ह्वै कुरुमुद्द[2]भटरनपैरुपे
सरवारतैं[3] तरवारतैं घरवार[4]पाप सबैं धुपे॥२७५॥
दलकौं[5] उडावैं पौन यह सुतपौन[6] भलदलदट्टयौ[7]
फिर वात रक्खिय तातकी सरसाथ दलहिं उ-
लट्टयौ ॥
सुरतीय[8] भोगन जोग जे भट तेइ जुट्टिय भीमसौं
चढ भीमपै बलमीक[9]के अम जो भग्यो दल
दीमसौं[10] ॥२७६॥
तित भग्गि[11] भेंट फिर जग्गि[12] फिर बेप्रीतें[13] मित्त
नरेसें[14] भौ ॥
तित बान पानन[15] पेसिभीमकुंवेसहृसितमहेसेंभौ[16][17][18]

(१) ऊंचवचन (२) कौरवों में शिरोमणि (३) बाणों के समूह से (४) गृहस्थियों के चूल्हा आदि पांच हिंसाओं का पाप ॥ २७५ ॥ (५) पत्तेको (६) पवन का पुत्र भीम (७) सेना को (८) पवन रूप पिता की की (९) अप्सराओं के भोग के योग्य (१०) बमोटा, अर्थात् उदेई का किया हुआ ढेर (११) उदेई के जैसे॥२७६॥ (१२) कर्ण भगा (१३) सावधान हुआ, अर्थात् भागने का काम मेरे जैसोंका नहीं (१४) गुस्से हुआ. (१५) दुर्योधनका मित्र अर्थात् कर्ण (१६) पत्तों के जैसे बाणों को पीसकर (१७) भयानक वेषवाला (१८) उसको देखकर महादेव हँसे

ज़ुतसोक भीम बिसोककौं कहि सोकदैं नृप
कौं जियौं ॥
रन भज्जिडेरनगोसुफेरनठीकचेरनकाकियौ२७७
तिहिं क्रोधतें नहिं बोधहै सुहिचौंधनैंनपैचढी
पर अपर जान परैं नही बैर अंध हौं बिधुरावढी
जो मिलहिं हमसौं मिलहिं जमसौं याहिदम
सौं यह भई ॥
निजवार पास बिचार नावैं वारदेहु उन्हैं जैंई२७८
छबि याहि विधि हैं आज विनति बिसोकनैं क
रजोरि की ॥
हिय जान रखि पहिचानदैहौं जाँनि छबि निज
ओरकी ॥
कहि भीम लख बिच यानकैं साहित्यसंगरकौ
कितौ ॥
तित बोल सून बिसोकैं करि हिय तोल ईसैं

(१) दुर्योधन को (२) नौकरों ने ॥ २७७ ॥
(३) ज्ञान (४) झबल. मरुभाषा. नेत्ररोग विशेष
(५) खूब अंधा हूं (६) पीड़ा (७) इसी समय से (८) अपना
समूह (९) मना करदो (१०) हे जयशील ॥ २७८ ॥ (११)
पहिचान कर (१२) सामग्री या सामान (१३ युद्धकी (१४)
विशोक नाम. और शोक रहित हृदय (१५) हे स्वामी

सुनौ इतौ ॥२७९॥

॥ विशोकवचन ॥

॥ दोहा ॥

बानै[1] षष्ठि अरु भल्ल[2] दस, छुर[3] दस द्वै नाराच[4] ॥
प्रदर[5] तीन ये बुद्धिबल, जोरि सहस्रन जाच २८०
असि[6] तोमर[7] अर्गलहु[8] भल्ल, खांडे बरछी फेर ॥
इतने हैं मृत हय रु गय, रथ तव सस्त्रहि[9] हेर२८१

॥ भीमवचन ॥

॥ दोहा ॥

भन यह काकौ दल भगैं, करिकरि[10] कांतर कूक
काहि विसोक कुरुफौज यह, नरसैर[11] चलिय अचूक
नर[12] आयो का सूत कहि, सुनत न गंजिव सोर ॥
ग्राम चतुर्दस वीस रथ, सत दासी हुव तोर[13]२८३
पत्थ खबर दिय अतिहि बर, स्तोकरी[14] भें[15] दिय तोहि
अब हरि पत्थ रु हौं इतैं, होनी होहि सु होहि२८४

॥२७९॥(१)बाण साठ हजार,(२)भल्ल दसहजार(३)छुर दस हजार (४)नाराच दो हजार (५)प्रदर तीन हजार ॥ २८० ॥ (६) तरवार (७) भाला (८) आगल(९)ये भी तेरे शस्त्र ही हैं ॥२८१॥(१०)कायरों के जैसे चिल्ला चिल्ला कर(११)अर्जुन के बाण ॥ २८२ ॥(१२)भीम ने कहा कि क्या अर्जुन आया?(१३)यह इनाम दिया॥२८३॥ (१४) थोड़ी(१५)इनाम ॥ २८४ ॥

षष्ठयामकी सूची ॥

छप्पय॥

शकुन विचार रु करन सल्यको हुव विवादहद
करनसापको कथन [1]व्यूह [2]व्यास रु कविमतिपद[3]
दुवर्दलरन[4] पाराडुदल करन अरु करन भीमरन
हुव माद्रिज[6] अरु करनँपुत्र वृषसेन सुरन घन ॥
सातपक्कि अरु दुःशासन सुरन करन युधिष्टिर
रन कहिय ॥
सातपकि शिखरिड भीम रु त्रिहुन कर्रन रन
सु गौरव गहिय॥२८५॥
करन अग्ग नृपभगनकरन त्रिँहुँ पाएडवपकरिय
दुर्योधनके पंचभ्रात हनि भीम वाह लिय ॥
भीम कारिनगन हनिय भीमकरन सुँ जुट्टियभल्ल
अश्वत्थामा नृपैति[12] करन अर्जुन रन विनुछल्ल ॥

(१)सेना की रचना विशेष (२) व्यासमतिपद व्यास-जी के बुद्धि का स्थान अर्थात् महाभारत में कहा उस तरह(३)कवि की बुद्धि का स्थान अर्थात् कवि की कल्पना से किया हुआ(४)पाएडव और कौरवों की सेना का युद्ध(५)पाएडवों की सेना से कर्ण का युद्ध(६)नकुल और सहदेव(७)कर्ण का (८) कर्ण के युद्ध ने वडापना पकड़ा ॥ २८५ ॥९)युधिष्ठिर (१०) नकुल, सहदेव और भीम (११) वह कर्ण (१२) युधिष्टिर.

अर्जुन रु त्रिगर्त्तिय अति अरिय कृपशिखण्डि
रन घन करिय ॥
नकुल सहदेव अरु करन नृप[2] लुभिचारों अद्भुत
लरिय ॥ २८६ ॥
करन रु अर्जुन अरन करनसों नकुल अरनरन
नर सुनृपति[3] हेरबे गमन किय नृप[4] लखि सुखघन
कर्नहि मारनकेरि प्रतिज्ञा पत्थ प्रकाहिय ॥
ओ. भूपहिं विश्वास करन मरन सु निश्चयकिय
अर्जुन रु करन किय रन अधिक[5] अधिक कथा
छप्पय अधिक ॥
एककी ठोर रक्खिय त्रिहूँ माफ करहिं कवि
भय[6] अधिक ॥२८७॥

॥ दोहा ॥

पेखहु षष्ठी पहरविच, एतिय कथा उँदार ॥

(१)दृढ वा विस्तृत (२) दुर्योधन ॥ २८६ ॥ (३) श्रेष्ठ वा वह राजा युधिष्ठिर (४) राजा को देख अर्जुन को सुख हुआ जीता मिलने से, और अर्जुन को देख कर राजा को सुख हुआ. कर्ण को मारकर अर्जुन आया है इस हेतु से (५)पूर्व युद्धों से यहां अधिक हुआ इस हेतु से कथा अधिक हुई और एक छप्पय के क्रम से दो छप्पय भी अधिक हुए (६) क्रम छोड़ने का मुझको भय अधिक है ॥२८७ ॥ (७) बडा

पद्मसुकविहरखितस्वंहियशुभशुभपद्यसँभार२८८

इतिश्रीमच्चंडीचरणारविन्दचित्तचंचरीकचारण्ण क्सामिधेयचारुसंवसथवास्तव्यचारणचक्रचक्रवा कचंडांशुजाज्वल्यमानकाव्याज्ञत्वज्वालाज्वलज्ज गज्जीवजुष्टवलूंदाख्यग्रामठक्कुरजयजीवनजीवन सिंहपतोलीपात्रवंशभास्करप्रवन्धप्रणातृमिश्रण कुलोद्भूतश्रीसूर्यमल्लशिष्यपातावतशाखाप्ररूढ जगरामात्मजपद्मसिंहप्रभाषितकर्णपर्वविभावि- भूषितवीरविनोदे द्वितीयदिनद्वितीययामयुद्धं सं- पूर्णम् ॥ २ ॥

(१)अपने हृदय में(२)दोहा छप्पय आदि ॥२८८॥

इति श्रीमती चंडी के चरणारविंद में है चित्त रूप भ्रमर जिसका, चारणवास नामक सुंदर ग्राम का निवासी, चारण समूह रूप चकवों के लिये सूर्य रूप, जाज्वल्यमान काव्यकी अज्ञता रूप ज्वालाओं से जलते हुए जीवों करके सेवित, बलूंदा नामक ग्रामके ठाकुर विजय के जीवन रूप जीवनसिंह का पोलपात, वंशभास्कर ग्रंथ के रचयिता मिश्रण कुल में प्रकट हुए श्रीसूर्यमल्लका शिष्य, पातावत शाखावाले जगराम का पुत्र जो पद्मसिंह उस से रचे हुए कर्ण पर्वकी शोभा करके विभूषित वीरविनोद में द्वितीय दिनके द्वितीय याम का युद्ध सम्पूर्ण हुआ ॥ २ ॥ इति षष्ठयाम सम्पूर्ण ॥

॥दोहा॥

समर सातमीजामको, अमरतिपन[1] उतसाह ॥
भमर[2]करनसेपरहिं भुव, कमर खुलहिं कतराह[3]॥१॥

॥छंद भुजङ्गप्रयात॥

चलैं भीमको पत्थको रत्थ ऐसैं,
अकूपार[4]मैं भारकी नाव जैसैं ॥
चल्यौ द्रोन[5]कौं लै हरी[6] पौनजायो,
हरी[7] ताघरी रत्थ ऐसो चलायो ॥ २ ॥
फिरे बीर आडे तिन्हैं तीरसाजे,
भये कालनेमीकथामैं जमा[8] जे ॥
बन्यौ भीम ह्वां कालको[9]सो बिगारी,
वहैं[10] आयु हेरैं यहैं आयुहारी ॥ ३ ॥
बगारी अरी फौज धांधां[11] अनारी[12],
बगारी[13] कृती[14] कीर्ति दातारवारी ॥

(१) अप्सराओं को (२) भ्रमर, अथवा युद्ध के रसिक. मरुभाषा में छैल (३) स्वर्ग का रस्ता करनेवाले पुरुषों की ॥ १ ॥ (४) समुद्र में (५) द्रोणाचल को (६) वानर हनुमान् (७) श्रीकृष्ण ने ॥ २ ॥ (८) मारे. जैसे हनुमान्ने कालनेमि को मारा था वैसे आडे आये उनको भीमने मारा (९) यमराज का (१०) यमराज तो आयुष्य को देखता है और यह आयुको हरण करनेवाला है ॥ ३ ॥ (११) ठौर ठौर (१२) अनाड़ी अर्थात् कम समझनेवाला (१३) फैलाई (१४) कविने

फटीनावके खंड[1] ज्यौं अब्धि[2] खेलैं,
पुरी[3] तर्ककी व्यासकौं कौन पेलैं ॥ ४ ॥
हनौं भीमकौं भीमकौं भूप[4] भाख्यौ,
जतूगेहमैं[5] याहिनैं पत्थ राख्यौ ॥
भटाली[6] भिरी भीमसौं भूपभेजी,
फटी मत्तके[7] हत्थ ज्यौं जीर्न[8] रेजी ॥५॥
खटाईपरैं दूधकौं ज्यौं बिदारैं,
बिदारैं सिला सोरैं[9] ज्यौं अग्निडारैं ॥
जबैं उत्तर्यौ रत्थसौं वायुजायौ[10],
गदा हत्थ लैं हत्थिघेरा[11] घुमायौ ॥६॥
घनी घोटकाली[12] गदा चोट घोटी[13],
मनौं धातु के लीक भूमी[14]कसोटी ॥
पछारे रथी सारथी के पछारे,
मरी कंसवार्ता सिसूसप्त[15]मारे ॥७॥

---

(१)टुकड़े(२)समुद्र में(३)उपमा के नगर व्यास को कौन उठावै ॥ ४ ॥ (४) दुर्योधन (५) लाक्षागृह में (६) योद्धारों की पंक्ति (७) पागल के (८) पुरानी ॥ ५ ॥(९)बारूद (१०)भीम(११)हाथियों की घटा को ॥ ६॥(१२)घोड़ों की पंक्ति(१३)बहुत बारीक करदी औषधके जैसे(१४)पृथ्वी रूप कसोटी पर(१५)पुराण प्रसिद्ध सात बालकों को

लरैं भीम लोहू झरैं कोप कैसो,
कुरू कोपले अग्निगोला[1] अनैसो[2] ॥
कह्यौ भूप[3] मामां जथा द्यूतकीन्हौं,
तहाँ धर्मकौं जीतिकैं राजलीन्हौं ॥८॥
तथा आज तूं भीमकौं गाजि जीतैं,
बडे बीर बीते किंते तो न बीतैं[4] ॥
मुरयौनां[5] भिरयौ भीमसौं भूपमामा,
हसी तारदैं भूरि गिर्वानवामा[6] ॥९॥
करयौ पत्थसम्बन्धसौं नर्म[7] कैसौ,
कुरूनाथमामा दिपैं अंसदैसौं[8],
ध्वजा१भीम२घोरे३सबैं छिद्रधारी,
कलौ[10] विप्र जोगी तपस्या विकारी॥१०॥
बरछी लगी भीमकी ठहां अन्यौरी,

मारने की कंस की कथा ॥ ७ ॥ (१) अग्नि का गोला (भीम) (२) असदृश(३)दुर्योधन ने कहा ॥ ८ ॥ (४) और कितने न बीत जांयगे (५) दुर्योधन का मामा शकुनी मुड़ा नहीं (६) देवताओं की स्त्रियां ॥ ९ ॥(७) अर्जुन के संबंध से ठट्टा किया (८) दो कंधोंवाला. दो पुरुषों के अंशका अर्थात् दोगला. यह भी अर्थ जानना (८) ध्वजा, भीम और घोड़े सब छिद्रवाले हैं. भीम पक्ष में आरपार बिवरवाले(१०)कलियुगमें॥१०॥(११)अणिवाली

टर्यौ नां रतीं झेलिकैं ताहि टारी ॥
जबै भीम कोप्यो हरीं सत्रु जीकौं,
हरे सूत घोरे हन्यौ वारहीकौं ॥११॥
कछू सौंज[2] नां सौबली[3] यौं सिटायौ,
भनी भीम भौ नैंकसौं चित्तभायौ[4] ॥
भग्यो देखि गंधारिभू[5] नेहभीनौं,
गन्यौं गींडवा[6] रत्थपै डारलीनौं ॥१२॥
उभै[6] थानपैं[7] सौबली भूप ऐसैं,
जहाँ जोरि राजी कली पाप जैसैं ॥
भगी भीमभीसौं कुरूफौज भारी,
लयौ कर्न सर्नां दयादानकारी ॥१३॥
बितायौ तृतीयांस[10] हो द्यौस बाकी,
चली कर्नकी बाँनचाली[11] चैलाकी[12] ॥
बढे मच्छ पंचाल चंदेरिवारे,
दिखाये तिन्हैं कर्ननैं द्यौस[13] तारे ॥१४॥

---

(१) शाकुनी के प्रहार को रोकदिया ॥ ११ ॥ (२) सामग्री (३) शकुनि (४) दुर्योधन (५) तकिया॥१२॥ (६) दोनों (७) रथ पर(८)दीपि (९)भीमके भय से ॥ १३ ॥ (१०) दिनका तीसरा हिस्सा बाकी रहा (११) गति (१२)चल गतिवाला (१३) दिन में तारे दिखाये॥१४॥

जबै कोपकैं कर्नसौं भीम जुट्टयौ,
अरे पांडुवारे घने नां[1] अहुट्टयौ ॥
लस्यौ कर्न ऐसौ भग्यौ सो न कैसौ,
जनौं डैल[2] डारैं चिरीजाल जैसौ ॥१५॥
सहस्रांर्चि[3] धी सांत भीतीं[4] अतुल्या,
करी कर्ननैं श्रोनकी केक कुल्या[5] ॥
स्तुती कैं[6] सुरी[7] कर्नपै पुस्प डारे,
रवीभू[8] सराली निसाने निहारे ॥१६॥
गये भागि पांडू दसौंही दिसामैं,
जहां अंग[9] को बान व्याप्यौ न जामैं ॥
उतैं कर्नपैं कर्नके बीर आये,
मिले भीमसौं भीमके सीस नाये ॥१७॥
भिरी पांडुकी वाहिनी[10] चाहभीनी,

---

(१) चीण नहीं हुआ अर्थात् बुद्धि, क्रिया और बल चीण न हुए (२) मिट्टीका ढगला चिड़ियों का समूह ॥ १५ ॥ (३) सूर्य की बुद्धि भी थक गई कि कदाचित् पुत्र मर न जाय (४) भय (५) छोटी नदियां (६) करके (७) अप्सरा (८) कर्ण ने. यहां कर्ण का नायक पन व्यंग्य है ॥ १६ ॥ (९) वह कौनसा अंग है कि जिस में बाण न लगा ॥ १७ ॥ (१०) सेना

अटी[1] कातराली[2] उतैं आइ कीनी ॥
कह्यौ याहिनैं भूप[3]कौं जेर कीनौ,
घनौं घैरकैं[4] सेर[5]कौं घेर लीनौ ॥१८॥
खरो कर्न ठां ठां खरे शत्रु खेसैं[6],
अफीमी मनौं यूकँ[7] प्रस्तारपेसैं ॥
कछूनां कहैं पांडु मौनी ति कैसें;
रहे सीसपैं क्रूरको राह जैसैं ॥१९॥
तन्यौ व्रात[8] कन्नातमैं ज्यौं कि तंबू,
जथा अंब्धि[9]के वीच ज्यौं द्वीप जंबू ॥
जट्यो जेवसौं ताहिमैं मेरुव्है ज्यौं,
जुर्यौ कर्न व्हाँ सेरहू फेरुं[10]व्है ज्यौं॥२०॥
भिर्यौ पंडुकोसाथहू छोभ[11]भीनौ,
जतूगेह[12] जारे वहैं नेह चीनौ ॥
करौं आन कुरबान[13] का ध्यान दीनौ,
सरालीनकौ सीसपै मेह कीनौ ॥२१॥

---

(१) भाग गई (२) कायरों की पंक्ति (३) युधिष्टिर को (४) कोलाहल करके (५) कर्ण रूप सिंह को ॥१८॥ (६) शत्रुओं को भगा रहा है (७) जूँवों के फैलाव को ॥ १९ ॥ (८) समूह (९) समुद्र के (१०) शृगाल ॥ २०॥ (११) क्रोध से भरा हुआ (१२) लाक्षा गृह में (१३) निछावर ॥ २१॥

मिली ओपमा मोद दैं चित्त मोहैं,
सुभा उष्ट्रकंटालको[1] पुस्प सोहैं ॥
घने घाय लागे दुहुँ वीर घूमैं,
मनौं हों विभा कौनकी जुद्धभूमैं ॥२२॥
कहौं क्रुद्धकौं[2] कर्नसौ भीम क्यौं मैं,
तितैं कर्नहू भीमसौ क्यौं कहौं मैं ॥
मिली नां तुला[3] जी धरैं धीर धायौ,
उहां कर्नसो कर्नही दृष्टि आयौ ॥२३॥
निहारैं अराती क्रुधा[4] काम नास्यौ,
प्रलैकालको भीमही भीम[5] भास्यौ ॥
चले बान वीरान वीरानकी घां,
धसे श्रोन[6] चद्दू हुदै भूमिमैं ठहां ॥२४॥
मिले चर्म औ मांस औ अस्थि[7] मज्जा[8],
धसे भूमिमैं[9] भी जबैं नैंक[10] लज्जा ॥

(१) ऊंटकटाले का पुष्प कांटों से शोभता है वैसे कर्ण घावों से शोभता है ॥ २२ ॥ (२) क्रोध किये हुए भीम को कर्ण जैसा मैं क्योंकर कहूं (३) उपमा. यहां अनन्वय अलंकार है ॥२३॥ (४) शत्रुलोकों का क्रोध रूप कामदेव अथवा विजय की इच्छा (५) महादेव (६) कानों में ॥२४॥ (७) हड्डी (८) हड्डियोंके सारसे मिले तीरोंको (९) जमीनमें होकर पातालमें (१०) थोड़ीहै लज्जा जिनके ऐसे बाण

कही पार्थनैं नाथ व्हां रत्थ लीजै,
करैं कर्न संवर्त्त ना कर्न दीजैं॥२५॥
भनी सल्यनैं कर्न भो तोर भायो,
अरी चाह जाकी वहैं दोर आयो॥
धरयो भूपनैं जुद्धको भार तोपैं,
उठावैं तथा तूं उठैं ओर कोपैं ॥२६॥
भयो नैंकसो आरसी जो रवीभूं,
कुरूनाह पैहैं भरैं दाहकौं कूं ॥
कह्यो कर्ननैं सल्यकों भी न कासौं,
दुहूँ कृष्णकों मारि कीर्त्ति प्रकासौं।२७।

॥ कविवचन ॥

कह्यो सल्य एही बुरी तोर बातैं,
गहैं भूं सिसू चंद आवैं कहांतैं ॥
उभै गैनं ओ पौन ना मुष्टि ऐहैं,
जुरैं कन्ह का पत्थ जीत्यो न जैहैं॥२८॥
भये द्योसं वैराट वीती ति थोरे,

(१) प्रलय (२) मत करनेदो ॥ २५ ॥ (३) तेरा चाहाहुआ.॥ २६ ॥ (४) आलसवाला (५) कर्ण (६) पावेगा (७) पृथ्वी (८) भय (९) किसीसे भी ॥ २७ ॥ (१०) पृथ्वी पर पड़ा हुआ बालक (११) आकाश ॥२८॥ (१२) दिन

दयानैं लये बस्त्र ओ जीव छोरे ॥
कही उत्तरानैं सुही साच कीनी,
गुडीकाज पोसाक लीन्ही नवीनी॥२९॥

॥ दोहा ॥

पौंछि करन सुन गुन करन, आज अरन नर ओर॥
मम प्रथमहि आयो मरन, तोर मरन प्रियतोर।३०।

॥ छंद भुजङ्गप्रयात ॥

कही कर्न हैं पत्थ ज्योंही कहैं तूं,
गही मैं प्रतिज्ञा न ओसै गहैं तूं॥
हनौं पत्थ हौं कै हनैं पत्थ मोकौं,
बतैहौं इहाँ एकतो सत्य तोकौं ॥३१॥
इती बातकैं साथसौ मंत्र धारो,
सबै साथही पत्थकौं ह्याँ हंकारो ॥
घनै हैं वहैं इक्क हैं स्रांत व्हैं हैं,

(१) विराट राजा की कन्या उत्तराने अर्जुन से युद्ध को जाते समय कहा था कि मेरी डूली के लिये नवीन वस्त्र लाना (२) डूली ॥ २९ ॥ (३) हाथ पौंछकर (४) शल्य कहता है कि मेरे पहले तेरा मरना आगया है; क्योंकि तुझे तेरा मरना प्यारा है ॥ ३० ॥ (५) अभिप्राय ॥ ३१ ॥ (६) बुलाओ (७) थकजायगा, अर्जुन.
नमें हाथ.

जुरैं मोर नाराचतैं जिय्य जैहैं ॥३२॥

॥ अर्जुनवचन ॥

हरौं प्रान राधेयके ह्वैहैं अहोनी,
छयो छद्मकौ जुद्ध यौं कंपि छोनी ॥

॥ पृथ्वीवचन ॥

भरी आजलौं पुत्रकी कीर्ति भातैं,
घरैंगो घरी हिक्कमैं छद्मघातैं ॥३३॥
कवीपद्मके चित्तमैं तर्क ऐसैं,
करैं पुत्र ऐं काम धूजैं न कैसैं ॥
मरैं सत्रु यौं कर्न भो ध्यानि मोनी,
दलौं पत्थकौं हौं भिर्यौ दोरि द्रोनी।३४।
हरीकै हरीकै हरीपूँतहीकै,

---

(१) मेरे बाण से क्या जी जायगा? कभी नहीं ॥ ३२ ॥ (२) कर्ण के (३) यह अयोग्य बात है (४) कपट का युद्ध छाया तब पृथ्वी धूजी (५) पांडु पृथ्वीका पति होनेसे अर्जुन को पृथ्वी का पुत्र कहा है (६) शोभासे (७) घड़ेगा (८) कपट से प्रहार ॥ ३३ ॥ (९) जब पुत्र ऐसे अनर्थका काम करै तो पृथ्वी कैसे न धूजै! किन्तु धूजै ही (१०) शत्रु (अर्जुन) इसप्रकार मरेगा ऐसे विचार बांधता हुआ कर्ण ध्यानयुक्त और मौनवाला हुआ तब (११) अश्वत्थामा ॥ ३४ ॥ (१२) कृष्णचंद्र के (१३) हनुमान् के (१४) अर्जुन के

दये बान द्रोनी चलाकी[1] रही कैं ॥
गुरूपूतके सूतकौं मारि डार्यौ,
कृपाचार्यकौं बान दैं बार टार्यौ ॥३५॥
ध्वजा औ धनू भूपके[2] तोरि घूम्यौ,
वहां कौन हौ पत्थसौं जो न झूम्यौ[3] ॥
जितेंद्रीयपैं[4] ज्यौं परस्त्री सु जावैं,
मुरैं हायकैं धीरं[5] क्यौं चित्तलावैं ॥३६॥

॥ दोहा ॥

वैर प्रीति समसौं[6] बनैं, गुनी सुनी वह गाथ ॥
सल्य रु हरि दुहुँ सारथी, रथी करन अरु पाथ॥३७॥
हेरँहु[7] हरि[8] हांके हरिन[9], परिय अरिन उर त्रास ॥
पलटे भूषन अच्छरैन[10], वैंरन[11] वैरन[12] वर खांस[13]॥३८॥

(१) चंचलता करके रहगया ॥ ३५ ॥ (२)दुर्योधन के(३) भिड़ा(४)जैसे जितेंद्रिय पुरुष पर परस्त्री जावे और वह हाय हाय करती हुई पीछी मुड़ जाय.(५) जिसके पास गई थी वह जितेंद्रिय पुरुष ॥ ३६ ॥ (६)बराबरी वाले के साथ ॥ ३७ ॥ (७) देखो (८) श्रीकृष्ण (९) घोड़ोंको (१०) अप्सराओं ने कम कीमतके गहने उतारकर बढ़िया कीमती गहने पहने. एकान्तस्थान न होनेसे और लज्जासे कपड़े नहीं बदले (११) पतियों को (१२) वरनेके लिये (१३) वरदानों के भंडार वीर. जमीन में गढ़ा करके धान्य रखने के खड्डेको खास और खोड़ा कहते हैं ॥ ३८ ॥

॥छन्द भुजङ्गप्रयात॥

जुरे कर्न औ पत्थ त्यौं भीम जोधा,
गही नाहि पीछी गई तूटि गोधा[1] ॥
मच्यौ ध्वांत[2] तहाँ पत्थ यों बान मारैं,
न दीखैं रवी[3] जुद्ध जैसौं निहारैं ॥३९॥
पिता चित्तकौ पुत्रनैं मंत्र चीनौं,
हनौं ध्वांत यौं बान दैं ध्वांत कीनौं॥
सुभाँ कर्न पत्रीनि[8] छत्रीन सैट्टैं,
करैं काज सीधे कुंती कौ उलट्टैं[11] ॥४०॥
कहा ध्वांतकौ[12] नासबे ध्वांत कीनौं,
करैं नर्म[13] ताकौ कवी ज्वाब दीनौं ॥
बढी वीर संघातसौं[14] स्वेद[15] वृष्टी,
दई पद्मसूरी तितैं नीर[16] दृष्टी ॥४१॥

(१)गोहके चमड़ेका दस्ताना(२)अंधकार(३)सूर्यको(४)नम लगाकर देखताहै तोभी॥३९॥(५)सूर्य के मन की (६)स लाह को (७) अच्छी है कांति जिसकी (८) बाणों को (९) चलाता है (१०) बुद्धिमान् (११) विपरीत करै इस छंदके पूर्वार्द्ध में तीसरा असंगति अलंकार है॥४०॥ (१२) अंधकार का नाश करने के लिये प्रकाश करना योग्य था ऐसा कोई (१३) ठट्ठा करै तो (१४) वीरोंके समूह से (१५) पसीने की वर्षा (१६) पानी समझा. जो घायल पड़े हुए पानी२ कर रहे थे उनकेलिये ॥४१॥

कटे हत्थि घोरे रथी सूत केते,
यहैं रीति ठ[1]हैं रहे गैल जेते ॥
किते लुत्थपै लुत्थकौं जुद्ध तोलैं,
किते बु[2]त्थपैं बुत्थकी वाह बोलैं ॥४२॥
किते खु[3]ग्गकी धारके अग्ग लग्गैं,
कहैं कोपकैं ते तथा जुद्ध जग्गैं ॥
कहैं कुप्पिकैं के बडे हो अनारी,
कहो का बरैगी खरी देवनारी ॥४३॥
सज्यौ जुद्ध ठहां पार्थनैं क्रुद्धसीमा,
करचौ चंडि[6]की स्वस्तिकौं अस्थि कीमा॥
इ[7]षू अग्नितैं स्रोन घी छौंकि ओटचो,
मसाला गं[8]दातैं घनौ मांम घोटचौ॥४४॥

(१) जितने पिछाड़ी रहे हैं उनकी यह रीति होगी कि पानी पानी करते मरजावेंगे (२) बोटी पर बोटी पड़े ऐसे युद्धकी॥४२॥(३) खड्गकी धाराके अगाड़ी चींठ जावें ऐसा युद्ध करते हैं (४) अप्सरा क्या वरेगी; क्योंकि वरमाला डालनेकेलिये शरीर ही नहीं रहेंगे॥४३॥(५) क्रोधकी है परम हद्द जिसमें ऐसा युद्ध किया (६) देवीके आशीर्वादके लिये हड्डियों का चूर्ण होकर कीमा बनगया (७) बाण रूप अग्निसे रुधिर रूप घीमें छौंककर पकाया (८) गदा से घोटा हुआ मांस मसाला हुआ. अस्थिका कीमा और मांसका मसाला दोनों यथायोग्य होनेसे प्रथम समाधं-

कटारी कढी बीरकी फोरि काया,
लखैं जुद्द यौं जीवकौ ठीक ठाया ॥
उठी दूसरी यौं तुला चित्त चीन्ही,
मनौं पान दे मानकौं सीखदीनी ॥ ४५ ॥
रुपी अग्ग भूरंगमैं सक्ति जो हैं,
श्रवैं बीरता बारुनी जंत्र सोहैं ॥
दिपैं इक्कही कुंतमैं बीर द्वै हैं,
किधौं सारदा नीरकी कावरैं हैं ॥ ४६ ॥
भटाली कटी मध्यसौं जो कटी व्हां,
उडी ऊर्द्धके भागकी जो रटी व्हां ॥
अधोभागकी पंतिकी दीप्ति ऐसैं,
जुलाहा सुतानां सजैं जंत्र जैसैं ॥ ४७ ॥

कार है ॥ ४४ ॥ (१) कटारी का अग्रभाग है यह जीव के बैठने को योग्य स्थान हुआ (२) उपमा (३) बीड़ा देकर प्राण रूप महमानको सीख दी. यहां एकदेशविवर्ति रूपक है ॥ ४५ ॥ (४) बरछी जो रंगभूमि में अगाड़ी रुपी है सो (५) बीरता रूप मदिरा का यंत्र शोभता है. (६) भाले में (७) सरस्वती के जलकी कावड़ें हैं ॥ ४६ ॥ (८) कमरके बीचमें से (९) कही थी (१०) नीचेके भाग की ॥ ४७ ॥

छुछकैं[1] उडैं श्रोनकी तत्र ताना,
कहैं कामरे[2] नोकके तीर नाना[3] ॥
चली तृप्त ह्वै चंडिका यों विचारी,
सिरोपाव दैहैं सजैं वीर सारी[4] ॥ ४८ ॥
किते रुंड[5] नच्चैं किते मुंड गावैं,
जिहां राहु केतू कथा जी जमावैं ॥
नचैं अच्छरी के खरी के निहारैं,
किती कैं सती[6] याद निस्वाँस[7] डारैं ॥४९॥
नचे वीर पच्चास[8] द्वै वीर नच्चे,
छके जीमि जादा भये ताल कच्चे[9] ॥
बखानैं रिखी कै कहैं कालबच्चे,
सुनी भ्रांतितैं डकनी बालबच्चे ॥५०॥

---

(१) यंत्रसे सीधी निकलती हुई धारा (२) उस तानेमें दो दो कामड़े होतेहैं (३) अनेक प्रकारके नोकवाले तीर (४) वीर लोगोंने साड़ी बनाई ॥४८॥ (५) रुंडका नाचना और मुंडका गाना असंभव है सो राहु शिरकी और केतु धड़की जो कथाहै वह संभवपन को जीमें जमाती है (६) जो पति के मरने पर उसके संग जलती है. यहां पतिव्रता का पर्याय नहीं जानना (७) कितनी ही अप्सराएं निश्वास डालती हैं कि ये हमारे पतियों को छीन लेवेंगी ॥ ४९ ॥ (८) बावन वीर (९) ज्यादा जीमकर आपा भूल गये इसीसे तालमें कच्चे होगये, अर्थात् बेताले नाचे ॥५०॥

नची आप बा[1] थो जहां का निहार्यौ,
भगी भूरि भूपै[2] भयौ हास भार्यौ ॥
चले जुद्धपै सूर यौं कूर[3] चूके,
भने भूरि भा का भ्रमैं सूरि भूके ॥५१॥
करी च्यारसौ पत्थके मत्थ प्रेरे,
हर्यौ भी हरी जुक्त दैं दृष्टि हेरे ॥
टर्यौ ना लर्यौ भीमके दाव टेरे,
पिता वैर अद्री मनौं काटि गेरे ॥५२॥
कुरूवीर भागे किते सस्त्र त्यागे,
लगे दौंवनीके जथा जंतु भागे ॥
मिल्यौ पत्थसौं भीम भो साथ भार्यौ,
घरी द्वै दुहूनैं[10] तहां मंत्र[11] धार्यौ ॥५३॥

---

(१)जहां बाकार अर्थात् बाल शब्द था वहां काकार अर्थात् काल शब्दको देखा (२) पृथ्वी पर बहुत भगगई. भूरि शब्द को डाकिनी का विशेषण कियाजाय तो बहुत सी डाकिनियां भगीं. (३) कायर भग गये (४) बहुत शोभा क्या कहैं पृथ्वी के बहुतसे कवि उपमा के वास्ते फिरे ॥ ५१ ॥ (५) कृष्ण (६) इन्द्रके (७) पर्वतोंको ॥ ५२ ॥ (८) वन की अग्निसे (६) मृगादिक (१०) अर्जुन और भीमने(११)सलाह. यद्यपि युद्धके ऐसे क्रूर समयमें सलाह करना योग्य नहीं था तथापि शास्त्र में

टरी भ्रातकी आपकी मोत घातैं,
प्रतिज्ञा करी आदि दे कौन बातैं ॥
रथी पंक्ति[2] कौरूनके पत्थ मारे,
रथीतोंम[3] जुट्टे[4] कुरूके हकारे[5] ॥५४॥
खरे खेल के[6] कै चमू[7] कीन खीनी,
कुपै भीमनै व्हां गदा तृप्त[8] कीनी ॥
बडे आपनौं सुक्ख औ दुक्ख मानैं,
तथा औरकौ चित्त दृष्टांत ठानैं ॥५५॥
भिरैं भूख मोसौं भ्रमौं दुक्खि भारी,
चलै क्यौं दुखी व्है गदा त्यौं विचारी[9]
भगी सर्वसेना खरो कर्न ऐसैं,
गये गाडि [10]गोरे खरी लुत्थ जैसैं ॥५६॥

लिखाहै कि कोई काम करै वह सलाह करके करै यह उपदेश है. सलाह यह थी कि मैं दुःशासन और दुर्योधन को मारूं तब तूं पूरा होश्यार होकर देखना ॥ ५३ ॥ (१) मृत्युका पेच (२) देश (३) समूह (४) भिड़े (५) दुर्योधन के ललकार कर भेजे हुए ॥ ५४ ॥ (६) करके (७) पांडवों की सेना को छीण किया. (८) गदा को तृप्त किया अर्थात् महाभयंकर गदा युद्ध किया॥५५॥ (९) जैसे मैं भोजनके वास्ते दुखी फिरता हूं वैसे यह गदा भूखी है सो कैसे चलेगी ऐसे विचारकर गदा को खूब घपाघी(१०)अंगरेज लोग मुर्देको खड़ा गाडतेहैं ॥५६ ॥

भगी फौजकौं भूतलौं कर्न फेरी,
घने दाँयकैं पाराडवी फौज घेरी ॥
जुटयो सात्यकी ज्वान जन्मेज जैसो,
दुहूँ अस्वहीने दिपै कर्न कैसो ॥५७॥
कटे चाप ह्वां द्रोपदीपुत्र लँट्टे,
कटयौ कैकयाधीशभू संगि कट्टे ॥
भग्यो सौम्य ह्वै जुद्धतैं सौम्य भारी;
महाक्रुद्ध कैकयकी फौज मारी ॥५८॥
हटैं उच्छौं के करैं सब्द हाहा,
गही मुग्धतीं पूर्वसंजोग गाहा ॥
फिर्यौ कैकयाधीसको जोग फाटयो,
अगैं कर्नके पूतको सीस काटयो॥५९॥
मच्यो कर्न पंचालकी फौज मारी,

(१ भूतके जैसे (२) पेच करके (३) घोड़ोंसे रहित ॥५७॥
(४) लचक गये (५) कैकय देशके राजाका कुमार (६)
धृष्टद्युम्न[७]सोम अर्थात् चन्द्रमा है देवता जिसका ऐ-
सा उसका उपासक अर्थात् कलंकी होकर भगा (८) ब-
ड़ा क्रोधवाले कर्णने ॥५८॥ ९ मुग्धा स्त्री के प्रथम संयोग
की कथा (१०) धृष्टद्युम्न ने कर्णके पुत्रको मारा
५९ ॥

रखैं[1] बीज नाही हनौंही द्विजारी[2] ॥
भिरैं भूप पंचालके जुद्ध भूमैं,
धरयौ बान दैं[3] भानुको पूत घूमैं ॥ ६० ॥
जुधामन्यु जन्मेज ज्यौं उत्तमोजा,
सिखंडी रु पार्षत्त[4] त्यों सौम्यओजा[5] ॥
भगे पंचहू भानवी[6] जुद्ध भीतैं,
प्रभूके[7] भजैं पंच ज्यौं पाप[8] वीतैं ॥६१॥
धरैं द्वेस ह्वां कर्नपै भीम धायो,
भिरे भूरि देहू भयो चित्तभायो[9] ॥
जुरे जोग्य दाता कवी जोग्य दोहू,
तकैं[10] तुष्ट अन्योन्य[11] तृप्ती न तोहू ॥६२॥

---

(१) कुलका अंकुर पुत्र पौत्रादिक (२) ब्राह्मण द्रोण का शत्रु अर्थात् धृष्टद्युम्न (३) कर्ण ॥ ६० ॥ (४) धृष्टद्युम्न [५] ठंढे तेजवाले (६) सूर्यके पुत्र कर्णके (७) परमेश्वर के (८) पंच महापाप. ब्रह्महत्या, सुरापान, गुरुस्त्रीगमन, स्वर्ण की चोरी और पांचवां इनका संबंध ॥६१॥ (९) चित्तका चाहा. इसका तात्पर्य यह है कि मरनेकी इच्छा नहीं थी, किंतु भिड़ने मात्रकी थी (१०) मिलाप से प्रसन्न हुए देखते हैं. (११) परस्पर. यहां दोनों जगह धनाभाव और मरणाभाव हेतु है. और मिलाप मात्र प्रसन्नताका कारण है ॥ ६२ ॥

॥ दोहा ॥

कर्न भीम रन करि रहे, पर्यो दुसासन बीच ॥
कब काकी रोकी रुकै, न्योंत बुलाई मीँच[1]॥६३॥

॥ छंदपद्धरी ॥

भिरि भीम दुसासन विकटभाँय[2],
सब लखैं सुभटथैट[3] बँटसहाय[4] ॥
ध्वज धनुष सूत हँनि[5] भीम धीर,
द्रुपदी इत का[6] दिय भाल तीर ॥६४॥
पुनि दुस्सासन धर धनुष तत्थ,
हुव अग्ग गहिय इय बग्ग हत्थ ॥
सँठि[7] सर सार्थिसिर वृष्टि साजि[8],
ऋजु[9] सर द्वादस उर भीम राँजि[10] ॥६५॥

---

(१)मृत्यु. यहां कर्ण सहायताका दुःशासन की मृत्युको न्योता देना व्यङ्ग्य है॥६३॥(२)अद्भुत चेष्टासे(३)समूह(४) वीरता की मरोड़ है सहाय जिनके ऐसे देखनेवाले सब भटों को (५) मारकर (६) द्रौपदी ललाट में है क्या? इस हेतु से ललाट में तीर लगाया; अर्थात् विधाता ने तेरे भाग्य में तीर और मेरे भाग्य में द्रौपदी लिखी है. यहां गूढोत्तर अलंकार से शुद्धापन्हुति अलंकार व्यंग्य है ॥ ६४ ॥ (७) साठ (८) करी (९) सीधी बारह बाणों की (१०) पंक्ति ॥ ६५ ॥

दुस्सासन हिय[1] दिय भीम बान,
इतहैं द्रोपदि आमर्न[2] ध्यान ॥
भरि कोप गदा प्रेरी सु भीम,
उछरि गिर दुसासन मृत्युसीम ॥६६॥
कर रक्खि मुच्छ फिर बत्त भाख,

॥ भीमवचन ॥

ईहिं[3] लेहिं राखि तिहिं उडहिं राख ॥
सुन[4] सकुनि सुयोधन कर्न नीच,
बचावहु याहि हितें[5] चित्त बीच ॥६७॥
द्रुम अक्खि[6] उछरि अंगारसैल[7],
परिग तित दुसासनतूलपैल[8] ॥
हसि हुलसि हिय्य तिहिं वक्त्र[9] हेरि,
भुज ठोकि कह्यौ फिर सीसं[10] फेरि॥६८॥

॥ छन्दमनोहर ॥

पेखे नित निपट नछत्र[11] त्यौं नछत्रपति[12],

(१) भीमके हृदय में (२) मौतका हदके पास॥ ६६ ॥ (३) इस दुःशासन को (४) सुन और नीच इन दोनों शब्दों का शकुनि आदि तीनोंके साथ अन्वय है (५) स्नेह ॥ ६७ ॥ (६) भीम के नेत्रोंसे (७) क्रोध रूप अंगारों का पर्वत (८) दुःशासन रूप पीनी हुई रुई पर (९) उस दुःशासन का मुख देखकर (१०) अपना सिर ॥ ६८ ॥ (११) तारोंको (१२) वैसेही चन्द्रमा को

मांठरकौं[1] मित्र करि मित्रै[2] नित धायो मैं ॥
सिसिर हिमंतहूमैं प्रीति करि रीतिरम्य,
मरुतमिलन घन व्यजनै[3] घुमायौ मैं ॥
हव्यवाट[4] हैव्य[5] दीनौं अतर अमोल लीनौं,
जरँनि हुती न पर वरुन रिझायो मैं ॥
मेरे पुन्य पूरे आज तेरे पुन्य पूरे आज,
मोकों आज पायो तूं रु तोकौं आज पायो मैं।६९।

॥ छंदपद्धरी ॥

पद[11]पद्म तोलि[12] मुखपद्म[13] बुल्ल,
हियपद्मैं[14] दीन्ह असि[15]पद्म हुल्ल[16] ॥

---

(१) माठर नामक सूर्य के समीप रहने वाले को (२) सूर्य का (३) पंखा (४) अग्निकेलिये (५) होमने योग्य पदार्थ (६) सुगंधि पदार्थ. यहां न्याय शास्त्र में प्रसिद्ध होनेसे गंधसे पृथ्वी लेना चाहिये (७) शरीर में ताप नहीं था कि जिस मिससे ठंढकेलिये न्हाऊं तोभी (८) जलके राजा को. यहां आकाशादि पांच भूतों में तुझको ढूंढा परंतु नहीं मिला यह व्यंग्यार्थ है (९) मेरे पुण्य पूर्ण हैं (१०) तेरे पुण्य खतम हो गये ॥ ६९ ॥ (११) चरण कमल को (१२) उठाकर (१३) मुख कमल से बोला (१४) हृदय रूप कमल में दी (१५) खड्ग का अग्रभाग अथवा फल (१६) साम्हनेका प्रहार

मुख फारि रुधिर छिछकार[1] छकि[2],
तिहिं[3] दाटि काटि सिर ताहि तकि[4]॥७०॥
महिष्यादि[5] स्तननकी ज्यौं सुधार,
चंचल[6] सिसु अचवंत[7] वक्त्र[8] फार ॥
तिहिं बेर भीम छवि यौं दिखात,
नवछावर बिच सिसु[9] केक जात ॥७१॥
मंच[10] जिम मेंचिग[11] महि नचिग भीम,
सम रुद्र[12] छबि न छबि रुद्रसीम[13] ॥
यह कर[14] पेंटहर[15] द्रोपदकुमारि,
यह मरयौ करौं का इहिं उखारि[16] ॥७२॥

---

(१) लोहू की ऊपर की ओर निकलती हुई धारा से (२) तृप्त होकर (३) उस दुःशासन के पैरसे दबाकर (४) उस दुःशासन को मरा हुआ देखा ॥ ७० ॥ (५) भैंस बकरी आदि के स्तनों के दूध की[६] धैर्य रहित. क्योंकि दूध पारी में निकाल गर्म कर कटोरे में डालकर पावें इतनी देरको नहीं सहनेवाले (७) पीता है (८) मुंह फाड़कर (९) बालक ॥ ७१ ॥ (१०)रथादिके मांचके जैसी(११)पृथ्वी ऊंची नीची हुई और इधर उधर भी हुई(१२)प्रलयकाल के महादेव की कांति के बराबर नहीं है(१३)रौद्ररस की हद पर पहुंची हुई भीम की कांतिके साम्हने(१४)यह हाथ (१५) वस्त्र को शिरसे खींचनेवाला है(१६)उखाड़कर. तात्पर्य यह है कि यह जीता होता तो जीते का हाथ उखाड़ता ॥ ७२ ॥

हरि सीस ताहि हुव हद हुस्यार,
अब स्यारें घसीटहिं तोर यार ॥
इम कहिय गहिय गति नचि उतॉल,
तित्तृकिट तृकिट धिक्तृकिट चाल॥७३॥
तुन्नाकिट किटतक ताकिट तित्थ,
धुमकिट धाधाकिट धकिट धित्थ ॥
किटतिकथुन् था था थकिट थुन्न,
धृक्किटतिक धिक्किट ध्रिकिट धुन्न ॥७४॥

(१)मस्तक काटकर(२)तेरे मित्र शृगाल हैं; अथवा तेरा यार दुर्योधन उसके सिरको भी ऐसे ही स्यार खींचेंगे (३) संगीत के छंदको ग्रहण करके. जिसको गानेवाले गति कहते हैं (४) उतावला नांच. यहां तित्तृकट से आदि अर्थ रहित वर्णोंका अनुकरण जो धिक्तृकिटादि तक. इन पदोंको गवैये लोक तिरिवट के बोल कहते हैं परन्तु यहां ऐसा मालूम होता है कि समस्त व्यंजन अक्षरों में कितनेक तो मृदंगके बाएं मुख से और कितनेक दाहिने मुखसे और कितनेक दोनों मुखों से निकलते हैं. वह वर्णों के नियम की परिपाटी लुप्त होगई. हम हमारे विचार से कुछ कहते हैं कि जैसे कवर्ग का पहिला अक्षर ककार, तीसरा अक्षर गकार और पांचवां अक्षर ङकार ये तो दाहिनी तरफसे निकलने चाहिये. दूसरा खकार और चौथा घकार ये बांई तरफसे निकलने चाहिये. ऐसे ही शेष चारों वर्गों को जानो. और यका-

त्रिक्टि त्रिक्टि तृक त्रिकिट तार,
धाधाधिन् धाधिन धिंधि धार ॥
गिद्गिन् गिद्गिद्गिन् गिद्गिनू गिद् गिद्
गिनू घोर,
धुम्किट धाधाकिट धकिट धोर ॥७५॥
नट नचिग भीमरट नचिग नेच्च,

रादि जो आठ अक्षर पीछे रहे थे और कितने ही अक्षर पांचों वर्गों के दोनों तर्फ से निकलने चाहियें. और घकार तो इस वक्त भी निकलताही है. संस्कृत और भाषा के कवि इन बोलों को छंद में लाते हैं. जैसे चंद कविने रासेमें दिखाया है. "ततत्थई ततत्थई ततत्थई सुमंडियं, तथुंग थुंग थुंग थे विराज काम दंडियं ॥" और महाकवि ठाकुर साहिब सूर्यमल्लजी हमारे भाषागुरु, वंशभास्कर ग्रंथ के रामसिंहचरित्र में नाराच छंदमें, "तक्कं कुक्कं कुक्कं कु थिरथ थिरथ ततथ तंडई" । और दूसरे प्रकरण में मुक्तादाम छंदमें " थेई थेई नच कबंधन जूक, बने जहां कातर पत्र बघूक"॥ रावण ने शिवताण्डवस्तोत्रमें "धगद्धगद्धगज्ज्वलल्ललाटपट्टपावके ॥ धिमिं धिमिं धिमिं ध्वनन्मृदङ्गतुङ्गमङ्गलम्" ॥ इसप्रकार मैंने भी इस छंद में कहे हैं. मेरी गानेमें रुचि अधिक है इससे ये बोल मैंने अधिक कहे हैं. इनका अर्थ मैंने नहीं लिखा ॥ ७३ ॥ ७४ ॥७५॥(१)जैसे नट नांचे वैसे भीम नाचा (२) वीरोंके नृत्य में.

गुनि सोक कीच कुरु गचिंग गच्चे[2] ॥
परि श्रमि[3]त स्वेद[4] गन बुंद पूर,
मौक्तिक नवछावर कीन्ह हूर[5] ॥७६॥
सर[6] सुकिग धुकिँग[7] धर रुकिग सूर,
कति मचिं[8]ग रचिं[9]ग रन लचिग कूँ[10]र ॥
भुज ठोकि कीन ललकार भीम,
सुन कर्न सुयोधन कुकृत सील ॥७७॥
धिनधिन्न दिवस रनभूमि धिन्न,
भिरि किन्ह दुसासन वच्छ भि[11]न्न ॥
पृ[12]थु कीन प्रतिज्ञा श्रोन[13]पानि,
घन घूँ[14]र्न घूर्न हुव पूँ[15]र्न आनि ॥७८॥
धँ[16]पि रै[17]न निछावर भइ न अँ[18]त्र,

(१)कलीजगये(२)कलीजनेके समय शब्द का अनुकरण है (३)थके हुए भीमके(४)पसीनेकी बूंदोंका समूह(५)अप्सराओं ने मानों मोतियों की न्यौछावर की ॥ ७६ ॥ (६) तलाव सूखगये (७) पृथ्वी झुकगई (८) उन्मत्त होगये (९) खुश हुए (१०) कायर लचगये ॥ ७७) (११) विदीर्ण किया (१२) बड़ी (१३) रुधिर रूप पानी (१४) घूमती घूमती (१५) पूर्ण हुई. मेरी प्रतिज्ञा ॥ ७८ ॥ (१६) हे विशोक! (१७) धन नहीं है. (१८) इस युद्ध भूमिमें.

किल गइ न करहुँ वै[1] इहिँ[2] कलत्र ॥
मधु[3] मधुर सिता[4] अरु अमृत मान,
कुर्बान[5] सबहि पेह[6] पान आँन ॥७९॥
करि बत्त[8] बहुरि ललकार[9] कीन,
उनमत्त[10] प्रथम पुनि मद्य पीन ॥
हो भीम[11] भीम पुनि ओन[12] पान,
भट भगैं क्यों नलहि लहि स्वमान ॥८०॥
कुपि भीम बहुरि[13] इकर अकृत कीन्ह,
पुनि मृतक उर चुलुक ओन पीन्ह ॥
भट चित्रसेन लघु कर्न भ्रात,
परि युधामन्यु परि मन्यु[14] व्रात ॥८१॥

(१)निश्चयसे(२)इस दुःशासनकी स्त्रीको(३)शहद(४)मिश्री (५) न्यौछावर है (६) रुधिर रूप पीना (७) और ही है. यहां भेदकातिशयोक्ति अलंकार है ॥ ७९ ॥ (८) अपने मनसे अथवा विशोक के साथ (९) सिंहनाद किया(१०)दिवाना तो था ही और फिर मद्यपान किया इससे दुष्ट भ्राता के रुधिर पान रूप कार्य अकरणीय था वह करणीय हुआ (११) पहले भीम भयंकर तो था ही (१२) रुधिर ॥८०॥ (१३) फिर. इसका अभिप्राय यह है कि जीते हुए भाईका रुधिर तो पहले पिया ही था मरे हुए भाईका फिर पिया (१४) क्रोधका समूह रूप ॥ ८१ ॥

तकि तानि बान दिय चित्रकेतु,
हुव सारथि रथि अतिक्षत[1] अहेतु[2] ॥
कुपि जुधामन्यु हनि चित्रकेतु,
हेरि तनु हरखि मन मल्लम[3] हेतु ॥८२॥
भिरि भ्रात कर्न सुत कर्न भूरि,
चरसरन[4] अरिन तनु कीन चूँरि[5] ॥

॥ दोहा ॥

जिहिं विधि न्यारयौ[6] धूरिबिच, द्रव्यलखतसुखँ[7] सीम ॥
तिहिं विधि तिहिं[8] हिय कुटिलता फुकि फुकि[9] हेरत भीम ॥ ८३ ॥

---

(१) बहुत घाववाले हैं शत्रु जिनके (२) विना कारण (३) इसका शरीर मेरे मल्लनके अर्थ आवेगा. जीते हुए इसका शरीर अतिकायर और दान रहित होनेसे कुछ कामका नहीं था, अब मरे हुए का काम आता है॥८२॥ (४) चंचल बाणों से (५) चूर्ण कर दिये, अथवा चूर्ण करके सूक्ष्म करदिये. (६) कारीगर विशेष. जमीन की धूल में अथवा सोनारों की राख वगैरःमें द्रव्यादिक मिले उसको ढूंढकर जीविका करनेवाला (७) परले दर्जे का सुख मानकर (८) उस दुःशासन के हृदय में (९) छाती फाड़कर दुर्जनता को

पटु[1] अमात्य सिसु[2] स्वामिको, हरखि होत गृहहेर
त्यौं दुर्जनता ताहिहिय, भट हेरी तिहिंवेर॥८४॥
ज्यौं उजारमैं अंध[3] कर, स्वर्न[4] रत्न गिरिजाय॥
चुप चुप तिहिं हेरत तथा, हेरत[5] भीम कुभाय।८५।

॥ छंदपद्धरी ॥

मृतक[6]कौ कहिय गौ कहिय[7] मोहि,
तृषित जलरुधिर पिय मारि तोहि॥
घर्न[8] घाय भखहुँ लघु[9]भ्रातघास,
खैहौं[10] दुरजोधन बंट[11] खास॥ ८६॥
दिय गरल[12] मरनहित सैरल[13] भ्रात,
जतुगेह[14] जरावन नेह[15] ख्यात॥
द्रौपदि विनु वस्त्रन लिय घसीट,

हूंढा ॥ ८३ ॥ [१] चतुर मंत्री [२] बालक ॥ ८४ ॥ (३) अंधेके हाथ से [४] सुवर्ण (५) खराब चेष्टावाला ॥ ८५ ॥ (६) मरे हुए अर्थात् दुःशासन को भीम ने कहा [७] मुझको तूने गौ कहा था (८) बहुत से घाव देकर (६) छोटे भाइयों रूप घासको [१०] खाऊंगा(११) अच्छा बांटा काकड़े खलादिक ॥ ८६ ॥ [१२]जहर [१३] तेरे सीधे भाई अर्थात दुर्योधनने[१४]लाखके घरमें[१५) तेरे भाई की प्रीति प्रसिद्ध होगई

केटु वरन कहे श्रुति झरन कीट ॥८७॥
उन फलन जिमायो तोहि आज,
सेसैन[3]हित थिंत मोदक समाज ॥
हनि दुरजोधन सिर प्रपद्पात,
भिरि करन रुधिर[6]घट छकहुँ भ्रात॥८८॥
विकराल यनिग तिहिं काल वाँम,
सब दर्ण्ड विसरि किय प्रीति साम ॥
देख्यो न जात मनु मिलिग काल[10],
हग ढकित जथा लखि रविहिं वाल।८९।
हुव दुखित सुयोधन भूत[11] हेर,
हुव दुखित कर्न कहि सल्य फेर ॥
इहि[12] हत्थ न मृति मृति[13] पत्थ हत्थ,

---

(१)ये तेरे पति योग्य नहीं दूसरे पति धारण कर इत्यादि (२)जिनको सुननेसे कानोंके कीड़े झड़जावैं॥८७॥(३)बाकी के आदमीयोंके लिये[४]रक्खे हैं(५)ठोकर(६)रुधिर के घड़ों से तृत होऊंगा. यहां भोजनोत्तर तक्र तरलादि (छाछ-राब आदि) के स्थानापन्न रुधिर घट समझना ॥ ८८॥
(७) टेढ़ा [८] दण्ड उपाय को भूल ही गये (९) साम उपाय से प्रीति की. तात्पर्य यह है कि भीमकी खुशामद की कि यह हमको न मारे (१०) यमराज ॥८९॥
(११) दुःशासन को [१२] इस भीमके हाथ तेरा मरण नहीं है [१३] अर्जुन के हाथ तेरी मृत्यु है

सुत अंध अंधे दस मिलिग सत्थ ॥९०॥
कवची१ निखंगि२ पासी३ रु खंड४,
धनुर्धर५ दंडधर६ सह७हु चंड ॥
अलोलुप८ सुवर्चस९ वातवेग१०,
दसंन किय दसभुजी चंडि देग ॥९१॥
कर्नसुत लर्न वृषसेन कोप,
रुकि भीम इतैं कहि पैंररोप ॥
विचहिं कहि नकुल इत अरहु वीर,
वृषसेन धनुष ध्वज कटिंग तीर ॥९२॥
विउ सेन एक वृषसेन वीर,
अरिसेन कीन जिम फेंन नीर,
तिहिं वेर कुरुन भट द्वै हजार ॥
भट नकुलहिं रोक्यो सञ्जवाँर ॥९३॥
भट नकुल सबन तून गनि विदारि,

---

(१)भीमको जानते हुए भी अजान होकर दुःशासन का वैर लेनेकेलिये भीम से भिड़े॥९०॥ (२)दशोंको मारकर देग करदी (३) दश भुजावाली चंडीके जीमनेकेलिये. यहां देवीका दशभुजी विशेषण साभिप्राय होने से परिकर अलंकारहै॥९१॥(४)अचल होकर खड़ारह(५)कटगया. नकुल के बाणों से ॥ ९२॥(६) बुदबुदे इधर उधर फिरते होवैं जैसे (७) शस्त्रों के समूह से वा प्रहार से ॥ ९३ ॥

मारे वृषसेनहिं तीर मारि ॥
वृषसेन लपे षट बान हस्त,
नकुलकी खड्ग[1]धुंत कीन ध्वस्त ॥९४॥
खटराग[2] करैं जगजीव[3] जेर,
वृषसेन अरागैंहिं[4] भट झँझेर ॥
वृषसेन नकुलकौं विकल वीख,
भीमसौं जुद्धकी जाचि भीख ॥९५॥
भट इक्क[5] द्वै नकुल रु भीम भ्रात,
थकिरहे[6] जुद्ध करि लरथरात ॥
कित याके उनके तिग्म[7] तीर,
वृषसेनहिं झेल्यो पत्थ[8] बीर ॥९६॥
द्रुपदासुत पंच रु द्रुपदवार,
जुजुधान[9] अग्र हुव धनुर्धार[10] ॥
कृप भोज द्रोनि[11] वृकराज क्रूर,
सकुनिय आदिक साजि लरन सूर॥९७॥

---

(१) तलवार से नष्ट करदिया ॥ ९४ ॥ (२) मालकोशादिक, अथवा हिंडोल मेघादिक (३) जगत्के जीवों को (४) क्रोधसे ॥ ९५ ॥ (५) इकला वृषसेन दोनों नकुल और भीम. (६) घबरारहे हैं (७) तीक्ष्ण (८) श्लेष से भाई और बहादुर ॥ ९६ ॥ (९) सात्यकि (१०) धनुष धारण करनेवाला (११) अश्वत्थामा ॥ ९७ ॥

विस्वांग[1] हस्यौ कृप हॅयन वर्ग,[2]
सर आसिष दैं ति[3] हिं दीन स्वर्ग ॥
आयो कुलिंदनृप भ्रात चाल,
कोप्यौ दुरजोधन अपर काल[4] ॥९८॥
गजजुक्त हन्यौं गजपुरप[5] गाज,
सुत कुपि कुलिंद लिय क्राथ साज ॥
वृषसेन धनुष धरि पकरि बान,
अप लप नर[6] भीमहिं दीन्ह तान ॥९९॥
द्वादस हरि[7] नकुलहिं सप्त दीन,
करनसुत करनसम समर[8] कीन ॥
सजि पत्थ कहिय सुन पुत्रसूत,[9]
हौं होन उहां तित हनिय पूत[10] ॥ १०० ॥
तूं लखहु सुयोधन द्रोनि सर्ब,
तव पुत्र पछारौं याहिपर्ब[11] ॥
सुन सकुनि दुसासन कपटसूर,[12]

(१)नाम (२) कृपाचार्य के घोड़ों के समूह को मारा (३) विश्वाङ्गको (४) मानों दूसरा यम ॥ ९८ ॥ (५) हस्तिनापुर के स्वामी दुर्योधन ने (६) अर्जुन के लिये ॥ ९९ ॥ (७) श्रीकृष्ण के (८) युद्ध (९) हे कर्ण! (१०) मेरा पुत्र अभिमन्यु ॥१००॥ (११) इसी समय (१२) हे दुःशासन के जैसे कपटी वीर! दुःशासन को अभी

कलिजुग दुरजोधन अतिहि क्रूर ।१०१।
बड कलह मूल तूं चहुँन बीच,
निरखि सुतमृत्यु जल लेहु नीच ॥
तव सेज स्वर्गमैं करि तयार,
वर पुत्र सुवावहिं करि बयार ॥१०२॥

॥ दोहा ॥

तव देखत तव पुत्र हनि, तोहि पछारहुँ फेर ॥
भीम भमावहिं भूपतवं, हसहिं भूप मम हेर१०३

॥ छन्दनिशानी ॥

इम कहि पत्थ कबान गहि धर धूजि धँसकी,
हूरं हरख कातरतती करि कूकं कसकी ॥
दैं द्रै सर वृषसेन कंर काटे मति चैंकी,
दैंश्रुति सर उरमांहिं सिर कट्टिय छबिथकी१०४

फल मिला है (१) कलिका अवतार (२) निर्दय ॥१०१॥ (३) पूर्वोक्त चारों में (४) हे नीच! तू पहले ही जलांजलिकेलिये जल ले. यहां मरण रूप कारण से जल लेने रूप कार्य पहले कहा जिस से अक्रमातिशयोक्ति अलंकार है ॥ १०२ ॥ (५) राजा दुर्योधन को (६) युधिष्ठिर ॥ १०३ ॥ (७) कुछ नीचेको गई (८) अप्सराओं के (९) भगगये. यहां हूरोंके हर्ष रूप प्रतिबंध होने पर भी कायरों का भगना होने से तृतीय विभावना अलंकार है (१०) हाथ (११) अस्थिर हुई. वृष सेनकी वा कर्णकी ॥१०४॥

कर्न पूतको मर्न तकि पत्थ सुछवि तक्की,
आयौ अतिबाजे बजे खुल्लिय बंहरक्की ॥
कन्ह कढ़िय स्वेतध्वजा गजकंत्त पैरक्की,
सोर अपार सतांगकी जांझें झननक्की॥१०५॥
घोरेंन गंल पद घोररव गुघराल्लि घमक्की,
ढोल नगारन ध्वानतैं कातर धंकधक्की ॥
गजघंटा घननाटतैं घनपंति दंबक्की,
हेर पीठ आयो करन हुव दल हकबक्की ।१०६।
अग्ग भगें पंचाल भट थिरता मति थक्की,
पत्थ जुरयौ न मुरयौ करन पोलाद ति पक्की॥
हरें बर मम जय अक्खि नर हरिजोरी हक्की,
त्यौं नर कर्नहु परस्पर चंचलता तक्की॥१०७॥
भिरि बारिधि द्वै बीररस वडवाग्नि भभक्की,

(१) छोटी झंडियें (२) हाथी की वरआ अर्थात् तंग उसका है चिन्ह जिस ध्वजा में (३) ध्वजा का फलफलाहट हुआ (४) रथकी ॥ १०५ ॥ (५) घोड़ों के (६) कंठ और पैरोंमें (७) भयंकर शब्दवाले (८) शब्द से (९) धूजने लगे (१०) तिरस्कृत हुई. यहां पांचवां प्रतीप है ॥ १०६ ॥ (११) वे दोनों अर्जुन और कर्ण (१२) महादेव का (१३) घोड़ों की जोड़ी को ॥ १०७ ॥ (१४) समुद्र (१५) परिपूर्ण उत्साह. जलतुल्य. यहां उपमा

रुपाल लखैं दल द्वै खरे लग्गिय इकटक्की ॥
हत्थीरथ हय ध्वांत धुनि घन आर्पुन ढक्की,
अच्छर बरमाला कढी बरमाला तक्की ॥१०८॥
फटकारे दोहून भुज कटु बातैं बक्की,
॥ कर्णवचन ॥
नच्चिंय नच्च विराटछबि सुचि रसिकन तक्की ॥
॥ अर्जुनवचन ॥
तितहू भग्गल आप हुव रुद्र बीर रसकी,
करन रु नर निजबान तकि गुनबांनहिंतकी१०९
उभयें भट्टथट्टें पिट्ठि पर आगैं नैंर अँक्की,
मच्चि दुहू रनभूमि विच किटिं तुंड मचक्की ॥
चौंप लखैं रनदल दुहू देवाली चक्की,
किते सराहैं करनकौं रनमति छबिछक्की११०

अलंकार व्यंग्य है (१) अंधकार ने (२) शब्द ने (३) मेघको (४) आपन श्रीकृष्ण और अर्जुन को (५) वरने की माला (६) पतियों की पंक्ति ॥ १०८ ॥(७)तू विराट नगर में नाचा था (८) उस विराट में भी (९) भाग नेवाला (१०) धनुष को ॥ १०९ ॥ (११) दोनों के (१२) योद्धाओं के समूह (१३) अर्जुन(१४) कर्ण (१५) बराह के मुखके अग्रभाग ने (१६) देवताओं की पंक्ति (१७) आश्चर्य को प्राप्त हुई ॥ ११० ॥

पत्थ सराह[1] सुराहतैं[2] असुरालि अटक्की,
सक्कहिं[3] बंदि[4] सुवक्क[5] कहि सुर्क[6] सुभ्कर सक्की ॥
अर्कँ[7] सुडोल[8] अलोल नमि इमही[9] हुव अंकी[10],
बक्कै[11] वंक्क[12] विहु थंक्करे बेला वहु वक्की।१११।

॥ छप्पय ॥

[13]महिमनिनिधि[14]पनिसँ[15]दबासुक्कियतक्षकवसुगहि
विस्वेदेव रु मरुत रुद्र अस्विनिकुमार कहि ॥
ऋषि चारन सुचि[16] सिद्धलि द्विज खँग[17] वरसा-
गर ॥
वेद पुरान रु जज्ञ सरितँ[18] पर्वत दस दिस वर ॥
[19]ससि पितृ रु देवऋषि राजऋषि ब्रह्मऋषि रु
गंधर्व वर ॥

---

(१) अर्जुन की प्रशंसा रूप अच्छे मार्ग से (२) दैत्यों की पंक्ति (३) इंद्रको (४) नमस्कार करके (५) अच्छे वाक्य कहकर (६) अग्नि की ज्वाला के जैसा दीप्तिमान् अर्जुन इन्द्रको नमस्कार कर अच्छे वाक्य बोला (७) सूर्य को (८) अच्छे आकारवाला (सूर्य) (९) अग्नि सदृश(१०)कर्ण(११)वाक्य कहने में(१२)दोनों वक्र थे॥१११॥(१३)पृथिवी (१४) पद्म आदि नव निधान (१५) शेष, कठ, इत्यादि (१६) पवित्र (१७) पक्षी (१८) नदी (१९) चन्द्रमा

श्रीद[1] यम[2] वरुन औषधि विटपि[3] अच्छर इन क-
हि वाह नँर ॥ ११२ ॥
राक्षस दानव दैत्य जातुधान रु पच्छी औहि ॥
अच्छर गुह्य नछत्र पिसाच रु भूत प्रेत कहि ॥
आदित्य रु विस[6] सूद्र पलाहारिय[7] जिय जलचर
पक्षपात[8] कर कहत करन सम नर न[9] संमरधर[10]
समटि सब सुभट थट थटिय रन या सम कौ
पौरुष[11] करिय ॥
सरकेहिं[12] न बिजय लंगर[13] सरिस पेखहु इहिं पैरन[14]
परिय ॥ ११३ ॥

॥ दोहा ॥

पच्छपाति जे पत्थके, कहत धन्य तूं पत्थ ॥
विजयछांहज्यों[15] जगविदित, सदा रहत तव सत्थ ११४
विद्याधर हरि[16] हर[17] रु विधि[18], आये देखन जुद्ध ॥

(१)कुबेर(२) यमराज (३) वृक्ष(४)इन सबोंने अर्जुनको धाह वाह दी ॥ ११२ ॥ (५) सर्प (६) वैश्य (७) मांस खानेवाले जीव (८) तरफदारी (९) कर्ण जैसा अन्य पुरुष या अर्जुन नहींहै(१०)युद्धको धारण करनेवाला(११) बल(१२)नहीं जावैगी(१३)जहाज ठहराने की लोह की सांकल तुल्य (१४) कर्ण के पैरोंमें पड़ी है ॥ ११३ ॥(१५) छाया के जैसे॥११४॥(१६)विष्णु(१७)महादेव(१८)ब्रह्मा

कोउ कहत नर उद्ध नहिं, करन उद्ध दे उद्ध११५
अग्ग भयो नहिं व्है नदी, यों यह अद्भुत जुद्ध ॥
जुद्ध छोडकैं परसपर, कौतुक इक्खहु उद्ध११६
सहस्रार्जुन रु राम सिव, विष्णु ज्यौंहि द्वै वीर ॥
इन बिच न्यूनाधिक न इक, ज्यौं तटनीकी तीर

॥ छंदनिशानी ॥

भाखि इन्हैं हुव परसपर आनंदित भारी,
दोहूं उद्भट देखि सुर कुसुमावलि डारी ॥
कूदि करन रत्थपै परचौ द्रोनाचलधारी,
फिरकीलौं फिर नखनतैं ताकी ध्वज फारी११८
करन कह्यौ ज्यों मैं मरूं तैं कौन विचारी,
सल्य कहिय मैं इनहुं नर व्है कैं धनुधारी ॥
मारैं जो तुहि पत्थ तो कहि कत्थ मुरारी,
मैं व्है कैं रथि करनकौं मारहुं मम वारी ११९
देख्यौ कन्हहिं सल्यनैं दृष्टी विषवारी,
धरि हरि दृष्टिय सल्यपैं का सुसुधा धारी ॥

